kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-236 | रविवार, 28 सितम्बर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



इंडिया गठबंधन के नेता हिंदू धर्म को खत्म करने की साजिश रच रहे हैं। आपको याद होगा कि 2024 में श्री गांधी के मुंह से निकल गया था कि हम शक्ति से लड़ रहे हैं। सुधांशु त्रिवेदी

बब्बर खालसा इंटरनेशनल का आतंकवादी परमिंदर सिंह उर्फ पिंडी यूएई से भारत प्रत्यर्पित 11

सीएम धामी ने दुकान-दुकान जाकर जीएसटी की घटी दरों के लाभ बताए 12

## संक्षेप

### ओम प्रकाश राजभर को मिली अस्पताल से छुट्टी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर की तबीयत में सुधार होने के बाद रविवार को मेदांता अस्पताल से छुट्टी मिल गई। चिकित्सा अधीक्षक मेदांता की ओर से जारी किए गए मेडिकल बुलेटिन के अनुसार, सुभासपा अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर को रविवार 21 दिसम्बर को दोपहर 3.55 बजे मेदांता अस्पताल लखनऊ के आपातकालीन विभाग में लाया गया। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक ने बताया की उनका इलाज अस्पताल के विशेषज्ञ डाक्टर अनूप कुमार ठक्कर व डाक्टर राकेश मिश्रा (न्युरोलॉजी) की देखरेख एवम् निगरानी मे चल रहा था। मेदांता अस्पताल के विशेषज्ञ डाक्टरों के अथक प्रयासों से उनकी सेहत में सुधार हुआ है एवं आज उन्हें स्थिर स्थिति में डिस्चार्ज किया जा रहा है।

### लखनऊ-आगरा हाइवे पर सड़क हादसा, चार मजदूर की मौत

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश के जनपद उन्नाव में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर शनिवार को सड़क हादसे में चार मजदूरों की मौत हो गई। वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने बताया कि बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र अंतर्गत माइलस्टोन 257 से 258 के बीच गंगा एक्सप्रेस-वे को जोड़ने के लिए इंटरचेंज बन रहा है। इसमें भारी संख्या में मजदूर काम कर रहे हैं। इस दौरान लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर आज सुबह एक तेज रफ्तार आर्टिका कार (एचआर 51 सीसी 2380) डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेन पर काम कर रहे कर्मचारियों को रौंदते हुए पलट गई। घटना के बाद हाइवे पर वाहनों का भीषण जाम लग गया। सूचना पाकर स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने हादसे में मृत चार कर्मियों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जबकि घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। सभी मृतक अपने परिवार के अकेले कमाने वाले थे। ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतकों के परिजनों को मुआवजा दिए जाने की मांग की है। एसपी ने बताया कि घटना में प्रत्यक्षदर्शियों से पता चला है कि कार का टायर फटने की वजह से चालक नियंत्रण खो बैठा और कार बेकाबू होकर डिवाइडर को तोड़ते हुए मजूदरों को रौंदते हुए निकल गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### चुनाव आयोग चार-पांच अक्टूबर को करेगा बिहार का दौरा

**नयी दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयोग की टीम बिहार में विधानसभा चुनावों की तैयारियों की समीक्षा के लिए चार और पांच अक्टूबर को बिहार का दौरा करेगी। श्री कुमार के साथ चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधु और डॉ. विवेक जोशी और आयोग के वरिष्ठ अधिकारी भी पटना जायेंगे।

# मौलाना भूल गया किसका शासन है

## बरेली बवाल पर मुख्यमंत्री बोले-ऐसा सबक सिखाएंगे, तुम्हारी पीढ़ियां दंगे करना भूल जाएंगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। राजधानी लखनऊ स्थित होटल ताज में शनिवार को 'विकसित उत्तर प्रदेश विजन 2047' के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हिस्सा लिया। इस मौके पर यूपी के विकास और आने वाले समय में प्रदेश के विकास के लक्ष्य पर चर्चा हुई। इस दौरान अपने संबोधन में सीएम योगी ने प्रदेश में कानून व्यवस्था से लेकर एक्सप्रेसवे, मेट्रो और अन्य विकास कार्यों पर अपनी बात रखी। उन्होंने अशांति फैलाने वालों को सख्त लहजे में चेतावनी दी।

बरेली में देखा होगा वह मौलाना भूल गया कि शासन किसका है। कहता था, धमकी देंगे कि हम शहर जाम कर देंगे। हमने कहा ना तो जाम होगा ना ही कर्फ्यू लगेगा। बल्कि, ऐसा सबक सिखाएंगे की आने वाली पीढ़ियां याद रखेंगी। 2017 से पहले यही होता था। लेकिन अब हमने ऐसे बैरियर को लागू किया। चुन-चुन करके ऐसे लोगों को सबक सिखाया। वह जिस भाषा में समझना चाहते थे, उस भाषा में उन्हें समझाया।

पहले सरकारों ने हर जिले में एक माफिया दे दिया था। जिले की सत्ता माफिया को चलाने की छूट दी गई थी। हर व्यक्ति अपनी पहचान को मोहताज था। खेती-बाड़ी चौपट थी। नौजवानों की नौकरियों पर सेंध लगाती थी। उनकी नीलामी होती थी। चाचा-भतीजा वसूली के लिए निकल पड़ते थे। वसूली का गैंग चलता था। ट्रांसफर और पोस्टिंग में उनके दलाल बोली लगाया करते थे। हमने उनके अनैतिक और अवैध व्यापार पर प्रहार किया है। उनके चेले चिल्लाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

सीएम योगी ने कहा कि 11वीं सदी में भारत के अंदर भारत की आबादी 60 करोड़ थी। भारत आर्थिक गतिविधियों के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में था। चंद्रगुप्त मौर्य के समय में ग्लोबल इकॉनमी में भारत की हिस्सेदारी 40 फीसदी थी। 11वीं सदी आते-आते यह घटकर 30 फीसदी तक रह गई। 17वीं सदी में भारत 25 फीसदी पर सिमट गया। उस समय आधी से ज्यादा आबादी खेती पर निर्भर थी। शेष आबादी लघु और कुटीर उद्योगों में लिप्त थी। भारत में अंग्रेजों ने पेस्टिसाइड और केमिकल भेजें। शुरू में परिणाम अच्छे रहे, लेकिन बाद में बेहद खराब परिणाम आए। अंग्रेज भारत से 32 ट्रिलियन डॉलर के बराबर सोना लूटकर अपने साथ ले गए। विदेशियों ने भारत को लूटकर अपने आप को समृद्ध किया है। अंग्रेजों ने उद्योग धंधों को समाप्त किया। कौन नहीं जानता भारत टेक्सटाइल का हब था। भारत के पास को सब कुछ था, जो दुनिया को चाहिए था। दुनिया का पहला विश्व विश्वविद्यालय तक्षशिला भारत ने दुनिया को दिया। दक्ष भगवान राम के अनुज भरत जी के पुत्र थे। पाणिनि जन्म भी वहीं हुआ। वहीं चरक हुए। जिन्होंने आयुर्वेद के ग्रंथ इसी विश्वविद्यालय में रचे थे।

सीएम ने आगे कहा कि तक्षशिला विश्वविद्यालय ने दुनिया का पहला मेडिकल सर्जन सुश्रुत के नाम पर दिया। किसी विश्वविद्यालय में जीवक नाम के वैद्य भी थे। अध्ययन पूरा करने के बाद आचार्य से कहा कि मैं जाना चाहता हूं। आचार्य ने कहा कि सामने जंगल में जाओ और बताओ किस वनस्पति में औषधि के गुण हैं। जीवन 15 दिन तक जंगलों में भटकते रहे और अध्ययन किया। लौटकर आए तो कहा कि ऐसी कोई वनस्पति नहीं जिसमें औषधि गुण न हों। सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश की ग्रोथ स्टोरी यही है। हमारा राष्ट्रीय धर्म है कि उत्तर प्रदेश की जितनी आबादी है, उतना ही राष्ट्रीय कंट्रीब्यूशन भी करता दिखाई दे। वर्ष 2017 से पहले भी कोई कल्पना भी नहीं करता था। आज देश के अंदर कुल एक्सप्रेसवे में 55 फीसदी उत्तर प्रदेश के पास हैं। सबसे ज्यादा शहरों में मेट्रो का संचालन उत्तर प्रदेश कर रहा है। 2017 से पहले केवल दो ही एयरपोर्ट लखनऊ और वाराणसी क्रियाशील थे। हम लोग गोरखपुर से ट्रेन से 14 घंटे की यात्रा कर दिल्ली जाते थे। आज गोरखपुर से 14 फ्लाइट चल रही है। 16 एयरपोर्ट आज की तारीख में क्रियाशील हैं। देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट हम अगले महीने देश को समर्पित करेंगे। यह नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट है। अपने संबोधन में सीएम ने आगे कहा कि बीमारू मानसिकता ने उत्तर प्रदेश को बीमारू बना दिया था। पुलिस स्टाफ का परिणाम ● शेष पेज 11 पर

### ...ऐसे लोगों के लिए मैंने बुलडोजर बनाया : सीएम

इसी तरह ऐसा कोई मानव नहीं, जिसके अंदर गुण न हों। लेकिन, एक लक्ष्य होना चाहिए। इसीलिए मैं कहता हूं कि यही वह लोग हैं जो झूठे नारों से समाज को गुमराह करते हैं। जाति और धर्म के नाम पर समाज को बांटते हैं। ऐसे ही लोगों के लिए मैंने बुलडोजर बनाया है। आजादी के समय जिस राज्य का योगदान एक तिहाई से ज्यादा था, आज केवल दो फीसदी रह गया है। भारत 11वीं अर्थव्यवस्था के रूप में सीमित रह गया था, जो आज चौथे स्थान पर पहुंच गया है। जल्द जल्द तीसरे स्थान पर होगा। सीएम योगी ने बोलते हुए आगे कहा कि उत्तर प्रदेश के लोगों की भी आकांक्षाएं हैं। 1947 में आजादी के समय उत्तर प्रदेश का योगदान भारत की आर्थिक प्रगति में 14 फीसदी था। 2016 में जब हम आए तो यह घटकर केवल आठ फीसदी रह गया था। उत्तर प्रदेश देश की सातवीं अर्थव्यवस्था रह गया था। पिछले 8 वर्षों में जो हर एक क्षेत्र में प्रगति हुई है, वह आपके सामने है। साढ़े आठ साल पहले शब्द क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर की कल्पना करना भी एक सपना था। पर्व त्योहार आने से पहले ही उत्पात शुरू हो जाते थे। अब उत्पातियों को सात पीढ़ियां याद आएंगी। उनकी बुरी आदतों को ठीक करने के लिए डेंटिंग-पेंटिंग करवानी पड़ती है।

## बरेली बवाल में बड़ी कार्रवाई

# तौकीर समेत आठ आरोपी भेजे गए जेल

एजेंसी



बरेली। बरेली में शुक्रवार को हुए बवाल के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने शनिवार को मौलाना तौकीर रजा खां समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अलग-अलग थानों में 10 मुकदमे दर्ज किए हैं। मौलाना तौकीर को बलवा कराने का आरोपी बनाया गया है। गिरफ्तारी के बाद मौलाना समेत आठों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

एसएसपी अनुराग आर्य ने कहा कि जुमे की नमाज के बाद अलग-अलग जगहों पर हिंसक प्रदर्शन किया। इसमें अब तक कुल 10 एफआईआर दर्ज की गई हैं। कोतवाली में पांच, बारादरी में दो, थाना किला, प्रेमनगर और कैंट में एक-एक एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने मौलाना तौकीर रजा समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पुलिस 39 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

बवाल के बाद जिले में 48 घंटे के लिए इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। बीएसएनएल क्षेत्रीय कार्यालय के जीएम पंकज पोरवाल ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शनिवार को सोशल मीडिया पर जो पत्र वायरल हुआ है, वह सही है। शासन के निर्देश पर इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। बवाल के मामले में पुलिस ने शहर के अलग-अलग थानों में 10 मुकदमे दर्ज किए हैं। सात मामलों में आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां को आरोपी बनाया गया है। बवाल में 125 आरोपियों को नामजद किया गया है। जबकि ढाई से तीन हजार अज्ञात आरोपी हैं। फाइक एनक्लेव निवासी बरातघर संचालक फरहत और उसके बेटे को बारादरी पुलिस ने जांच के आधार पर मुकदमे में शामिल किया है। शुक्रवार रात से इन्हीं लोगों ने मौलाना को अपने घर में शरण दे रखी थी। बवाल के बाद मौलाना तौकीर रजा खां ने शुक्रवार रात 10:20 बजे वीडियो जारी कर कहा है कि अतीक और अशरफ की तरह मुझे गोली मार दो, मोहम्मद के नाम पर मरना कबूल है। उन्होंने कहा कि वह अब तक नजरबंद हैं। उन्होंने मुसलमानों को मुबारकबाद पेश करते हुए घटना को साजिश करार दिया। मौलाना ने कहा कि मैं आशिकाने रसूल को मुबारकबाद पेश करता हूं। ऐसे खतरनाक समय में इश्क-ए रसूल के नाम पर आप लोग आए। हमने अमन का रास्ता इख्तियार किया था। मोहम्मद साहब के नाम को जो बार-बार ● शेष पेज 11 पर

❒ दस मुकदमे दर्ज, इंटरनेट भी बंद

# सादे कपड़ों में एके-47 लेकर गलियों में घूमी कन्नौज पुलिस, लोग घबराए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। ठाकुरगंज के न्यू हैदराबाद इलाके में एके-47 राइफल के साथ तीन लोगों के घूमने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। रात को मोहल्ले में इन लोगों को घूमते देख स्थानीय लोग दहशत में आ गए। वीडियो वायरल होने का मामला स्थानीय पुलिस के संज्ञान में आया तो जांच शुरू हुई। स्थानीय पुलिस का दावा है कि सादे कपड़ों में पुलिस टीम थी और एक आपराधी की तलाश में आई थी। शनिवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ। जिसमें एके-47 जैसी राइफल के साथ तीन लोग सादे कपड़ों में गलियों में घूमते दिखाई दे रहे हैं।

वीडियो में दो युवक आगे चल रहे हैं और एक युवक एके-47 जैसी रायइफल लिए पीछे चल रहा है। इन लोगों को कुछ घरों के पास टार्च लगाकर किसी का पता लगाते हुए भी देखा जा रहा है। हालांकि वायरल वीडियो की कैनविज टाइम्स अखबार पुष्टि नहीं करता है। सादे कपड़ों में मोहल्ले में घूमते इन लोगों को देखकर स्थानीय लोगों में डर फैल गया। इनके साथ वर्दीधारी नहीं दिख रहे थे, जिससे लोगों को संदेह हो रहा था कि आखिर यह कौन लोग हैं। बताते हैं कि इन लोगों ने मोहल्ले की कई गलियों में जांच पड़ताल की। बाद में तीन लोगों को रायफल के साथ घूमने का वीडियो वायरल हुआ। इसके बाद यह मामला पुलिस तक पहुंचा। पुलिस ने जांच पड़ताल के साथ ही लोगों से किसी तरह की अफवाह पर ध्यान न देने की अपील भी की। बाद में पता चला कि सादे कपड़ों में घूमते दिख रहे लोग पुलिस के थे। कन्नौज की कोई पुलिस टीम किसी अपराधी की तलाश में आई थी। अपराधी की तलाश में आई थी कन्नौज पुलिस ठाकुरगंज थाना प्रभारी ओमवीर सिंह का कहना है कि वायरल वीडियो का मामला संज्ञान में आया है। यह कई ● शेष पेज 11 पर

❒ अपराधी की खोजबीन में लखनऊ आई थी टीम, सोशल मीडिया पर वायरल

## संघ की स्थापना के पूरे हुए 100 साल, साल भर चलने वाला शताब्दी समारोह शुरू

नागपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के स्थापना के 100 वर्ष शनिवार को पूरे हो गये। डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने 17 सहयोगियों के साथ मिलकर 27 सितंबर, 1925 को विजयादशमी के पावन अवसर पर संघ की स्थापना की थी। संघ अब देशभर में 83,000 से अधिक शाखाओं और लाखों स्वयंसेवकों के साथ देश के सबसे बड़े सांस्कृतिक निकाय के रूप में विकसित हो चुका है। आरएसएस की उत्पत्ति नागपुर के महल स्थित हेडगेवार वाड़ा से मानी जाती है। डॉ. हेडगेवार ने हिंदुओं में एकता, अनुशासन और चरित्र निर्माण को बढ़ावा देने के लिए इस संगठन की कल्पना की थी। वर्ष 1926 में विचार-विमर्श के बाद जरीपटका मंडल और भारतोद्धारक मंडल जैसे विकल्पों को हराकर मतदान के माध्यम से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नाम को अंतिम रूप दिया गया। नागपुर के बाहर पहली शाखा फरवरी 1926 में वर्धा में स्थापित की गई, जिसने पूरे देश में क्रमिक विस्तार का मार्ग प्रशस्त किया। व्यक्ति-आधारित नेतृत्व ● शेष पेज 11 पर

# आतंकवाद के खिलाफ दिखावा करता है पाकिस्तान : भारत

एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र। भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ के भाषण को 'बेतुकी नाटंकी' बताते हुए शनिवार को कहा कि पड़ोसी मुल्क ने एक बार फिर आतंकवाद का महिमामंडन किया है जो उसकी विदेश नीति का मुख्य हथियार बन चुका है।

आपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी सेनाओं की बहादुरी और भारत को क्षति पहुंचाने की श्री शरीफ के दावों का उपहास करते हुए भारत ने कहा, अगर नष्ट हुए रनवे और जले हुए हैंगर जीत की तरह लगते हैं, जैसा कि प्रधानमंत्री ने दावा किया है, तो पाकिस्तान इसका आनंद ले सकता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के भाषण का प्रत्युत्तर देने के अधिकार का प्रयोग करते हुए भारतीय राजनयिक पेटल गहलोत ने सभा के अध्यक्ष को संबोधित तीखे जवाब में कहा, ''इस सभा में सुबह पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की बेतुकी नौटंकी देखने को मिली, जिन्होंने एक बार फिर आतंकवाद का महिमामंडन किया, जो उनकी विदेश नीति का केंद्र बिंदु है।'' सुश्री गहलोत ने कहा कि पाकिस्तान अगर सचमुच ईमानदार है तो वह आतंकवाद का निर्यात और आतंकवादियों को पनाह देना बंद करे और वांछित आतंकवादियों को भारत को सौंपे। सुश्री गहलौत ने कहा कि धार्मिक उन्माद और कट्टर सोच वाले पाकिस्तान के मुंह से भारत के हिंदुत्व पर कुछ कहना कदापि शोभा नहीं देता। उन्होंने कहा कि भारत आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने को संकल्पबद्ध है और वह अपनी कार्रवाई में आंतकवादियों और उनको पालने पोशने वालों में कोई फर्क नहीं करेगा और न ही परमाणु बम की धमकी में आएगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान किसी स्तर पर भी नाटक ओर झूठ का सहारा लेकर सच्चाई को छुपा नहीं सकता। यह वही पाकिस्तान है जिसने गत 25 अप्रैल को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में, जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों के बर्बर नरसंहार की ज़िम्मेदारी से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' को बचाया था।'' उन्होंने कहा कि आतंकवाद को शह देने और प्रयोजित करने की परंपरा में आकंठ डूबे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को पहलगाम आतंकवादी ● शेष पेज 11 पर



❒ शरीफ ने संयुक्त राष्ट्र के मंच पर फिर 'बेतुकी नौटकी' की आतंकवाद का महिमा मंडन किया

# तमिलनाडु में एक्टर विजय की रैली में भगदड़, 29 की मौत



एजेंसी

करूर। तमिलनाडु के करूर में एक्टर विजय की रैली में शनिवार शाम को भगदड़ मच गई। इसमें 29 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में कुछ बच्चे भी शामिल हैं। तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री एम ए सुब्रमणियन ने यह जानकारी दी। हादसे में 30 से ज्यादा लोग घायल हो गए।

आशंका जताई जा रही है कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। जानकारी के मुताबिक अभिनेता से नेता बने विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कजगम यानी टीवीके की रैली में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। विजय के भाषण के दौरान भीड़ बढ़ने से भगदड़ जैसे हालात बन गए।

भीड़ में फंसने से कई लोगों को सांस लेने में परेशानी हुई और कई लोग और कार्यकर्ता बेहोश होने लगे। हालात बिगड़ते देख विजय ने भाषण रोक दिया और लोगों से शांति की अपील की। इसके बाद वे भाषण छोड़कर ● शेष पेज 11 पर

# कांग्रेस अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रही : मोदी

## हमने टैक्स घटाया, वो अब भी लूट में लगे, 2जी का दौर भूल गए, जब चुटकुले बनते थे

एजेंसी



भुवनेश्वर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को ओडिशा के झारसुगुड़ा पहुंचे। उन्होंने जनता को करीब 38 मिनट तक संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने आत्मनिर्भर भारत, जीएसटी बचत उत्सव, कंाग्रेस शासन में भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर बात की।

पीएम ने कहा कि टेलीकॉम सेक्टर की शुरुआत हुई तो भारत पीछे रह गया था। सोशल मीडिया पर चुटकुले चलते थे। जाने क्या-क्या लिखा जाता था। अब भारत स्वदेशी 4जी टेक्नोलॉजी वाला पांचवां देश बन गया है। मोदी ने कंाग्रेस शासित राज्यों में जारी लूटतंत्र का भी जिक्र किया। घ्ख्र ने कहा, केंद्र सरकार ने टैक्स घटा दिया, लेकिन हिमाचल में कंाग्रेस सरकार जनता तक इसका लाभ नहीं पहुंचा रही है। वे अपना टैक्स लगाकर लूट में लगे हैं। अभी भी हरकत से बाज नहीं आ रहे। प्रधानमंत्री का 15 महीनों में छठा ओडिशा दौरा था। उन्होंने 60 हजार करोड़ रुपए के कई बड़े रेल, एजुकेशन और हेल्थ प्रोजेक्ट्स की शुरुआत की। साथ ही उट्टगख्र के स्वदेशी 4जी टेक्नोलॉजी की शुरुआत की। श्री मोदी ने ओडिशा में भाजपा सरकार बनने के बाद अपनी छठी यात्रा के दौरान झारसुगुड़ा में शनिवार को विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ओडिशा में जब से भाजपा की सरकार आई है तब से राज्य ने विकास की रफ्तार पकड़ी है और राज्य में विकास की अनेक परियोजनाएं चल रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा की सरकार गरीबों की सेवा करना और गरीबों दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों को सशक्त बनाना है उनका कहना था कि जब यह गरीबों को पक्का घर मिलता है तो उसकी भावी पीढ़ियां भी मजबूत हो जाती है और अब तक देश में चार करोड लोगों को पक्के घर मिल चुके हैं और ओड़िशा में हजारों नए पक्के घर बनाने की योजना चल रही है। प्रधानमंत्री ने कहा ओडिशा की सामर्थ्य और यहां के लोगों की प्रतिभा पर उन्हें हमेशा विश्वास रहा है। प्रकृति ने ओडिशा को बहुत कुछ दिया है और इसका लाभ अब यहां के लोगों को मिलेगा और उन्हें उन्नत किया जाएगा। केंद्र सरकार ओडिशा में लगातार परियोजनाएं ला रही है और अब सेमीकंडक्टर की परियोजना यहां लगाई जा रही है। श्री मोदी ने कहा कि जो छोटी चीज, फ्रिज, कंप्यूटर, मोबाइल आदि पर इस्तेमाल होती है उसके लिए चिप को बनाने का काम अब ओडिशा में होगा। किसी ने सोचा नहीं था कि असम, ओडिशा सेमीकंडक्टर का पार्क बन रहा है और इसके संयंत्र लगाए जा रहे। श्री मोदी ने कहा है कि देश का हर नागरिक आत्मनिर्भरता चाहता है। देश हर स्तर पर अब आत्मनिर्भर होना चाहता है और इसके लिए देश में उद्योगों तथा प्रौद्योगिकी को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में बड़े-बड़े जहाज बनाने के लिए 70000 करोड़ की परियोजनाएं तैयार की है और विनिर्माण क्षेत्र को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। इन सब परियोजनाओं का सबसे ज्यादा लाभ देश की युवाओं को होगा और लाखों नौजवानों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि जब देश में 2जी, 3जी, 4जी परियोजनाएं शुरू हुई थी उस समय भारत बहुत पीछे रह गया था। उन्होंने कहा कि हमें दूसरों पर ही निर्भर रहना पड़ता था इसलिए हमारी सरकार ने स्वदेशी 4जी टेक्नोलॉजी विकसित की है और इस इतिहास को रचने वाले देश की प्रतिभाशाली युवाओं को वह बधाई देते हैं। उनका कहना था कि भारत अब दुनिया के उन पांच देश में शामिल हो गया है जिनके पास स्वदेशी 4 जी टेक्नोलॉजी है। भारत अब इस तकनीकी में अब हब बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उनका कहना था कि जो टावर 4 जी के लगाए जा रहे हैं वह देश के ग्रामीण जीवन में नई क्रांति लाने वाले होंगे। जिन गांवों में इंटरनेट सुविधा नहीं थी वहां अब यह सुविधा मिलना शुरू हो जाएगी और असंख्य ग्रामीण इसका लाभ उठा सकेंगे। श्री मोदी ने कंाग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि देश के हर नागरिक तक सुविधा पहुंचाने के लिए रिकॉर्ड खर्च किया जा रहा है जबकि पहले कंाग्रेस देश को लूटने में लगी रहती थी। उनकी सरकार ने 2014 के बाद से देश को लूट तंत्र से बाहर निकलने का काम किया है। उनका कहना था कि कंाग्रेस सरकार में अगर एक लाख का लाभ मिलता तो 25000 टैक्स देना पड़ता था लेकिन अब 12 लाख रुपए तक की आयकर में छूट दी गई है। उनका कहना था कि ● शेष पेज 11 पर

# त्योहारी सीजन को देखते हुये विद्युत आपूर्ति पर विशेष सावधानी बरते अधिकारी: डॉ. आशीष कुमार गोयल

**उ0प्र0 पावर कारपोरेशन अध्यक्ष अशीष गोयल ने त्योहारों को देखते हुए सभी अधिकारियों को सजग रहने के निर्देश दिये है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ0 आशीष कुमार गोयल ने प्रदेश के सभी वितरण निगमों के अधिकारियों को निर्देश दिये है कि आगामी त्योहारों को देखते हुये अधिकारी विद्युत आपूर्ति को लेकर विशेष सजगता बरतें। स्थानीय दोष कम से कम समय में ठीक हों तथा उनकी सूचना उपभोक्ता को भी संचार माध्यमों से दी जाये। अध्यक्ष ने कहा है कि नवरात्रि का पर्व चल रहा है तथा आगे दशहरा एवं दीपावली आदि महत्वपूर्ण त्योहार हैं। सभी क्षेत्रों को निश्चित शिड्यूल के अनुरूप विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो। अधिकारी अपनी तैनाती स्थल पर रहें, फोन उठायें।अध्यक्ष ने कहाकि उमस बढ़ गयी है इसलिये विशेषरूप से सजग रहना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि 1912 पर आने वाली शिकायतों एवं सूचनाओं पर तत्काल कार्यवाई करते हुए उपभोक्ता की समस्याओं का निस्तारण किया जाए।डॉ0 गोयल ने कहा कि उपभोक्ता सेवाओं को और बेहतर बनाया जाये। उपभोक्ता विद्युत सम्बन्धी समस्याओं के लिये 1912 पर फोन करता है। उसकी कॉल तुरन्त रिसीव हो, कॉल ड्राप न हो यह सुनिश्चित किया जाये। अध्यक्ष ने कहाकि सभी प्रबन्ध निदेशक अपने डिस्कॉम में 1912 की रेग्यूलर समीक्षा करें। उन्होंने कहाकि कहीं भी कोई विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो तो उसकी पूरी सूचना कॉल सेन्टर 1912 पर तुरन्त दी जाये। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि वे 1912 से सम्पर्क में रहें और प्राप्त सूचनाओं पर तुरन्त कार्यवाई सुनिश्चित कराये। टोल फ्री नम्बर 1912 शीघ्र उठे और उपभोक्ता की समस्या हल होने तक उसे क्लोज न समझा जाये। अध्यक्ष ने कहा कि विद्युत बिल वसूलने के लिए भी लगातार प्रयास तेज किए जाएं. हम जितनी बिजली दें उतनी बिजली का बिल वसूल ले .यह लक्ष्य रखकर कार्य करें.अध्यक्ष ने कहा है कि 1912 के अतिरिक्त विद्युत समस्याओं एवं शिकायतों के लिये चैटबोट का उपयोग कर सकते है। इस पर सूचना देना आसान है। इंतजार नहीं करना पड़ता है, कॉल ड्राप की संभावना नहीं है। इसी तरह ई-मेल, वेबसाइड आदि के माध्यम भी उपभोक्ताओं शिकायत कर सकते हैं शिकायत के लिए निम्न नम्बर का उपयोग कर सकते हैं

## शाहपुर निवासियों को मिली राहत पार्षद ने बनवाई गांव की सड़क



लखनऊ । मल्हौर भरवारा वार्ड नंबर 14 से सपा पार्षद ममता रावत द्वारा शाहपुर गांव की सड़क का निर्माण कराया गया जिस पर गांव वालों ने पार्षद का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सपा नेता गौतम रावत , सुधीर यादव, विजय सिंह, विनोद यादव ,रामू यादव, समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।कई वर्षों से गांव के बीच से निकलने वाली सड़क टूटी थी जिससे गांव वालों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता था। कई वर्षों से निर्माण का रास्ता देख रही सड़क का पार्षद द्वारा निर्माण कराया गया स्थानीय लोगों में खुशी की लहर है। स्थानीय लोगों के मुताबिक पत्रकार राम यादव ने कई बार सड़क बनाने के लिए पार्षद से कहा था।

## ग्राम सोनगांव में सी.बी. सिंह लॉ कॉलेज के छात्रों का भव्य जागरूकता अभियान




कैनविज टाइम्स संवाददाता

अम्बेडकरनगर। सी.बी. सिंह लॉ कॉलेज के ऊर्जावान एवं समाजसेवी छात्रों ने ग्राम सोनगांव में उन्नत भारत अभियान (यूबीए) के अंतर्गत एक भव्य एवं सारगर्भित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर ग्रामीणों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही और वातावरण जनजागरण के रंग में रंग गया।इस आयोजन में छात्रों ने स्वच्छता अभियान चलाते हुए साफऽसफाई का महत्व बताया तथा लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। साथ ही, जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे आज के समय के अत्यंत महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तार से जागरूक किया गया।कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं और युवतियों को मिशन शक्ति के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त मतदाता जागरूकता अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को मतदान के महत्व और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की ताकत से अवगत कराया गया।कॉलेज के प्राचार्य डॉ. उदय प्रताप सिंह ने बताया कि यह पहल छात्रों की सामाजिक जिम्मेदारी को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि कॉलेज परिवार समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीण समाज को जागरूक करने और राष्ट्र निर्माण की दिशा में योगदान देने का कार्य करता रहेगा।

## हिस्ट्रीशीटर की ईंट से सिर कूंचकर हत्या, फैली सनसनी

**प्रयागराज ।** शहर के जार्जटाउन थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात उस समय सनसनी फैल गई जब हैजा अस्पताल के पास रहने वाले हिस्ट्रीशीटर साजन की ईंट से सिर कूंचकर हत्या कर दी गई। मृतक साजन अपने दोस्तों के साथ खाली मैदान में शराब पी रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हुआ और देखते ही देखते उसका सिर इंटरलॉकिंग वाली ईंट से बुरी तरह कुचल दिया गया।शनिवार सुबह जब स्थानीय लोगों ने अस्पताल के पास जमीन पर खून से लथपथ शव देखा तो हड़कंप मच गया। तुरंत ही इसकी सूचना स्वजन और पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची बड़ी संख्या में भीड़ ने मृतक की पहचान साजन के रूप में की।पुलिस के मुताबिक साजन के खिलाफ जार्जटाउन सहित कई थानों में मुकदमे दर्ज हैं और वह थाने का हिस्ट्रीशीटर था। फिलहाल परिवारजन किसी पर शक नहीं जता सके हैं।थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। प्रथम दृष्टया यह मामला दोस्तों के बीच शराब के दौरान हुए झगड़े का लग रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटना में शामिल लोगों की तलाश शुरू कर दी है। हत्या की खबर फैलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और देर तक लोगों की भीड़ जमा रही।

## कलेक्ट्रेट परिसर में 'शक्ति रसोई' का शुभारम्भ

**प्रयागराज।** मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और पहल की गई। शनिवार को अपर जिलाधिकारी नजूल संजय पांडेय ने कलेक्ट्रेट परिसर में गुरूदेव स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित शक्ति रसोई का फीता काटकर शुभारम्भ किया।इस रसोई में समूह की महिलाएं भोजन, नाश्ता और जलपान तैयार कर आमजन को उचित दर पर उपलब्ध कराएंगी। परियोजना अधिकारी प्रतिभा श्रीवास्तव ने बताया कि दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों की आयवृद्धि हेतु विभिन्न सरकारी दफ्तरों व अस्पतालों में शक्ति रसोई संचालित की जा रही है।कलेक्ट्रेट परिसर में शुरू हुई शक्ति रसोई में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इससे पूर्व नगर निगम, विकास भवन, मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय, एसआरएन अस्पताल, काल्विन, डफरिन, बेली हॉस्पिटल और चिल्ड्रन हॉस्पिटल में भी शक्ति रसोई संचालित की जा रही है।कार्यक्रम में नगर मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सिंह, अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम चंदन सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी हरिशंकर द्विवेदी, जिला प्रोबेशन अधिकारी सर्वजीत सिंह, जिला खनन अधिकारी अजय यादव सहित स्वयं सहायता समूह की महिलाएं एवं डूडा के अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रयागराज में रिटायर्ड फौजी की हत्या, सिर पर लोहे की रॉड से हमला

**प्रयागराज।** एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के कसारी मसारी इलाके में शनिवार सुबह सनसनीखेज वारदात हुई। अज्ञात हमलावरों ने रिटायर्ड फौजी अमर सिंह (पुत्र स्व. सहादेव सिंह) की सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।मूलरूप से कौशाम्बी जनपद के पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के अमीना का पुरा गांव निवासी अमर सिंह वर्तमान में प्रयागराज के कसारी मसारी इलाके में मकान बनाकर रह रहे थे। करीब दो साल पूर्व उन्होंने एयरपोर्ट थाना के पास प्लॉट खरीदा था और उसी पर मकान निर्माण कार्य करा रहे थे।शनिवार सुबह लगभग 10 बजे वह निर्माणाधीन मकान पर बैठे थे, तभी हमलावर पहुंचे और उन पर जानलेवा प्रहार कर दिया। हमले में उनकी मौके पर ही मौत हो गई।सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने बताया कि अज्ञात हमलावरों की तलाश में दबिश दी जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## मोबाइल छीनने की घटना ने खोल दी पुलिस सक्रियता की पोल

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी थाने से चंद कदम की दूरी पर हुई मोबाइल छीनने की घटना ने सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस की सक्रियता की पोल खोल दी तो इसी के साथ ही यह घास आरोपियों की ओर से पुलिस के लिए खुली चुनौती भी मानी जा रही है।सरॉय करोरा गोसाईगंज लखनऊ के रहने वाले सूर्यकान्त पुत्र यशोदा नन्दन के अनुसार वह गार्ड की नौकरी करते है।17 सितंबर की शाम लगभग 04:30 बजे वह अपने मोबाइल फोन से अपनी पत्नी से बात करते हुए जा रहे थे।तभी सुशांत गोल्फ सिटी थाने के पास एक अज्ञात बाइक सवार आया और उनका मोबाइल छीनकर फरार हो गया था।जिसकी शिकायत उन्होंने सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस से की थी।इसके बाद सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस द्वारा 25 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज की गई।वहीं थाने के पास हुई मोबाइल लूट की घटना ने सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस की सक्रियता पर सवालिया निशान खड़े करने के साथ ही आरोपित ने पुलिस को खुली चुनौती दी है।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत संयुक्त सफाई का चला अभियान




**लखनऊ।** को स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत भारतीय वैज्ञानिक सर्वेक्षण उत्तरी क्षेत्र लखनऊ एवं नगर निगम लखनऊ, जोन तीन अलीगंज वार्ड ने संयुक्त रूप से पुरनिया चौराहा अलीगंज से केंद्रीय भवन सेक्टर- द्व तक सफाई अभियान चलाया।इस अभियान में नगर निगम की ओर से जोनल अधिकारी अमरजीत यादव एवं संचिता मिश्रा द्वक्क ने अगुवाई की। भारतीय वैज्ञानिक सर्वेक्षण की ओर से श्री भृगुशंकर निदेशक एवं मनोज कुमार शुक्ला वरिष्ठ भूवैज्ञानिक के नेतृत्व में अधिकारीयों और कर्मचारियों ने श्रमदान किया।सफाई अभियान के दौरान पुरनिया चौराहा अलीगंज से केंद्रीय भवन सेक्टर- क्व तक के क्षेत्र को साफ-सुथरा किया गया। इस अभियान का उद्देश्य क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाना था, ताकि नागरिकों को बेहतर जीवनशैली मिल सके। सफाई अभियान का समापन श्रमदान स्वच्छता सपथ के साथ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने स्वच्छता की शपथ ली और क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लिया।नगर आयुक्त महोदय से प्राप्त निर्देशों के क्रम में इस संयुक्त सफाई अभियान के माध्यम से नगर निगम लखनऊ और भारतीय वैज्ञानिक सर्वेक्षण उत्तरी क्षेत्र लखनऊ ने स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि लखनऊ शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके।

## तीन दिवसीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । समेकित शिक्षा के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों के प्रशिक्षण हेतु तीन दिवसीय मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ आज जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), प्रयागराज में हुआ।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अभय कुमार श्रीवास्तव, उपनिदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उत्तर प्रदेश ने किया। उन्होंने कहा कि समावेशी शिक्षा का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचाना है। विशेषकर दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ना ही हमारी प्राथमिकता है।जिला समन्वयक (समेकित शिक्षा) विकास पांडे ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को विशेष शिक्षा की विधियों से प्रशिक्षित करना है, ताकि वे दिव्यांग बच्चों की आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से समझकर उन्हें उचित सहयोग दे सकें। रेनू सिंह, प्रवक्ता (मनोविज्ञान) ने कहा कि धैर्य, संवेदनशीलता और सकारात्मक मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण दिव्यांग बच्चों की प्रगति का आधार है। वहीं डॉ. राजेश कुमार पांडे, प्रवक्ता (डायट) ने कहा कि आंगनबाड़ी स्तर पर बच्चों की नींव मजबूत होती है और मास्टर ट्रेनर्स की भूमिका इसमें महत्वपूर्ण है।कार्यक्रम में प्रशिक्षु उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। यह प्रशिक्षण 29 सितम्बर 2025 तक चलेगा।

## विद्युत विभाग द्वारा जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगाने का अमीनाबाद के व्यापारियों ने किया विरोध

**आदर्श व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के विरोध के चलते तथा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता द्वारा फोन से अधिकारियों से वार्ता करने के बाद जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगाने गई टीम बैरंग वापस गई**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । शनिवार अमीनाबाद की जूते वाली गली बाज़ार में विद्युत विभाग अमीनाबाद के एसडीओ पुरुषोत्तम कुमार अपनी टीम के साथ व्यापारियों के वहाँ ज़बरदस्ती स्मार्ट मीटर लगाने पहुंचे ,जिसका जूते वाली गली अमीनाबाद के व्यापारियों ने ''जूते वाली गली आदर्श व्यापार मण्डल'' के तत्वाधान में संगठन के नगर उपाध्यक्ष एवं जूते वाली गली आदर्श व्यापार मंडल के वरिष्ठ महामंत्री अमित दीक्षित के नेतृत्व में जबरदस्त विरोध कियाव्यापारियों ने कहा जब पुराने मीटर ठीक काम कर रहे हैं तो ऐसे में स्मार्ट मीटर लगाने की आवश्यकता क्या है व्यापारियों ने कहा समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी मिली है कि स्मार्ट मीटर बहुत तेजी से चलते हैं तथा विभाग की मंशा योजनाबद्ध तरीके से आगे चलकर स्मार्ट मीटर को प्रीपेड मीटर में तब्दील करने की है। ऐसे में व्यापारियों को विभाग की यह जबरदस्ती कतई स्वीकार नहीं है व्यापारियों ने अधिकारियों की मनमानी की सूचना संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता को दी। प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता द्वारा फोन से अधिकारियों से वार्ता करने तथा स्थानीय व्यापारियों एवं नागरिकों के जबरदस्त विरोध के बाद टीम बिना स्मार्ट मीटर लगाये वापस लौटीउत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगाना तथा बिना व्यापारियों की स्वीकृति के स्मार्ट मीटर को प्री पेड मीटर में परिवर्तित करना न्यायोचित नहीं है ,संगठन इसका विरोध करेगामौके पर विरोध करने वाले पदाधिकारियों में जूते वाली गली अमीनाबाद ,आदर्श व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुधीर केसरवानी, वरिष्ठ महामंत्री अमित दीक्षित ,महामंत्री मोहम्मद नूर ,उपाध्यक्ष मोहम्मद गयास चेयरमैन मोहम्मद आमिर नितिन अग्रवाल ,कासिम सहित बड़ी संख्या में व्यापारी शामिल थे

## श्री कृष्ण दत्त एकेडमी डिग्री कॉलेज को यूजीसी से स्वायत्त कॉलेज का दर्ज़ा हुआ प्राप्त



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । श्री कृष्ण दत्त एकेडमी डिग्री कॉलेज ने वर्ष 2024 में नैक से 'ए' (इ) ग्रेड प्राप्त किया है, जो यह बताने के लिए काफी है कि कॉलेज में शिक्षा की गुणवत्ता का स्तर कितना अधिक ऊँचा है। अभी हाल ही में श्री कृष्ण दत्त एकेडमी डिग्री कॉलेज ने एक और मील का पत्थर अपने नाम दर्ज कर लिया है, श्री कृष्ण दत्त एकेडमी डिग्री कॉलेज को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा स्वायत्त कॉलेज का दर्ज़ा प्रदान किया गया है। इसके साथ ही श्री कृष्ण दत्त एकेडमी डिग्री कॉलेज ने एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है। यह राज्य का पहला स्ववित्तपोषित कॉलेज बन गया है जिसे यूजीसी (ठ्ळब्) द्वारा स्वायत्तता (Autonomous) का दर्ज़ा प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर एसकेडी समूह के निदेशक मनीष सिंह ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि इससे न केवल छात्रों के शैक्षणिक स्तर को नई ऊंचाई मिलेगी, बल्कि उच्च शिक्षा में गुणवत्ता, नवाचार और नेतृत्व की दिशा में एसकेडी समूह के लक्ष्य को और अधिक मजबूती मिलेगी। साथ ही, यह पहल छात्रों को रोजगारोन्मुख शिक्षा उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।उपरोक्त खबर को अपने अखबार/न्यूज पोर्टल में उचित स्थान दें।

## 136वें प्रबंधन विकास कार्यक्रम का सफल आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । सुपरवाइज़र प्रशिक्षण केंद्र (एसटीसी), झांसी में 5 दिवसीय प्रबंधन विकास कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। बता दे कि दिनांक 22 से 26 सितंबर 2025 तक आयोजित 136वाँ प्रबंधन विकास कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक हिमांशु बडोनी के मार्गदर्शन तथा उप महाप्रबंधक (सा.) नितेश कुमार गुप्ता और सहायक उप महाप्रबंधक सुनील कुमार गुप्त के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का कुशल प्रबंधन मुख्य कार्य अध्ययन निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह, मनदीप कुमार एवं मिथलेश कुमार द्वारा किया गया।इस प्रशिक्षण में मुख्यालय प्रयागराज, झांसी एवं आगरा मंडल सहित कारखाना, झांसी के पर्यवेक्षकों ने सहभागिता की। प्रतिभागियों को विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारीपूर्ण व्याख्यान प्राप्त हुए। वक्ताओं में शामिल रहे ऽ अजय श्रीवास्तव (कारखाना प्रबंधन), रवि कुमार मीना (मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली), शिवाजी कदम (पर्यावरण), डॉ. अमित मालवीय (रेलवे जनसंपर्क विभाग की भूमिका), मन्नू प्रकाश दुबे (समय प्रबंधन), जे. संजय कुमार (मानव संसाधन विकास), विवेक मिश्रा (भंडार प्रबंधन), सत्य साधन सिंह (वित्तीय प्रबंधन), डॉ. कुलदीप स्वरूप मिश्रा (स्वास्थ्य प्रबंधन), चेतन तनेजा (सामंजस्य एवं उपभोक्ता सुविधाएं), अरुण सिंह तोमर (अनुशासन एवं अपील नियम), गुंजन श्रीवास्तव (सतर्कता जागरूकता)।कार्यक्रम के अंतर्गत विकसित भारत की संकल्पना को साकार करती भारतीय रेलङ्क विषय पर निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसमें विजेताओं को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्रदान किए गए, साथ ही दो प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार स्वरूप नगद राशि दी गई।26 सितंबर 2025 को आयोजित समापन समारोह में हिमांशु बडोनी ने सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाणपत्र प्रदान किए। साथ ही स्मृति चिह्नस्वरूप समूह फोटोग्राफ भी दिया गया।यह कार्यक्रम भारतीय रेल की संगठनात्मक क्षमता, मानव संसाधन विकास और सतर्कता जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

## गोमती पुस्तक मेले में भारतीय महिला स्वतंत्रता सेनानी(1857-1947) पुस्तक का हुआ विमोचन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में चल रहे गोमती पुस्तक मेले में भारतीय महिला स्वतंत्रता सेनानी (1857 -1947 )का विमोचन किया गया। प्रोफ़ेसर (डॉ) नीता , सुश्री तबस्सुम खान द्वारा संपादित उपरोक्त पुस्तक में महिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान त्याग और देशभक्ति का वर्णन किया गया है। पुस्तक में महिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के जीवन से संबंधित प्रेरणादायक प्रसंगों का समावेश है। समारोह की *मुख्य अतिथि* नारी शिक्षा निकेतन पी.जी. कॉलेज की *प्राचार्या प्रोफ़ेसर (डॉ) अजरा बानो* ने पुस्तक की *संपादक प्रोफ़ेसर (डॉ) नीता* को बधाई देते हुए कहा कि उपरोक्त कृति वर्तमान पीढ़ी व आने वाली पीढ़ी का मार्गदर्शन करेगी। इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि अमीर्रुदौला इस्लामिया डिग्री कॉलेज के *प्राचार्य डॉ दिलशाद अहमद अंसारी* ने भी पुस्तक में उल्लेखित अनेक प्रसंगों पर प्रकाश डाला। विमोचन कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि *नेशनल बुक ट्रस्ट के संपादक डॉ. ललित किशोर मंडोरा ,उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान की मुख्य संपादक डॉ अमिता दुबे व एक्सिस विश्वविद्यालय के प्रबंध निदेशक कर्नल डॉ. जाहिद सिद्दीकी* ने भी संबोधित किया। पुस्तक की संपादक प्रोफ़ेसर (डॉ) नीता ने कहा कि इस पुस्तक का उद्देश्य विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम (राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020) पर आधारित सामग्री उपलब्ध कराने के साथ-साथ महिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के जीवन दर्शन ,संघर्षों व देशभक्ति के संदेश को भी नई पीढ़ी तक पहुंचना है। कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त करते हुए सुश्री तबस्सुम खान ने कहा की पुस्तक में रानी लक्ष्मीबाई, बेगम हजरत महल ,झलकारी बाई, ऊदा देवी ,एनी बेसेंट ,सरोजिनी नायडू, कमला देवी चट्टोपाध्याय ,मैडम भीकाजी कामा, रानी गिडालू ,विजय लक्ष्मी पंडित ,दुर्गावती देवी, कमला नेहरू, कैप्टन लक्ष्मी सहगल , राजकुमारी अमृत कौर , अरूणा आसिफ अली तथा सुचेता कृपलानी के त्याग बलिदान और संघर्षों का वर्णन पुस्तक में किया गया है। इस अवसर पर डा पूजा सिंह, डॉ दिव्या प्रजापति ,डॉ स्तुति त्रिपाठी ,डॉ आरती समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## सदस्य बनने के लिए गोष्ठी के माध्यम से किसानों को किया गया प्रेरित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सहकारिता विभाग द्वारा एम पैक्स में नए सदस्य बनाए जाने हेतु शनिवार को तहसील स्तरीय गोष्ठी का आयोजन विकासखंड गोसाईगंज के सभागार में किया गया। विभिन्न समितियों में कुल 21 सदस्य नए बनाए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकासखंड गोसाईगंज के ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा डिंपल जो प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष हैं एवं विशेष अतिथि खंड विकास अधिकारी राजेश बहादुर सिंह उपस्थित रहे। ब्लॉक प्रमुख एवं खंड विकास अधिकारी द्वारा सहकारिता विभाग के द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में गोष्ठी में उपस्थित कृषकों को समझाया एवं सदस्यता अभियान से जुड़कर नए सदस्य बनाए जाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अपर जिला सहकारी अधिकारी विनोद कुमार, सहायक विकास अधिकारी सहकारिता शिवकुमार एवं राजेश सिंह, शाखा नगराम के शाखा प्रबंधक कौशल किशोर, मोहनलालगंज शाखा प्रबंधक संजय दीप, अर्जुनगंज शाखा प्रबंधक विश्व भूषण तिवारी, शाखा प्रबंधक गोसाईगंज दीपेंद्र नाथ, सहकारी अमीन सुनील कुमार उपस्थित रहे। ग्राम प्रधान बस्तिया देवेंद्र कुमार सिंह दर्जनों किसानों के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए और सदस्यता दिलाई।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत मोहनलालगंज में 1000 छात्राओं की भव्य रैली

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मोहनलालगंज। लखनऊ,उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के तहत शनिवार को मोहनलालगंज क्षेत्र कस्बे में महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को लेकर एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में लगभग 1000 छात्राओं ने भाग लेकर समाज को महिला सशक्तिकरण और साइबर अपराध से बचाव का सशक्त संदेश दिया।यह रैली एसीपी रजनीश वर्मा के निर्देशन पर में संपन्न कराई गई। रैली का नेतृत्व थाना प्रभारी निरीक्षक डी.के.सिंह ने किया।इस अवसर पर नवजीवन इंटर कॉलेज एवं काशीश्वर इंटर कॉलेज मोहनलालगंज की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हाथों में बैनर और तख्तियाँ लिए छात्राओं ने नारे लगाते हुए लोगों को जागरूक किया। उनके संदेशों में ल्लबेटियों की शिक्षा और सुरक्षा सर्वोपरि है। साइबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूक रहना आवश्यक हैङ्क और महिला सशक्तिकरण से ही समाज का सर्वांगीण विकास संभव हैङ्क जैसे स्लोगन प्रमुख रहे।रैली के उपरांत एक जागरूकता गोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों ने छात्राओं को महिला सुरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि आज के समय में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा सबसे अहम विषय है। साइबर अपराध लगातार बढ़ रहे हैं, इसलिए इंटरनेट और सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग बेहद जरूरी है।इस दौरान छात्राओं को महिला सुरक्षा से जुड़े हेल्पलाइन नंबर 1090 वूमेन पावर लाइन 112 आपातकालीन सेवा 1930 साइबर

### महिला सशक्तिकरण एवं साइबर अपराध जागरूकता का दिया गया संदेश

धोखाधड़ी हेल्पलाइन एवं 181महिला हेल्पलाइन के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्हें यह भी प्रेरित किया गया कि किसी भी समस्या या अपराध की स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करें और डरें नहीं।कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने संकल्प लिया कि वे स्वयं जागरूक रहेंगी और साथ ही अपने परिवार,पड़ोस तथा समाज की अन्य महिलाओं व बालिकाओं को भी महिला सुरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी देंगी।यह आयोजन मिशन शक्ति अभियान की उस भावना को और मजबूती देता है, जिसके तहत प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

# अवैध तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार पुलिस की सतर्कता से बड़ी कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज। लखनऊ, मोहनलालगंज एसीपी रजनीश वर्मा के दिशा-निर्देश पर अपराध और असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मोहनलालगंज पुलिस ने शनिवार को बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचे और जिंदा कारतूसों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार मोहनलालगंज पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान हुलासखेड़ा गांव की ओर से आ रहा एक संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। शक होने पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान 19 वर्षीय पुष्पेंद्र सिंह पुत्र सुनील सिंह, निवासी सेक्टर-जी थाना आशियाना, लखनऊ पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 315 बोर का अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। लाइसेंस संबंधी कोई कागज न दिखा पाने



पर पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया।मोहनलालगंज थाना प्रभारी डी के सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जा रहा है। अपराधियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ हमारा अभियान लगातार जारी रहेगा।वहीं पुलिस उपायुक्त दक्षिणी निपुण अग्रवाल ने कहा कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। किसी भी सूरत में अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा।

स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की। उनका कहना है कि समय-समय पर गश्त और चेकिंग से क्षेत्र में अपराधियों के हौसले पस्त होते हैं। एक ग्रामीण ने बताया कि, पुलिस की तत्परता से गांव में लोगों का भरोसा और बढ़ा है। हमें खुशी है कि क्षेत्र में अवैध हथियार रखने वालों पर शिकंजा कसा जा रहा है।

# मलिहाबाद विधायक ने माल जेहटा मार्ग के सुदृढ़ीकरण का भूमि पूजन किया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। दुबग्गा के घेला चौराहे से लेकर जेहटा माल रोड के लिए शुक्रवार को गोपरामऊ चौराहे पर भूमि पूजन कर मलिहाबाद विधायक ने सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य की औपचारिक शुरुआत कर दी। नारियल फोड़ते हुए विधायक ने मार्ग के नवीनीकरण की घोषणा की। विधायक जय देवी कौशल ने बताया कि यह मार्ग 17 किलोमीटर लंबा है और दो साल जर्जर हो गया था। मुख्यमंत्री से मिलकर इसकी सुदृढ़ीकरण निर्माण के लिए 1531.21 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत करवाई गई है। इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी अधिकारी, मंडल अध्यक्ष विपिन राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष रवि राज सिंह, निशु सिंह, कोटेदार कन्हैया लाल, पूर्व प्रधान सरसंडा संतोष, गोपुरामऊ पूर्व प्रधान विक्रम, मलिहाबाद विधायक सचिव जितेंद्र रावत, भाजपा नेता सूरज कश्यप सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे। विधायक जय देवी ने कहा इस परियोजना के पूरा होने के बाद क्षेत्रवासियों को सुगम एवं सुरक्षित मार्ग मिलेगा, जिससे स्थानीय विकास और आवागमन में क्रांतिकारी बदलाव आएगा।

# एलडीए की आवासीय योजनाओं को गति देने के लिए रखे जाएंगे राजस्व अधिकारी, अवैध कब्जों के खिलाफ चलेगा अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने प्राधिकरण द्वारा शहर में संचालित विकास परियोजनाओं व आवासीय योजनाओं के सम्बंध में शनिवार को पारिजात सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान उन्होंने नयी आवासीय योजनाओं को गति देने के लिए सेवानिवृत्त राजस्व अधिकारियों की नियुक्ति करने के निर्देश दिये। बैठक में एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने शहर में कराये जा रहे विकास व सौंदर्यीकरण आदि के विभिन्न कार्यों का प्रेजेन्टेशन दिया। इसके बाद प्राधिकरण की प्रस्तावित आवासीय योजनाओं आई0टी0 सिटी, वेलनेस सिटी, वरूण विहार व नैमिष नगर की प्रगति के सम्बंध में रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस पर मण्डलायुक्त ने निर्देशित किया कि योजनाओं के लिए भूमि जुटाने में अगर किसी प्रकार की अड़चन आ रही है तो इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें, इन पर तुरंत कार्यवाही करते हुए निराकरण



कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि योजनाओं के लिए राजस्व सम्बंधी कार्यों के लिए सेवानिवृत्ति राजस्व अधिकारियों को नियुक्त किया जाए, जिससे कि कार्य को प्रभावी और समयबद्ध तरीके से निष्पादित किया जा सके। मण्डलायुक्त ने शहर में प्राधिकरण की सभी सम्पत्तियों का ब्योरा प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अर्जित भूमि पर जहां-जहां अवैध कब्जे हैं, वहां अभियान चलाकर जमीन कब्जामुक्त करायी जाए। इस दौरान उन्होंने अनंत नगर योजना व राष्ट्र प्रेरणा स्थल में कराये जा रहे विकास कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रेरणा स्थल पर वाहनों की पार्किंग के लिए पर्याप्त व्यवस्था पहले से कर ली जाए। इसके लिए स्थल के पास मल्टीलेवल पार्किंग के निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। बैठक में प्राधिकरण के सचिव विवेक श्रीवास्तव, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा एवं सी0पी0 त्रिपाठी, संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह, मुख्य नगर नियोजक के0के0 गौतम, मुख्य अभियंता नवनीत शर्मा समेत सभी जोनल अधिकारी, विशेष कार्याधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे।




## बच्चों की पढ़ाई के लिए दिया स्टेशनरी किट

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। रोहिणी नक्षत्र वेलफ़ेयर फाउंडेशन संस्था की ओर से प्राथमिक विद्यालय के तकरीबन 60 बच्चों की पढ़ाई के लिए इंग्लिश, हिंदी, गणित, ड्रॉइंग बुक, वॉटर कलर, गोंद की ट्यूब, पेंसिल एवं जनरल नॉलेज की किताब की एक और खेप प्राथमिक विद्यालय हासेमउ, चिनहट के बच्चो को भेट स्वरूप प्रदान किया। इस मौके पर संस्था की अध्यक्ष पूनम ने इस नेक कार्य में उनका साथ देने वाले लोगो का आभार व्यक्त किया व प्रमाण पत्र देकर उनका मनोबल भी बढ़ाया।

## 21 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के 21 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट एड्रोसॉनिक कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर एवं एसोसिएट सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर हुआ। चयनित छात्रों को कंपनी की ओर से सालाना 6 लाख 25 हजार रूपये एवं एसोसिएट एसोसिएट सॉफ्टवेयर इंजीनियर 4 लाख 25 हजार रूपये का पैकेज मिलेगा। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग की ओर से बीटेक कम्प्यूटर साइंस के छात्रों के लिए आयोजित कैंपस ड्राइव में 159 छात्रों को साक्षात्कार के लिए विश्वविद्यालय बुलाया गया था। जिसमें से 144 छात्रों ने ग्रुप डिस्कशन एवं पर्सनल इंटरव्यू में भाग लिया।

## पुलिस ने तीन संदिग्धों भेजा जेल

काकोरी लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। काकोरी इलाके में मुखबिर सूचना के आधार पर बडागांव अंडरपास के पास पुलिस टीम ने तीन संदिग्धों को घेराबंदी कर शनिवार भोर सुबह चार बजे आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इंस्पेक्टर सतीश चंद्र राठौर के मुताबिक पकड़े गए आरोपी काकोरी के चकपरेवा गांव निवासी राहुल कुमार (26) कलियाखेड़ा निवासी अमन यादव (19) और उन्नाव के असोहा मकदुमखेड़ा असावत निवासी अनुज कुमार अमित यादव (27) तीनों आरोपी अलग-अलग जगहों से चोरी की गई बाइको को ऑनलाइन बेचने की फिराक में थे।जांच में खुलासा हुआ कि आरोपियों ने चोरी की बाइको के रजिस्ट्रेशन पर मालिक के नाम के आधार कार्ड में अपने फोटो एडिट कर खरीदारों को ठगने की योजना बनाई थी। इसके अलावा उनके खिलाफ कई अन्य थानों में भी गंभीर धाराओं के मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर नहर के पास छुपाई गई आठ बाइक,दस फर्जी आधार कार्ड और दो मोबाइल फोन को बरामद किया। सभी बाइको जब्त कर आरोपीयों को जेल भेज दिया गया है।

## छात्रों के लिए आयोजित हुआ महत्वपूर्ण अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग ने छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया। इस व्याख्यान में आईक्यूवीआईए, बैंगलोर की विशेषज्ञ भावना श्रीवास्तव ने 'यूड्रविजिलेंस, आईएमई और उत्पाद गुणवत्ता शिकायतों का रिपोर्ट निर्माण' विषय पर गहन जानकारी दी। छात्रों को दवा सुरक्षा और गुणवत्ता नियंत्रण से जुड़े प्रमुख पहलुओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में फार्मेसी विभाग के कई शिक्षक उपस्थित रहे, जिन्होंने इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर मौजूद शिक्षकों में डॉ. आकाश वेद, डॉ. जयबीर सिंह, डॉ. नीलकंठ मणि पुजारी, डॉ. विकास चौधरी, प्रिया आर्य, अंजलि सिंह, शामिल थे।

## बड़े उत्साह के साथ मनाई गई प्रेप की थीम असेंबली

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। दिल्ली पब्लिक स्कूल की एल्डिको शाखा में शनिवार को कक्षा प्रेप की थीम असेंबली बड़े उत्साह के साथ मनाई गई। नन्हे-मुन्नों ने रंग-बिरंगे परिधानों में मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं, मुख्य अतिथि डॉ. साक्षी गगनेजा और डॉ. अपूर्वा गुप्ता ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की और इन जीवंत प्रस्तुतियों का आनंद लिया।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत संयुक्त रूप से चला सफाई अभियान

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय वैज्ञानिक सर्वेक्षण उत्तरी क्षेत्र लखनऊ एवं नगर निगम जोन तीन अलीगंज ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत संयुक्त रूप से पुरनिया चौराहा अलीगंज से केंद्रीय भवन सेक्टर- एच तक सफाई अभियान चलाया। इस अभियान में नगर निगम की ओर से जोनल अधिकारी अमरजीत यादव एवं संचिता मिश्रा, भारतीय वैज्ञानिक सर्वेक्षण की ओर से भृगुशंकर निदेशक एवं कार्यालय अध्यक्ष के नेतृत्व में अधिकारियों और कर्मचारियों ने श्रमदान किया एवं श्रमदान स्वच्छता शपथ के साथ समाप्त हुआ ।

## यूपी के किसानों की उपज को मिलेगा अंतरराष्ट्रीय बाजार

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारत सरकार द्वारा भारत मंडपम, प्रगति मैदान नई दिल्ली में आयोजित वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 में प्रदेश के किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ। इस अवसर पर लुलु ग्रुप और उत्कृष्ट कृषि प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के बीच निर्यात योग्य फल एवं सब्जियों की आपूर्ति हेतु एमओयू साइन किया गया।

## नीदरलैंड की औद्यानिक तकनीक का अध्ययन करने पहुँचे उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रदेश के उद्यान, कृषि, विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने प्रदेश की औद्यानिक खेती में अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाकर उसे अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने के उद्देश्य से नीदरलैंड का दौरा किया। उन्होंने वहाँ की विश्वप्रसिद्ध फार्मिंग तकनीकों, बीज प्रबंधन, उत्पादन विधियों और ग्लास हाउस खेती का गहन अध्ययन किया।

## धूमधाम से मनाई गई महाराजा अग्रसेन की जयंती

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। श्री अग्रवाल समाज, लखनऊ द्वारा महाराजा अग्रसेन की 5149वीं जयंती श्री खाटू श्याम मंदिर बीरबल साहनी मार्ग, लखनऊ पर धूमधाम से मनाई गई। आयोजन के मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष राकेश गुप्ता का मुख्य संरक्षक सुरेश कुमार अग्रवाल एवं अध्यक्ष अवधेश अग्रवाल ने माल्यार्पण कर व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इसके उपरांत नृत्य संगीत एवं भजन की मधुर प्रस्तुति की गयी, साथ ही 13 वरिष्ठ अग्रजन व 12 मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया।

# बेसहारा महिला का सहारा बने श्री करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मानवता और सेवा की मिसाल पेश करते हुए श्री करणी सेना के युवा नेता दुर्गेश सिंह ल्लदीपूङ्क ने पीजीआई क्षेत्र में एक बेसहारा महिला की जिंदगी में सहारा बनकर सामने आए हैं। महिला का पैर टूटा हुआ था और वह कई दिनों से इलाज और सहारे के अभाव में दर-दर भटक रही थी। किसी ने उसकी सुध तक नहीं ली, लेकिन जैसे ही यह जानकारी श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह तक पहुँची, उन्होंने बिना देर किए मदद का हाथ बढ़ाया। दुर्गेश सिंह ने महिला के इलाज की पूरी जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठाई है। उन्होंने साफ कहा कि इलाज के दौरान जो भी खर्च आएगा, वह स्वयं वहन करेंगे। सिर्फ इतना ही नहीं, बल्कि महिला की जीवन-यापन की ज़रूरतें—राशन, पानी और दवाइया—भी वे स्वयं उपलब्ध कराएंगे। उनका कहना है कि समाज में कोई भी बेसहारा या असहाय व्यक्ति उपेक्षित न रहे, यह हर संवेदनशील नागरिक की जिम्मेदारी है। उनके इस कदम से स्थानीय लोगों में



खुशी और संतोष की लहर है। लोग दुर्गेश सिंह के इस प्रयास को एक प्रेरणादायक उदाहरण मानते हुए उनकी जमकर सराहना कर रहे हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि हर व्यक्ति समाज के प्रति ऐसे ही संवेदनशील हो जाए, तो न कोई भूखा सोएगा और न ही कोई असहाय इलाज के अभाव में दर-दर भटकेगा।

# एलडीए के सभाकक्ष में आयोजित होगा नागरिक सुविधा दिवस : मंडलायुक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मण्डलायुक्त विजय विश्वास पन्त ने कहा कि लखनऊ महानगर के रहने वाले सामान्य जनों को दिन प्रतिदिन जीवन से जुड़ी समस्याओं तथा बिजली, पानी, सड़क, भवन निर्माण, जल निकासी, यातायात, परिवहन एवं प्रदूषण आदि का सामना करना पड़ता है। सरकार द्वारा समस्याओं के निराकरण हेतु संवेदनशीलता पूर्वक अनेक प्रबन्ध किये गये हैं और इन समस्याओं से संबंधित विभाग समस्याओं के निराकरण हेतु प्रयासरत भी रहते हैं, किन्तु नगरीय क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं से जुड़े कई कार्य इस प्रकार के होते हैं कि उसमें एक से अधिक कार्यदायी संस्थाओं की सहभागिता होती है, जिसकी जानकारी जन सामान्य को नही हो पाती है। एक से अधिक संस्थाओं के द्वारा कार्य किये जाने की स्थिति में कार्य के प्रति जबावदेही भी स्पष्ट रूप से तय करने में समस्या होती है, ऐसी स्थिति में नगरीय क्षेत्र की आधारभूत संरचना से जुड़ी समस्याओं का प्रभावी निस्तारण बगैर अन्तर विभागीय समन्वय के किया जाना सम्भव नही हो पाता है। उन्होंने निर्देश दिये कि नागरिक सुविधा दिवस का आयोजन प्रभावी ढंग एवं उच्चकोटि की संवेदनशीलता के साथ शहरी क्षेत्र के नागरिकों की मूलभूति समस्या के सफल समाधान के दृष्टिगत किया जाये। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में नागरिकों की नागरिक सुविधाएं से जुड़ी समस्याओं का गुणवत्तापूर्वक एवं प्रभावशाली ढंग के निस्तारण, अनुश्रवण एवं समन्वय हेतु लखनऊ विकास प्राधिकरण के सभाकक्ष में इस माह के अन्तिम मंगलवार को नागरिक सुविधा दिवस का आयोजन प्रातः 10 बजे लेकर 02 बजे के मध्य किये जाने के निर्देश दिये है। उन्होंने निर्देश दिये कि प्राप्त शिकायतों को एक रजिस्टर में दर्ज करते हुए उसका विवरण रखा जाय एवं हुए समाधान का अंकन भी किया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि इस समाधान दिवस में जिलाधिकारी लखनऊ लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ एवं नगर आयुक्त, नगर निगम लखनऊ के अतिरिक्त जल निगम नगरीय, लेसा, जलकल विभाग, प्रदूषण, लोक निर्माण विभाग, आवास विकास, यातायात विभागों के वरिष्ठतम अधिकारी स्वयं प्रतिभाग करेगें। उन्होंने पुलिस आयुक्त लखनऊ यातायात से सम्बन्धित मामलों के लिये यातायात विभाग के वरिष्ठतम अधिकारी को नामित कर इसकी सूचना समाधान दिवस के नोडल विभाग लखनऊ विकास प्राधिकरण को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये है।

# नगराम में ऑनलाइन ठगी का शिकार हुआ एक युवक

### एक लाख पैसठ हजार रुपए जालसाजों ने किए पार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ । ऑन-लाइन ठगी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ताजा मामला थाना नगराम क्षेत्र के गांव केवली का सामने आया है, जहां एक युवक साइबर अपराधियों के जाल में फंसकर 1.65 लाख रुपए की ठगी का शिकार हो गया। मिली जानकारी के मुताबिक, सुधांशु रावत निवासी केवली को बीते 04 जून को अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को एचडीएफसी बैंक से बताते हुए क्रेडिट कार्ड अपडेट करने की बात कही और ओटीपी मांगा। पीड़ित ने अनजाने में ओटीपी साझा कर दिया। इसके बाद बीते 24 अगस्त को सुधांशु के खाते से 1,65,000 रुपए की निकासी कर ली गई।ठगी का पता चलते ही सुधांशु ने बीते 19 सितंबर को बैंक से संपर्क किया तो बैंक स्टेटमेंट के माध्यम से पूरे प्रकरण का खुलासा हुआ। इसके बाद पीड़ित ने साइबर क्राइम सेल में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत दर्ज होने के बाद मामला पुलिस कमिश्नर लखनऊ तक पहुंचा। वहां से मामले को संज्ञान में लेते हुए एएग-4995/25 नंबर दिया गया और नगराम पुलिस को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। नगराम पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर एफआईआर आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नवरात्र उत्सव नगराम में धूम, श्रद्धालु भजन कीर्तन में ले रहे हिस्सा

### जागरण में अमरेन्द्र भारद्वाज के साथ दर्जनों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मां का लिया आशीर्वाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। नगराम क्षेत्र में नवरात्र के अवसर पर नवरात्र महोत्सव बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। नगर पंचायत नगराम समेत अनैया में माता का जगराता चल रहा है। विभिन्न स्थानों पर मां के जगराते में जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज भी अपने दर्जनों समर्थकों के साथ जागरण में पंहुचे। नगराम के दक्षिण टोला में 19वां मां भगवती जागरण का आयोजन सभासद संजय दादा के नेतृत्व में सभी के सहयोग से लगातार चल रहा है। वहीं दूसरा जागरण दक्षिण टोला में 8वां आदि शक्ति नव दुर्गा पूजा विक्रम सिंह के नेतृत्व में चल रहा है। जिसमें शुक्रवार को जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज व क्षेत्र भर से



श्रद्धालु बढ़ चढ़कर हिस्सा लें रहे हैं। 9 दिनों तक चलने वाले इस पावन पर्व की शुरुआत प्रतिदिन पूजा अर्चना से होती है। वहां पर श्रद्धालुओं को देखकर अमरेंद्र भारद्वाज में प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक पर्व न केवल आस्था को मजबूत करते हैं बल्कि समाज भी सकारात्मक और एकता का भी संदेश फैलाते हैं। नवरात्र के यह 9 दिन श्रद्धालुओं के लिए माता भगवती के आशीर्वाद प्राप्त करने और आध्यात्मिक व सांस्कृतिक वातावरण में डूबने का सुनहरा अवसर प्रदान कर रहे हैं। इस मौके पर गौरव भारद्वाज, विशाल भारद्वाज, प्रधान सुनील पटेल, आचार्य सचिन तिवारी, मयंक द्विवेदी समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# सपनों को पंख दो, हार का नाम तक मत लो आईएएस मनीषा धार्वे ने बेटियों में भरी नई उड़ान



मिशन शक्ति 5.0 : लखीमपुर खीरी में टॉक शो विथ आइडियल, करियर से लेकर जिंदगी के संघर्ष तक खुलकर बोलीं प्रशिक्षु आईएएस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । शनिवार का दिन लखीमपुर खीरी की छात्राओं के लिए यादगार बन गया। मिशन शक्ति 5.0 के तहत सनातन धर्म सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज का प्रांगण तालियों की गड़गड़ाहट और जोश से गूंज उठा। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित ‘टॉक शो विथ आइडियल’ में प्रशिक्षु आईएएस सुश्री मनीषा धार्वे ने अपने संघर्षों और सफलता के किस्से सुनाकर न सिर्फ प्रेरित किया बल्कि छात्राओं को बड़ा सपना देखने का हौसला भी दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती और माँ दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धार्वे ने जीजीआईसी प्रधानाचार्य डॉ. शालिनी दुबे व उपप्रधानाचार्य डॉ. सीमा मिश्रा के साथ दीप जलाया। पूरे सभागार में भक्ति, उत्साह और उत्सुकता का अद्‌भुत संगम देखने को मिला। मनीषा धार्वे ने छात्राओं को जीवन का मंत्र देते हुए कहा कि कंप्यूटर तकनीक आज की सबसे बड़ी ताकत है। हर लड़की को इसका ज्ञान होना चाहिए और इसका प्रयोग सकारात्मक दिशा में करना चाहिए। जिंदगी में कभी समझौता मत करो और हार मानने का तो सवाल ही नहीं उठता। निरंतर मेहनत और धैर्य ही सपनों को साकार करने की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने अपने सिविल सेवा के संघर्ष को याद करते हुए बताया कि असफलताएं रास्ता रोक सकती हैं, मगर आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास हर बाधा को पार करा देते हैं।

करियर और चुनौतियों पर खुला संवाद

छात्राओं ने करियर, प्रतियोगी परीक्षाओं और निजी जीवन की चुनौतियों पर बेबाक सवाल पूछे। मनीषा ने हर प्रश्न को धैर्य और मुस्कान के साथ सुना और विस्तृत जवाब दिए तैयारी की रणनीति से लेकर असफलताओं को अवसर में बदलने तक। उनका सहज और स्पष्ट अंदाज छात्राओं के दिलों को छू गया।

बेटियों में भरा आत्मविश्वास, गूंजी तालियां

पूरे टॉक शो के दौरान छात्राओं की आंखों में चमक और दिलों में उत्साह झलक रहा था। हर जवाब के बाद सभागार तालियों से गूंज उठता। कई छात्राओं ने कहा कि मनीषा धार्वे की बातें उनके भीतर नए सपनों की लौ जलाकर गई हैं।

## करंट की चपेट में आने से सेना के हवलदार की गई जान

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित हण्डिया थाना क्षेत्र के धन्नी का पूरा गांव में करंट की चपेट में आने से सेना के हवलदार की जान चली गई। कैंट थाने की पुलिस टीम ने शव का पंचनामा करके विधिक कार्रवाई की।

सहायक पुलिस आयुक्त हण्डिया सुनील कुमार सिंह ने बताया कि हण्डिया के धन्नी का पूरा गांव निवासी प्रदीप कुमार 39 वर्ष पुत्र राम बहादुर सिंह सेना में हवलदार के पद पर कार्यरत थे। वह वर्तमान में अवकाश पर घर आए हुए थे। जहां शुक्रवार की शाम घर पर अचानक करंट की चपेट में आ गए। परिवार के लोग उपचार के लिए तत्काल कैन्ट स्थित एमएच अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने देर रात मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों की सूचना पर कैंट थाने की पुलिस टीम ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान सेना के अधिकारी एवं कर्मचारी भी पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे थे। सेना के जवान उनका शव लेकर यहां से अन्तिम सलामी के लिए ले गए।

## सिविल कोर्ट के पीठासीन न्यायिक अधिकारी और स्टाफ की शीघ्र नियुक्ति की जाय



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। तहसील मिश्रिख के अधिवक्ताओं ने सिविल कोर्ट के पीठासीन अधिकारी और स्टाफ के शीघ्र नियुक्ति किए जाने की मांग की है मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय इलाहाबाद प्रयागराज को संबोधित मांग पत्र उपजिलाधिकारी मिश्रित के माध्यम से भेजा गया। जिसमे कहा गया कि तहसील मिश्रिख में सिविल कोर्ट की स्थापना के समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई है। सिविल कोर्ट रूम और कार्यालय का मानक के अनुरूप निर्माण जुलाई 2023 में ही पूर्ण किया जा चुका है और निर्मित कोर्ट रूम की चाभी माननीय अपर सत्र न्यायाधीश महोदय ,सीतापुर को वर्ष 2023 में ही हस्तगत हो चुकी है। अधिवक्ताओं ने मांग की है कि सिविल कोर्ट के पीठासीन अधिकारी और स्टाफ आदि की शीघ्र नियुक्ति की जाय ताकि वादकारियों को सुलभ न्याय मिले और सुगमता रहे और उन्हें जिला मुख्यालय न दौड़ना पड़े। बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष सुधीर शुक्ल राना,अकरम खान,प्रेम प्रकाश राजवंशी,रामजीवन सिद्धार्थ,ठाकुर प्रसाद अर्कवंशी,गोविंद प्रसाद राजवंशी,गौरव वाजपई, सुरेंद्र मोहन,भास्कर पांडेय,नंद किशोर,सौरभ सक्सेना,अजय पाण्डेय ,सुशील भारती,आनंद यादव,विनोद भारती,बृजराज ,नदीम अहमद, जलालुद्दीन, नरेंद्र प्रताप,राजेंद्र अवस्थी, प्रशांत त्रिपाठी, मनोज चौधरी, सिब्ते हैदर, आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे ।

# भीड़ भाड वाले इलाकों का पुलिस बल के साथ पैदल भ्रमण कर लोगों से आपसी प्रेम एवं भाईचारा बनाए रखने की अपील की

कैनविज टाइम्स संवाददाता



खैराबाद । बरेली में हुए बवाल को ध्यान में रखकर आज खैराबाद में एसडीएम सदर धामिनी एस दास ने खैराबाद नगर क्षेत्र के धार्मिक स्थलों मुस्लिम बाहुल्य इलाकों तथा भीड़भाड़ वाले स्थान पर पैदल भ्रमण कर लोगों से बातचीत की तथा सभी त्योहारों को आपसी प्रेम भाईचारे के साथ मनाने तथा शांति बनाए रखने की अपील की। विदित हो कि बीते दिनों बरेली में जो घटना घटित हुई उसी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन के द्वारा विशेष सतर्कता बरती जा रही है इसी क्रम में बीते कल दिन शुक्रवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनंद तथा पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के द्वारा खैराबाद की बड़े मखदूम साहब की दरगाह असलम मिया की दरगाह प्रमुख बाजारों तथा अन्य धार्मिक स्थलों का पैदल भ्रमण करके स्थानीय लोगों से बातचीत की थी तथा खैराबाद कस्बे की आपसी प्रेम भाईचारे का हवाला देकर इसे कायम रखने की गुहार लगाई थी। उसी कड़ी में आज एसडीएम सदर धिमिनी एस दास के द्वारा थाना अध्यक्ष अनिल सिंह अवधेश कुमार यादव सहित पुलिस बल के साथ नगर क्षेत्र में भ्रमण किया गया तथा लोगों से सौहार्द पूर्ण ढंग से त्योहारों को मनाने तथा शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की गई।

## थाना समाधान दिवस : थाना फूलबेहड़ में डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने थाना फूलबेहड़ में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचे, जहां उन्होंने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी।

समाधान दिवस में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। डीएम-एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान थानाध्यक्ष सहित राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# माता रानी के भजनों पर रात भर झूमे श्रद्धालु



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोला गोकर्णनाथ-खीरी। गोला देहात क्षेत्र के ग्राम बहेरा में मां दुर्गा पूजा का आयोजित विशाल मां भगवती जागरण के संस्थापक विनोद कुमार भार्गव बहेरा के द्वारा मां दुर्गा मां का पूजन अर्चन कर मां भगवती जागरण शुभारंभ किया। झांकी ग्रुप के कलाकारों द्वारा माता जी के सुंदर-सुंदर भजन सुनकर भक्तिमय भजनों में पूरी रात श्रोता खूब झूमें, झांकी कलाकारों द्वारा ब्रज की प्रसिद्ध झांकियों में पुष्पों की वर्षा, श्री राधा कृष्ण जी की संजीव सुंदर मनमोहक झांकियों द्वारा पंडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं का मनमोह लिया। माता रानी कथा सुनकर जागरण पूर्ण हुआ भोग लगाकर माता जी का प्रसाद बांटा गया जिसमें सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आए हुए सभी सम्मानित अतिथियों, कलाकारों, जागरण कमेटी को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम आयोजक कमेटी विनोद कुमार भार्गव, महेंद्र कुमार भार्गव, संतोष कुमार भार्गव, छोटे भार्गव, अनिल कुमार भार्गव, अंकित कुमार भार्गव, सुधीर कुमार भार्गव, विपिन कुमार भार्गव, प्रदीप कुमार भार्गव, सहित समस्त श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## जुमा नमाज के अवसर पर भारी पुलिस बल सहित जनपद में भ्रमणशील रहकर फ्लैग मार्च किया गया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी, 26 सितम्बर 2025। आज मिशन शक्ति अभियान व जुमा नमाज के अवसर पर एवं आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा स्वयं भारी पुलिस बल सहित कजनपद में भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा प्रमुख मार्गों, बाजार, भीड़ वाले क्षेत्रों में शांति/सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना बनाये रखने के लिए फ्लैग मार्च कर आम जनमानस को सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया गया। साथ ही शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिए प्रमुख क्षेत्रो में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किये जाने के साथ अधीनस्थों को कड़े निर्देश दिये गये।



## ब्लॉक सभागार कसमंडा में विधायकों ने की समीक्षा बैठक

कमलापुर/सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । मिली जानकारी के अनुसार विकास खंड कसमंडा सभागार में शनिवार को विधायकों ने ब्लॉक कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक किया।बैठक में बिसवां विधायक निर्मल वर्मा व सिधौली विधायक मनीष रावत ने उपस्थित कर्मचारियों से कहा कि शासन द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं को जन जन तक पहुंचा कर उनका लाभ प्रदान कराए।तथा राज्य मंत्री गिरीश चंद्र मिश्र ने भी संबोधित करते हुए कहा कि जनता को किसी भी प्रकार की समस्या न हो और केंद्र तथा प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ दिलाए।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख कसमंडा मुन्नी देवी,खंड विकास अधिकारी कसमंडा राकेश कुमार श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत कसमंडा संजय सिंह, जे ई शिव कुमार पटेल ग्राम पंचायतों के सचिव,ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## नवरात्र के चलते रविवार को भी खुले रहेंगे विलेख पंजीकरण कार्यालय, होगी रजिस्ट्री

लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता । नवरात्र के मद्देनजर सितम्बर 2025 में विलेख पंजीकरण की भारी भीड़ की संभावना के चलते जिलाधिकारी खीरी ने रविवार, 28 सितंबर को भी सभी उप निबन्धक कार्यालय सामान्य कार्य दिवस की भांति खुला रखने का निर्देश दिया है। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि इस दौरान अधिक से अधिक लोग बैनामा पंजीकरण कराने कार्यालय पहुंचेंगे। इसलिए सभी उप निबन्धक अपने-अपने क्षेत्रों में बार एसोसिएशन, दस्तावेज लेखक संघ और आम नागरिकों को समय पर सूचित करेंगे और व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करेंगे। डीएम ने कहा कि इस आदेश का पालन तत्काल प्रभाव से अनिवार्य होगा, ताकि नवरात्र के अवसर पर आम जनता अपने विलेखों का पंजीकरण सुचारू रूप से कर सके।

## स्वच्छ और हरित वातावरण बनाए रखना हर नागरिक का दायित्व: प्रो. वंदना सिंह

जौनपुर । सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में शनिवार को स्वामी विवेकानन्द पुस्तकालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफ़ेसर वंदना सिंह ने पौधारोपण कर स्वच्छता, हरित पर्यावरण एवं सतत विकास का संदेश दिया। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि स्वच्छ और हरित वातावरण बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। पौधारोपण न केवल पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने का माध्यम है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करने का आधार भी है। मुख्य कुलानुशासक एवं नोडल अधिकारी (वृक्षारोपण) प्रो. राजकुमार ने कहा कि पौधे केवल हरियाली का प्रतीक नहीं, बल्कि जीवन के रक्षक हैं। यदि हर व्यक्ति एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल करे तो धरती का संतुलन और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित होगा। कार्यक्रम का संयोजन नोडल अधिकारी (वृक्षारोपण) प्रो. राजकुमार के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक प्रो. प्रमोद कुमार यादव, डॉ. इंद्रेश कुमार सहित प्राध्यापक, कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## प्रेमिका से मिलने गए प्रेमी का संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव

कानपुर । उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले में जाजमऊ थाना क्षेत्र स्थित ओमपुरवा इलाके में रहने वाले एक युवक का शव शनिवार को उसी के घर से महज 500 मीटर की दूरी पर पेड़ से लटका मिला। दो सालों से पड़ोस की एक मुस्लिम लड़की से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। शुक्रवार देर रात वह अपनी प्रेमिका से मिलने गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की पड़ताल में जुट गई है।

नई बस्ती ओमपुरवा निवासी संतोष गुप्ता अपनी पत्नी अंजू, बेटे शिवम और कृष (22) के साथ में रहते हैं। उनके दोनों बेटे टेंट डेकोरेशन का काम करते हैं। परिजनों ने बताया कि छोटे बेटे कृष का पड़ोस की मुस्लिम युवती के साथ बीते दो सालों से प्रेम प्रसंग चल रहा था।

## प्रभारी निरीक्षक मैगलगंज के नेतृत्व में चला एंटी रोमियो अभियान, एक मनचला गिरफ्तार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मैगलगंज खीरी। नारी शक्ति, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व एंटी रोमियो अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने एक मनचले को दबोच लिया। बाजार, विद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर महिला आरक्षियों ने सघन चेकिंग की। संदिग्धों से पूछताछ की गई तथा युवतियों से संवाद कर उनकी सुरक्षा संबंधी सुझाव भी लिए गए। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र पाण्डेय ने कहा कि महिलाओं को भयमुक्त और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की छेड़खानी या उत्पीड़न करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। अभियान में हेड कांस्टेबल रामनयन सिंह,हेड कांस्टेबल मोहम्मद असलम कांस्टेबल जोनी कुमार, कांस्टेबल रोहित कुमार, रवी कुमार , महिला आरक्षी ज्योति यादव, सोनी माधुर, हीना व बिभेष कुमारी की सराहनीय भूमिका रही।

# पीपलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में तीसरी बार सजा मां का भण्डार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



22 सितंबर से प्रतिदिन सायं काल किया जा रहा है श्रीमद् भागवत कथा का पाठ 2 अक्टूबर को नैमिषारण्य में होगा मां की मूर्ति का विसर्जन

खैराबाद। मोहल्ला महेंद्री टोला में स्थित पीपलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के द्वारा लगातार तीसरी बार शारदीय नवरात्रि में माता का भव्य पंडाल सजाया गया है तथा रंग-बिरंगी लाइटों से रात्रि में पंडाल की शोभा भक्त जनों को अपनी ओर आकर्षित करती है श्रद्धालुओं ने बताया कि 22 सितंबर को मां दुर्गा जी की मूर्ति की स्थापना पुरोहित द्वारा कराई गई उसके उपरांत भक्तजनों के द्वारा पंडाल में इकट्ठे होकर माता की स्तुति तथा जय कारे लगाए गए सायं 7:00 बजे नैमिषारण्य के कथा व्यास कार्तिकेय पांडे जी के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का पाठ प्रारंभ किया गया कल नवरात्रि के पांचवें दिन की कथा कहते हुए व्यास ने कहा कि नवरात्रि के व्रत का विशेष महत्व है शास्त्रों में विदित है कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने भी नवरात्रि में माता की आराधना की थी इस अवसर पर उपवास रखने वाले श्रद्धालुओं को विशेष शांति तथा प्रभु की निकटता का शुभ अवसर प्राप्त होता है उन्होंने बताया कि उपवास में उप का मतलब है ईश्वर तथा वास का मतलब है निवास करना अर्थात उपवास का मतलब है प्रभु के टिकट वास करना। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जीव को थोड़ा समय अपने आराध्य देव के लिए वश्यक निकालना चाहिए बीती रात श्रद्धालुओं के द्वारा भगवान कृष्ण का जन्मदिन धूमधाम से बनाया गया पंडाल में मौजूद श्रद्धालुओं के द्वारा मां की आरती की गई तथा माता की जयकारे लगाए गए कार्यक्रम के आयोजक शिव शक्ति समिति खैराबाद के पदाधिकारीगण के द्वारा बताया गया कि 29 सितंबर को महा आरती का कार्यक्रम रखा गया है तथा 30 सितंबर से वृंदावन के कलाकारों के द्वारा सुंदर झांकियां कार्यक्रम स्थल पर प्रस्तुत की जाएगी इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष श्रीमती बेबी गुप्ता अध्यक्ष प्रतिदिन अभिषेक गुप्त रोमिल गुप्ता राजू गुप्ता प्रभात मिश्र अतुल टंडन रोली टंडन ममता मिश्रा सहित अधीक्षक की श्रद्धालु मौजूद थे।

## दिनदहाड़े मेडिकल स्टोर से कैश चुराकर फरार हुआ उचक्का, सीसीटीवी में कैद हुई पूरी वारदात

मीरजापुर। अदलहाट थाना क्षेत्र के ग्राम बैकुंठपुर में शनिवार को दिनदहाड़े केडी मेडिकल स्टोर से लगभग चार हजार रुपये चोरी कर उचक्का फरार हो गया। घटना की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। दुकान मालिक हिमालय जायसवाल ने बताया कि वह दुकान के पीछे कमरे में किसी काम से गए थे और हेल्पर दुकान में था। इसी दौरान आरोपी दुकान में आया और हेल्पर से सामान निकालने को कहकर कैश बॉक्स में हाथ डालने लगा। घटना सीसीटीवी में देख कर मालिक दौड़कर दुकान में पहुंचे, लेकिन उचक्का चार हजार रुपये लेकर भाग निकला। मालिक और हेल्पर ने चिल्लाकर उचक्के को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह पकड़ में नहीं आया। बाद में पता चला कि आरोपी बगल के गांव शाहपुर का निवासी था। हिमालय जायसवाल ने नरायनपुर पुलिस चौकी में तहरीर दर्ज कराई। चौकी इंचार्ज अजय मिश्र ने बताया कि तहरीर मिलते ही पुलिस अपराधी की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई में जुट गई है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि संदिग्ध व्यक्ति या किसी प्रकार की सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें।

# डीएम की अध्यक्षता में समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश 2047, के विजन को लेकर बैठक

**बैठक में युवा कल्याण विभाग के अन्तर्गत युवक मंगल दल एवं महिला मंगल दलों के साथ बैठक**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल, बहजोई । कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के विजन डॉक्यूमेंट के संबंध में युवा कल्याण विभाग के अन्तर्गत युवक मंगल दल एवं महिला मंगल दलों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत मुख्य अतिथि मा. जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू यादव एवं भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू रहे। जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार ने समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेशअ2047 के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विजन डॉक्यूमेंट 2047 के लिए कोई भी व्यक्ति क्यूआर कोड़ स्कैन कर सुझाव दे सकता है। उन्होंने बताया कि 12 सेक्टर कृषि एवं संबद्ध सेक्टर, पशुधन संरक्षण, औद्योगिक विकास ,आईटी, पर्यटन ,नगर एवं ग्राम्य विकास अवस्थापना, संतुलित विकास ,समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा ,सुरक्षा एवं सुशासन सेक्टर पर सुझाव दिये जा सकते हैं। कोई भी व्यक्ति एक मोबाइल सिम से तीन सुझाव दे सकता है। सुझाव अधिकतम 150 शब्दों में दिया जा सकता है। सुझाव सृजनात्मक होने चाहिए। लोकेशन ऑन होने पर ही ओटीपी आयेगा तथा ओटीपी 6 डिजिट का होगा।

मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने कहा कि उत्तर प्रदेश 2047 के लिए विजन डॉक्यूमेंट बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांवों में जाकर मोबाइल से चिन्हित 12 सेक्टर में सुझाव देने के लिए लोगों को जागरूक करें। सुझाव व्यापक परिप्रेक्ष्य में होना चाहिए। उन्होंने फर्टिलाइजर को लेकर भी चर्चा की उन्होंने कहा कि किसान मानक के अनुसार खाद का प्रयोग करें। मुख्य विकास अधिकारी ने मंगल दल के सदस्यों को इस पर लोगों से चर्चा करने को कहा। उन्होंने कहा कि कीटनाशकों का भी कम से कम प्रयोग किसानों द्वारा किया जाए तथा जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाए। सबमर्सिबल के दुरूपयोग को रोकने के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए भी कहा। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि फसल? विविधता पर भी ध्यान दिया जाए।मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के लेकर भी मंगल दल के सदस्यों को जागरूक किया। पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू यादव ने अपने संबोधन में कहा कि सीखने से अच्छा ज्ञान प्राप्त होता है। व्यावहारिक रूप में कार्य करने से अच्छी प्रेरणा प्राप्त प्राप्त होती है। अपने कार्य को मन लगाकर करना चाहिए। सकारात्मक ऊर्जा रखनी चाहिए। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर भी जागरूक किया। जिलाधिकारी ने कहा कि समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेशअ2047 के सुझाव के लिए लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि मिशन की तरह कार्य करें। मिशन शक्ति को लेकर भी चर्चा की गयी । उन्होंने कहा कि इसका ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार किया जाए। उन्होंने बताया कि एक पत्र उनके द्वारा जनपद के समस्त डिग्री कॉलेज एवं इण्टर कॉलेज के प्राचार्य एवं प्रधानाचार्य को विद्यालय एवं महाविद्यालय में 5 बिन्दुओं जिनमें विद्यालय की बेटियों द्वारा जिलाधिकारी के नाम एक पत्र एवं शक्ति पुंज तथा शक्ति सम्मान पुंज, शक्ति की बात, अभिभावकों के नाम जिलाधिकारी का पत्र शामिल किया गया है।

जिलाधिकारी ने युवक मंगल दल एवं महिला मंगल दल के सदस्यों को जिलाधिकारी की टीम में सम्मिलित होने के लिए भी कहा ताकि जनपद में मिशन मोड़ पर कार्य किया जा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, पूर्व एम एल सी परमेश्वर लाल सैनी, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार,जिला कोषाध्यक्ष भाजपा अंकित जैन, जिला मीडिया प्रभारी भाजपा मुकुल रस्तोगी, जिला उपाध्यक्ष नत्थू सिंह राणा,जिला मंत्री भाजपा जय प्रकाश गुप्ता,हरपाल सिंह लोधी एवं मीनाक्षी सागर एवं संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नवरात्रि पर्व को लेकर ब्राहमण महिला सभा की बैठक

संभल। ब्राह्मण महिला सभा चंदौसी जिला संभल के तत्वाधान में नवरात्रि पर्व के अवसर पर सभा की नगर अध्यक्ष उर्मिला शर्मा के निवास स्थान मयूर विहार में भजन संध्या का आयोजन किया गया। देवी मां की जोत प्रज्ज्वलित कर भजन संध्या का शुभारंभ किया गया। सभा महामंत्री रंजना शर्मा ने बताया कि सनातन धर्म में देवी मां के नवरात्र को धूमधाम से मनाया जाता हैं।ओर उत्तर भारत में तो सनातनी घर घर मां दुर्गा की चौकी लगाकर कलश स्थापना करते है साथ ही घर परिवार की सुख समृद्धि के लिए जौ बोते है फिर दशहरे पर जौ की बालों से पूजन किया जाता है। शारदीय नवरात्रि पर्व पर ब्राह्मण महिला सभा सदस्यों ने'' प्यारा सजा है तेरा दरबार भवानी, मेरी झोली भर दी है तूने इतना दिया मेरी माता आदि देवी मां भजनों के साथ साथ दुर्गा चालीसा नमो नमो दुर्गे सुख करनी,नमो नमो दुर्गे दुख हरनी,निराकार है ज्योति तुम्हारी ओर हनुमान चालीसा पाठ भी किया। उपस्थित सभी माताओं का रोली चंदन से टीका लगा कर ओर पटका पहनाकर स्वागत किया गया। सभा भक्त जनों में सभा सचिव रानी शर्मा, कोषाध्यक्ष मीरा दुबे शुभ्रा शर्मा विमलेश शर्मा इंद्रेश शर्मा शालिनी शर्मा स्वर्णलता दीक्षित सुधा शर्मा शिप्रा शर्मा साधना पाठक आशा गोस्वामी सपना शर्मा , रेखा शर्मा, सीमा शर्मा आभा शर्मा, नीरा भारद्वाज मधु मिश्रा आदि सदस्यों की उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उर्मिला शर्मा ने ओर संचालन रानी शर्मा ने किया।

## गुन्नौर चौराहे पर सड़क हादसा, युवक की मौत, एक घायल

**संभल गुन्नौर।** शुक्रबार की रात करीब 10:30 बजे अलीगढ़ से लहरा श्याम थाना जूनाबई जा रहे बाइक सवार दो युवक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। जानकारी के अनुसार बाइक सवार आकाश यादव (23) पुत्र राम बहादुर तथा सुमित सैनी (22) पुत्र रमेश चंद, दोनों निवासी मोहल्ला ज्योति नगर, चंदनिया थाना क्वार्सी जनपद अलीगढ़, डिबाई से बरेली की ओर जा रहे थे। गुन्नौर चौराहे के पास उनकी बाइक ट्रक से टकरा गई। हादसे में ट्रक का पिछला पहिया आकाश यादव के ऊपर से गुजर गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं सुमित सैनी को हल्की चोटें आई हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक व चालक को कब्जे में लेकर हिरासत में ले लिया है। मृतक के परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी गई है तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को लेकर बैठक

**मुरादाबाद।** शनिवार को नगर पंचायत पाकबड़ा में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान माह अक्टूबर 2025 तृतीय चरण के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में संचारी रोगों पर नियंत्रण करने के लिए विभिन्न उपायों पर चर्चा की गई और दस्तक अभियान चलाने के लिए कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक में चेयरमैन मोहम्मद याकूब,अधिशासी अधिकारी विजय आनंद,नगर पंचायत पाकबड़ा के सभासदगण, कर्मचारीगण, सफाई नायक, बीएमसी यूनिसेफ, एचएस ताजपुर आदि मोज़ूद रहे। इस अभियान का उद्देश्य संचारी रोगों के प्रसार को रोकना और लोगों को जागरूक करना है। दस्तक अभियान के तहत स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर लोगों को संचारी रोगों के बारे में जानकारी देंगे और उन्हें बचाव के तरीके बताएंगे।इस तरह के आयोजनों से संचारी रोगों पर नियंत्रण पाने में मदद मिलती है और समुदाय के स्वास्थ्य में सुधार होता है।

## पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक

**संभल।** पुलिस अधीक्षक के के बिश्नोई की देखरेख में चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग पुलिस क्षेत्राधिकारी डाक्टर प्रदीप कुमार की देखरेख में पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में संपन्न हुई जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास काउंसलरो द्वारा किया गया जहां कुल 163 पत्रावली सुनकर 30 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया तो वहीं 17 परिवारों को मिलाया गया तथा 13 पत्रावली न्यायालय में विचाराधीन होने अथवा आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद करने की संतुति की गई इस अवसर पर सेल प्रभारी डॉक्टर रुकम पाल सिंह काउंसलर अखिलेश अग्रवाल विधिक परामर्शदाता काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट संगीता भार्गव श्वेता गुप्ता बबीता शर्मा सीमा आर्य कंचन माहेश्वरी कांस्टेबल शहजाद मलिक रश्मि गहलोत ज्योति आदि लोग उपस्थित रहे।

## गुन्नौर क्षेत्र में विद्युत विभाग का चला अभियान

गुन्नौर। जिलाधिकारी सम्भल एवं विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों के निर्देश पर शनिवार को गुन्नौर उपखण्ड के जुनावई एवं गुन्नौर विद्युत उपकेंद्र से संबंधित क्षेत्रों में राजस्व वसूली एवं विद्युत चोरी रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान विभागीय टीम ने कुल 1.08 लाख रुपये की राजस्व वसूली की। वहीं बकाया बिलों पर कार्रवाई करते हुए 34 उपभोक्ताओं के विद्युत संयोजन विच्छेदित किए गए। इसके अलावा जुनावई विद्युत उपकेंद्र के ग्राम जुनावई व लहरा नगला में कुछ सम्भ्रांत व्यक्तियों एवं किसान नेताओं के यहां विद्युत चोरी पकड़ी गई। संबंधितों के खिलाफ विद्युत अधिनियम की धारा 126, 135 और 136 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है। एसडीओ ऋषि कुमार शुक्ला ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान जिला प्रशासन के सहयोग से निरंतर जारी रहेगा। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समय से अपना बिजली बिल जमा करें और केवल वैध विद्युत संयोजन से ही बिजली का उपयोग करें।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दिव्यांगजन सशक्तिकरण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन

**कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू यादव एवं भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू एवं पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी रहे**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल, बहजोई। कलक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान ( 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 ) के अन्तर्गत दिव्यांगजनों को निशुल्क सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू यादव एवं भाजपा जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू एवं पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी रहे।

कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट तथा जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी माधवी पाण्डेय द्वारा एक पुष्प एवं एक पुस्तक देकर मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि एवं अन्य अतिथि गणों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि मा. जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव ने दिव्यांगजनों को संबोधित करते हुए कहा कि आपके सहयोग के लिए विभिन्न प्रकार के उपकरण आपको उपलब्ध कराये जा रहे हैं। आप सभी की ओर से मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद देती हूँ । वह समाज के लिए कितने संवेदनशील हैं कि हर व्यक्ति विशेष का ध्यान रखते हैं। मा. मुख्यमंत्री जी अंतिम पायदान पर खड़े हुए व्यक्ति के साथ पहुंचने का प्रयास करते हैं। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि तथा जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी एवं अन्य अतिथि गणों के द्वारा दिव्यांगजन विभाग के 2 लोगों को उत्कृष्ट कार्य करने तथा 4 लोगों को दिव्यांगजन विभाग के अन्तर्गत वॉलंटियर्स के रूप में कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र दिये गये तथा एक बौद्धिक अक्षमता वाले दिव्यांगजन को लीगल गार्जियनशिप सर्टिफिकेट दिया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि एवं जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना के अन्तर्गत दिव्यांगजनों को निशुल्क 60 ट्राईसाईकिल, 28 जोड़ी बैसाखी, 10व्हीलचेयर, 10 श्रवण यंत्र एवं 05 स्मार्टकैन वितरित किये गये।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार,जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार,भाजपा जिला कोषाध्यक्ष अंकित जैन, जिला मीडिया प्रभारी भाजपा मुकुल कुमार रस्तोगी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# संभल की समस्त तहसीलों में शीघ्र आयोजित होगा जागरूकता कार्यक्रम

**जनहित में निःशुल्क प्रकाशन हेतु उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा विपणन विकास सहायता योजना के अन्तर्गत**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। जनहित में निःशुल्क प्रकाशन हेतु उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा विपणन विकास सहायता योजना के अन्तर्गत जनपद संभल की समस्त तहसीलों में शीघ्र ही जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इन कार्यक्रमों में प्रतिभागियों को खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग की रोजगारपरक एवं लाभार्थीपरक योजनाओं के साथ-साथ मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान सहित अन्य सरकारी योजनाओ की जानकारी दी जाएगी। विशेष रूप से जीरो पॉवर्टी लाइन के ग्रामीण उद्यमियों को इन योजनओं के लाभ हेतु जागरूक किया जाएगा। आवेदन से लेकर उद्योग स्थापना तक की सम्पूर्ण प्रकिया विभागीय वेवसाइट फ्र्ध्र्ध्रफ्द्बथ्.द्यथ्.द्ब्र पर ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। खादी ग्रामोद्योग योजना के अन्तर्गत उद्यम स्थापना हेतु इच्छुक प्रतिभागियों को नियमानुसार बैंको से वित्तीय सहायता व ऋण अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। जागरूकता कार्यक्रम हेतु इच्छुक अभ्यार्थी ऑनलाइन पोर्टल पर निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर सकते है। प्रतिभागियों का चयन स्थल व तिथि का निर्धारण जिला ग्रामोद्योग अधिकारी करेगे। चयनित प्रतिभागियों का कार्यक्रम की सूचना उनके मोवाइल नंबर पर भेजी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए अभ्यार्थी जिला ग्रामोद्योग कार्यालय डी0एल0 कालोनी स्टेशन रोड बहजोई सम्भल से सम्पर्क कर सकते हैं अथवा मोबाइल नंबर 7408410825, 8279915270 पर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## मास्क मेकिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई अपनी कलात्मक प्रतिभा

**बदायूं।** बाबा इन्टरनेशनल स्कूल में कक्षा एक से कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों के बीच ल्मास्क मेकिंग प्रतियोगिताङ्क का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा और कल्पनाशक्ति का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों ने विविध सामग्रियों जैसे रंगीन कागज़, चार्ट, ग्लिटर, पेंट, कपड़े की कटिंग, पंख और मोती का उपयोग कर अद्भुत मास्क तैयार किए। प्रत्येक मास्क न केवल आकर्षक था, बल्कि उसमें किसी न किसी विषय या संदेश को भी दर्शाया गया। बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन दिखाते हुए सुन्दर-सुन्दर एवं अनेकों प्रकार के शेर, बिल्ली, तितली, पांडा, डोरेमोन, सूरज, चाँद, प्रथ्वी, आदि आकृतियों के साथ-साथ देवी माँ के स्वरूपों के मास्क बनाकर सबका मन मोह लिया ॰ प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय का वातावरण पूरी तरह रचनात्मकता और ऊर्ज़ा से भर गया। निर्णायकों के लिए विजेताओं का चयन करना बेहद कठिन रहा क्योंकि सभी प्रस्तुतियाँ सराहनीय थीं।प्रतियोगिता में कक्षा एक से शार्दुल गौड़, कक्षा-दो से माज, कक्षा तीन से सार्थक माहेश्वरी, कक्षा चार से शिवांश मालिक, कक्षा पाँच से हिफ़्ज़ा, कक्षा छ से राधिका, कक्षा सात से तनु सिंह, कक्षा आठ से दीपा पाठक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## प्रचार साहित्य पाकर आमजन ने की व्यक्ति की प्रसन्नता

**बदायूँ।** प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी व लाभार्थीपरक विभिन्न योजनाओं, नीतियों, कार्यक्रमों व उपलब्धियो से संबंधित सूचना और जनसंपर्क विभाग लखनऊ द्वारा प्रकाशित प्रचार साहित्य का शनिवार को जिला सूचना कार्यालय बदायूं के कर्मचारियों द्वारा कलेक्ट्रेट में वितरण किया गया। सूचना विभाग द्वारा प्रकाशित प्रचार साहित्य में विभिन्न योजनाओं की जानकारी व प्रगति दी गई है। इसके अतिरिक्त बाबा साहब भीमराव आंबेडकर जी से संबंधित प्रचार साहित्य वितरित किया गया तथा अन्य प्रचार साहित्य भी वितरित किया गया। प्रचार साहित्य प्रकार आमजन ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार आमजन के हितार्थ अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है, जिसका सीधा लाभ पात्रों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रचार साहित्य के माध्यम से वह भी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उसका लाभ लेंगे तथा अन्य को भी उसका लाभ लेने के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित करेंगे।प्रचार साहित्य वितरण के दौरान जिला सूचना कार्यालय के अमर सिंह, महेंद्र सिंह, सोमेंद्र राठौर आदि मौजूद रहे।

## जिले में खनन माफियाओं के हौसले बुलंद मिट्टी लदे ट्रैक्टर ट्राली रात भर दौड़ते



**बदायूं।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के दातागंज रेलवे क्रॉसिंग पर रात से लेकर सुबह तक मिट्टी से लदी ट्रैक्टर ट्रालियां,खुलेआम दौड़ रही। शहर के निकटवर्ती गांव से मिटटी का अवैध खनन का कारोबार हो रहा हैं जो शहर की कॉलोनी में मिट्टी डाली जा रही है वैसे तो जनपद में अवैध खनन का काला कारोबार किसी से छिपा नहीं है। एसएसपी की सख्ती होने के वाबजूद भी माफिया रात के अंधेरे में स्थानीय थाना पुलिस व नेताओं के संरक्षण में जमकर मिट्टी का खनन का कार्य कर रहे है। खनन माफियाओं के हौसले इस कदर बुलंद हैं हर रोज सैकड़ों ट्राली मिटटी का खनन कर माफिया मोटी कमाई कर रहे हैं।मिटटी का खनन होते समय कोई भी अधिकारी उनको पकड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा हैं।और स्थानीय पुलिस खनन अधिकारी आंखें बंद करके बैठें हैं। जबकि आमगांव,नगला शर्की,बुधवाई, हाजीपुर, दौरी रसूलपुर उझानी,कुंवरगांव आदि के गांव के जंगलों में प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टर ट्राली से अवैध मिट्टी की ढुलाई की जाती है।अवैध मिटटी खनन का लाखों का काला कारोबार कर मिटटी माफिया हर रोज सैकड़ों ट्रालियां मिटटी बेंच कर काली कमाई कर रहे हैं। इस कारोबार के कारिंदों पर प्रभावी अंकुश न लग पाने से वह बेखौफ होकर पिछले काफी समय से अवैध खनन का कारोबार कर रहे हैं और नियमों को ताक पर रख कर मिट्टी खनन माफियाओं द्वारा किये जा रहे बड़े पैमाने पर अवैध मिटटी ढुलाई मामले में कोई कार्रवाई नहीं हो रही हैं।

# मास्क मेकिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई अपनी कलात्मक प्रतिभा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। बाबा इन्टरनेशनल स्कूल में कक्षा एक से कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों के बीच ल्मास्क मेकिंग प्रतियोगिताङ्क का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा और कल्पनाशक्ति का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों ने विविध सामग्रियों जैसे रंगीन कागज़, चार्ट, ग्लिटर, पेंट, कपड़े की कटिंग, पंख और मोती का उपयोग कर अद्भुत मास्क तैयार किए। प्रत्येक मास्क न केवल आकर्षक था, बल्कि उसमें किसी न किसी विषय या संदेश को भी दर्शाया गया। बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन दिखाते हुए सुन्दर-सुन्दर एवं अनेकों प्रकार के शेर, बिल्ली, तितली, पांडा, डोरेमोन, सूरज, चाँद, प्रथ्वी, आदि आकृतियों के साथ-साथ देवी माँ के स्वरूपों के मास्क बनाकर सबका मन मोह लिया ॰ प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय का वातावरण पूरी तरह रचनात्मकता और ऊर्ज़ा से भर गया। निर्णायकों के लिए विजेताओं का चयन करना बेहद कठिन रहा क्योंकि सभी प्रस्तुतियाँ सराहनीय थीं।प्रतियोगिता में कक्षा एक से शार्दुल गौड़, कक्षा-दो से माज, कक्षा तीन से सार्थक माहेश्वरी, कक्षा चार से शिवांश मालिक, कक्षा पाँच से हिफ़्ज़ा, कक्षा छ से राधिका, कक्षा सात से तनु सिंह, कक्षा आठ से दीपा पाठक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।विद्यालय डायरेक्टर अनुज वार्ष्णेय तथा विद्यालय निदेशिका साधना वार्ष्णेय ने बताया कि कि ऐसे आयोजन बच्चों के कला कौशल, आत्मविश्वास और सृजनात्मक सोच को प्रोत्साहित करते हैं। साथ ही, विद्यार्थियों को अपनी छिपी प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने का एक सुनहरा अवसर भी प्रदान करते है।विद्यालय प्रधानाचार्या रूपा माहेश्वरी ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीर्ण विकास के लिए विद्यालय में समय समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है बच्चों में पढाई के साथ साथ अनेकों प्रकार के कौशल का भी ज्ञान होता है। जो उन्हें

# डीएम ने मिशन शक्ति 5.0 को लेकर जनपद के समस्त डिग्री कॉलेज के प्राचार्य एवं इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य को लिखा पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल, बहजोई । शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन से माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन की थीम पर शुभारम्भ किये गये मिशन शक्ति 5.0 अभियान को जनपद में अधिक से अधिक बढावा देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा जनपद के समस्त प्राचार्य डिग्री कॉलेज एवं समस्त प्रधानाचार्य इण्टर कॉलेज को पत्र जारी किया गया। जिलाधिकारी द्वारा पांच बिन्दुओं पर पत्र लिखा गया है। प्रथम बिन्दु के अन्तर्गत डिग्री कॉलेज एवं इण्टर कॉलेज की बालिकाएं नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, एवं स्वावलंबन को सुदृढ़ करने एवं इसे आगे निरंतर बनाये रखने के लिए नारी शक्ति सलाह दे सकती है। साथ ही अपने आस पास के परिवेश की समस्या और उसके स्थानीय समाधान के विषय में भी अपने सुझाव दे सकती हैं। अतः विद्यालय/ महाविद्यालय की बेटियों को जिलाधिकारी के नाम एक पत्र, कविता, कहानी, निबंध अथवा सुझाव पत्र के रूप में या अन्य किसी विद्या में भी हो सकता है।

द्वितीय बिन्दु के रूप में शक्ति पुंज को रखा गया है। इसके अंतर्गत विद्यालय/ महाविद्यालय की 10 से 20 बालिकाओं का एक समूह शक्ति पुंज के रूप में गठित किया जाए। यह शक्ति पुंज नारी सुरक्षा एवं नारी सम्मान की दिशा में कार्य करेगा। शक्ति पुंज के द्वारा अपने विद्यालय के अंदर अपने घर परिवार एवं गाँव की समस्याओं को विद्यालय प्रशासन एवं जिला प्रशासन के संज्ञान में बेटियों द्वारा जिलाधिकारी के नाम एक पत्र के माध्यम से लाया जा सकता है। तृतीय बिन्दु शक्ति सम्मान पुंज के अन्तर्गत शक्ति पुंज के समान जहाँ विद्यालयों में छात्र हैं वहां शक्ति सम्मान पुंज का गठन किया जाए ताकि विद्यालयी/ महाविद्यालयी शिक्षा के समय से ही सभी छात्र, छात्राओं का सम्मान करना सीखें और अपने परिवार माता एवं बहन के समान आदर दें। चतुर्थ बिन्दु में शक्ति की बात को शामिल किया गया है। सभी विद्यालय महाविद्यालय में प्रत्येक शनिवार को शक्ति की बात का आयोजन किया जाए जिसमें सभी छात्र /छात्राएं नारी सुरक्षा सम्मान स्वावलंबन पर चिंतन ,चर्चा एवं विमर्श करेंगे।

पंचम बिन्दु में अभिभावकों के नाम जिलाधिकारी का पत्र को शामिल किया गया है। जिसके अंतर्गत पत्रों की एक श्रृंखला अभिभावकों के नाम जारी की जाएगी जिसे सभी विद्यालय एवं महाविद्यालय अपनी पीटीएम/ एसएमसी की बैठक में अभिभावकों के साथ पत्र का वाचन भी करें एवं मिशन शक्ति 5.0 के विचार अभिभावकों को समझाएंगे। जिलाधिकारी ने 9 अक्टूबर 2025 तक समस्त पांच बिंदुओं पर कार्यवाही पूर्ण करने के लिए भी समस्त प्राचार्य एवं प्रधानाचार्य को निर्देशित किया है।

# भारत अब किसी देश पर निर्भर नहीं रहेगा: राजीव कुमार गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बदायूं। भाजपा कार्यालय पर आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी दिनेश कुमार शर्मा, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने संबोधित किया।जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा स्वदेशी अपनाने की पहल आत्मनिर्भर भारत अभियान का हिस्सा है। भारत अब किसी देश पर निर्भर नहीं रहेगा। आत्मनिर्भर बनकर हमें भारत के मॉडल को अपनाना होगा। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित बनाने का रास्ता स्वदेशी व आत्मनिर्भर अभियान से निकलेगा। अभियान चलाकर लोगों को इसके लिए प्रेरित किया जाएगा। इस अभियान के तहत देश भर में नागरिकों को स्वदेशी उत्पादों के उपयोग और जीवन मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया जाएगा। अभियान के तहत 28 से 30 सितंबर तक को मंडल कार्यशालाएं, 7 से 8 अक्टूबर के मध्य जिला स्तरीय प्रेसवार्ता, 16 से 30 अक्टूबर के मध्य जिला स्तरीय युवा एवं महिला सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान सोशल इनफ्लुएंसर्स को अभियान से जोड़कर स्वदेशी उत्पादन का प्रचार कराया जाएगा। आत्मनिर्भर भारत सिग्नेचर वॉल पर नागरिकों से लिखित संकल्प लिया जाएगा। 1 से 15 नवंबर के मध्य जिला स्तरीय प्रोफ़ेशनल मीट का आयोजन किया जाएगा। युवा मोर्चा द्वारा कॉलेजों में स्वदेशी बनाम विदेशी विषय पर संगोष्ठियों और सेमिनार आयोजित कर प्रत्येक कॉलेज से आत्मनिर्भर भारत अम्बेसडर चुने जाएंगे। एक जिला एक उत्पाद योजना के अंतर्गत अभियान से जुड़े कार्यक्रमों में स्वदेशी मेला, स्ट्रीट वेंडर सम्मेलन, स्थानीय कारीगर सम्मेलन, भारत संकल्प रथ और पदयात्राएं भी शामिल रहेंगी। प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी दिनेश कुमार शर्मा ने कहा आत्मनिर्भर अभियान आर्थिक स्वावलंबन की पहल नहीं बल्कि देश के स्वाभिमान का हिस्सा भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ''लोकल का वोकल'' के आहान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए यह अभियान मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कभी भारत की तुलना पाकिस्तान से होती थी और देश आर्थिक व्यवस्था में दसवें स्थान पर भी नहीं था। लेकिन आज भारत अर्थव्यवस्था में चौथे स्थान पर है अमेरिका व चीन जैसे देशों की तुलना भारत से की जा रही है। यह परिवर्तन तभी संभव हुआ है जब देश ने नागरिकों ने स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का बढ़ावा दिया है। इस मौके पर सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य, दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह, अध्यक्ष जिला पंचायत वर्षा यादव, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अशोक भारतीय, आरएस पाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम यादव, पूर्व चेयरमैन दीपमाला गोयल, वरिष्ठ नेता बुधपाल सिंह, शैलेश पाठक, एमपी सिंह राजपूत, केशव चौहान, अनुराग दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# डीएम,एसएसपी ने सुनीं थाना दिवस पर जन समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश एसएससी डॉ. बृजेश कुमार सिंह शनिवार को थाना वजीरगंज में आयोजित थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए पुलिस अधिकारियों को फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनकर उनका गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर भूमि विवाद आदि से संबंधित 04 शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिनके निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि वह अपने क्षेत्र का नियमित रूप से भ्रमण करें। गणमान्य लोगों व प्रबुद्धजनों के संपर्क में रहे तथा छोटी से छोटी घटना की जानकारी भी उच्चाधिकारियों को दें ताकि समय रहते उसका निदान कराया जा सके।डीएम ने प्राप्त भूमि विवाद आदि प्रकृति से संबंधित 04 शिकायती पत्रों के गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश देते हुए कहा कि भूमि व राजस्व विवाद से संबंधित वादों के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का निस्तारण शिकायतकर्ता के सामने किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि आवश्यक है इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए।इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# मैनेज का खेल खत्म : केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री ने राज्य सरकार के बचाए 122, करोड रुपए

## आलोक कंस्ट्रक्शन और निर्भय कंस्ट्रक्शन को नहीं मिला एक भी टेंडर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया के कारण पीडब्ल्यूडी विभाग में सौ करोड़ के टेंडर में सरकारी धन की बचत हुई है और वे ऐसे में शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी विभा ग देवीपाटन मंडल में चल रहे दस टेंडर को खो ल दिया गया,ये सभी टेंडर गोंडा,बहराइच, बल रामपुर के मुख्य सड़कों के है इन टेंडरो में विका स कार्यो के खर्च होने वाले सरकारी प्रोडक्ट की कीमत कुल बोली चार सौ 21 करोड़ रुपए की थी जिस पर कुल दो 99 करोड़ की अंतिम बो ली लगाई गई है,मतलब यह है कि योगी सरका र को एक सौ 22 करोड़ का शुद्ध मुनाफा हुआ है,और ये ऐसे हुआ है कि ओसतन सारे टेंडर 29 प्रतिशत तक झूठे हैं,। केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ़ राजा भैया को जन ता के पैसों की बचत का श्रेय इस लिए जाता है क्यो कि जब ये सारे टेंडर निकले थे तब उनके ही द्वारा एक शिकायती पत्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखा था,टेंडर प्रक्रिया में अ नियमिताओं का आरोप लगाया गया था उन्होंने पत्र में लिखा था कि कुछ लोग ठेकेदारों को डरा धमका कर टेंडर मैनेज करने की बात कही थी।ऐसे शिकायत के बाद सभी टेंडर को निरस्त कर दिया गया था।मुख्यमंत्री ने पीडब्ल्यूडी वि भाग के सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि टेंडर प्रक्रिया पारदर्शी रहे और पूरी ईमानदारी से जल्द से जल्द या प्रोडक्ट चालू हो।इन टेंडरो में केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री के संसदीय क्षेत्र की महत्वपूर्ण सड़क इटियाथोक बाबागंज मार्ग और उतरौला विधानसभा क्षेत्र की दो सडके शामिल हैं,योगी सरकार को इटियाथोक मार्ग का काम 32 प्रतिशत बचत पर चोपड़ा ट्रेडर्स को मिला है।वही मथुरा मार्ग का टेंडर 24 प्रति शत की बचत पर पवन मझारा को मिला है। पाटेश्वरी देवी मार्ग 30 प्रतिशत कम पर हुआ है, दुधारा कठोलिया मार्ग 30 प्रतिशत कम वही महेशभारी मार्ग 32 प्रतिशत उतरौला मार्ग 23 प्रतिशत,पीलीभीत बस्ती 36 प्रतिशत,बहराइच बायपास 25 प्रतिशत,बेहड़ा बरदहा मार्ग 26 प्रतिशत, मेधाकिया भभूति नाथ मार्ग 28 प्रति शत काम हुआ है।सबसे मजेदार बात यह है कि गोंडा जिले के दो मशहूर ठेकेदार की कम्पनिया आलोक कंस्ट्रक्शन और निर्भय कंस्ट्रक्शन को एक भी टेंडर नहीं मिला है।वही दस टेंडर में से एक टेंडर पवन मझारा को प्राप्त हुआ है। अब टेंडर फाइनल होने की जानकारी क्षेत्र के लोगों को ही तो उन्हें तसल्ली मिली है कि टेंडर फाइ नल होने से अब सड़क निर्माण का काम शुरू जल्द शुरू हों जाएगा।

## लापता महिला का झाड़ियों में मिला शव

गोंडा। जिले के कटरा बाजार थाना क्षेत्र के गुला म पुरवा ग्राम पंचायत के चौदहा-मेटुकहा गांव में एक 40 वर्षीय महिला का शव झाड़ियों में मिला है।महिला की पहचान राजकुमारी पत्नी खुरभुर के रूप में हुई है,जो शुक्रवार शाम से लापता थीं।परिजनों के अनुसार,राजकुमारी शुक्रवार शाम घर से निकली थीं लेकिन वापस नहीं लौटीं।परिजनों ने रात भर खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।शनिवार दोपहर करीब 2.30 बजे ग्रामीणों ने दोबारा तलाश शुरू की तो उनका शव झाड़ियों में देखा। सूच ना मिलते ही कटरा बाजार थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह,डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे।पुलिस ने शव को क ब्जे में लेकर पंचायतनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।पुलिस ने परिजनों से पूछ ताछ कर पूरे मामले की जांच कर रही है।ग्रामी णों के अनुसार मृतका के पति खुरभुर की दो शादियां हुई हैं।राजकुमारी से उनके चार बच्चे हैं जिनकी उम्र 5 से 15 वर्ष के बीच है।थाना अध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया कि महिला शुक्र वार देर शाम से लापता थी और शनिवार को उसका शव मिला है।पुलिस पति खुरभुर से पूछ ताछ कर रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# लायंस नेत्र चिकित्सालय व वृद्धाश्रम का भूमि पूजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। सदर तहसील के ग्राम इन्द्रापुर बड़गांव में लायंस केयर फाउंडेशन के द्वारा प्रस्तावित लायंस नेत्र चिकित्सालय एवं वृद्धाश्रम के निर्मा ण कार्य के लिए भूमि पूजन समारोह का आयो जन किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने वि धिवत पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभा रंभ किया।अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने लायंस क्लब द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि य ह पहल जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं और वृद्धज नों की देखभाल के लिए एक मील का पत्थर सिद्ध होगी।उन्होंने कहा कि समाज के वंचित वर्ग,विशेषकर नेत्र रोगियों एवं बेसहारा बुजुर्गों के लिए यह परियोजना अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी।जिलाधिकारी ने उपस्थित जनसमूह से अपील की कि वे इस प्रकार की जनकल्याण कारी योजनाओं में सहयोग करें और सेवा की इस भावना को आगे बढ़ाएं। उन्होंने यह भी आ श्वस्त किया कि जिला प्रशासन की ओर से इस परियोजना को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। लायंस केयर फाउंडेशन के पदाधिका रियों ने बताया कि नेत्र चिकित्सालय में अत्याधु निक नेत्र चिकित्सा सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी तथा वृद्धाश्रम में वरिष्ठ नागरिकों के लिए आवश्यक सभी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी।इस अवसर पर लायंस क्लब दिलीप सिंह सहित सभी पदाधिकारीगण, स्थानीय नागरिक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# प्रो. यूपी सिंह के निधन से अधिवक्ता शोकाकुल

## भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने व्यक्त की शोक संवेदना, शिक्षा जगत की अपूर्णीय क्षति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। गोरखपुर क्षेत्र इकाई ने प्रोफ़ेसर यूपी सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया कलेक्ट परिसर गोरखपुर में प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक अमिताभ त्रिपाठी अटल ने अधिवक्ताओं की आवश्यक बैठक आहूत की जिसमें अधिवक्ताओं ने दो मिनट मौन रहकर शोक संवेदना व्यक्त की इस दौरान लोगों ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।वे दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में गणित के विभागाध्यक्ष,वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के पूर्व कुलपति प्रो यूपी सिंह हमारे बीच नही रहे प्रो सिंह का गोरखनाथ मंदिर से अंतिम समय तक लगाव रहा उन्होंने सदैव शिक्षा के क्षेत्र में शुचिता कर्तव्य परायणता पर जोर दिया प्रो सिंह गोरखपुर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष व मुख्य नियंता रहे साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उत्तर प्रदेश के प्रांत सरसंघचालक, एमपी शिक्षा परिषद अध्यक्ष के दायित्वों का सफलता पूर्वक निर्वहन किया तथा उनके पुत्र प्रो वीके सिंह गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति रहे। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति दे तथा परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

शोक संवेदना व्यक्त करने वाले अधिवक्ताओं में प्रमुख रुप से जिला अधिवक्ता एसोसिएशन गोरखपुर के अध्यक्ष प्रमोद कुमार पांडे, क्षेत्रीय सह संयोजक अजय गुप्ता बजरंगी,हरि प्रकाश मिश्रा,रवि प्रकाश शुक्ला,विष्णु कांत शुक्ला,गजेंद्र मणि त्रिपाठी,निकेत नारायण सेवक पांडे,केडी पाठक, डीजीसी प्रियानंद सिंह,डीजीसी विवेक सरकारी, कृष्णा नंद तिवारी, भास्कर शुक्ल,वीरेंद्र सिंह,उपेंद्र दूबे,अखिलेश दूबे,रामरूप त्रिपाठी,धीरेन्द्र जायसवाल,अनादि मिश्रा,सुदामा प्रसाद चौधरी,धर्मेंद्र सिंह, शैलेंद्र सिंह,सचिन द्विवेदी,संजय भारती,श्रीकृष्ण चंद्र,सदानंद चतुर्वेदी,राजकमल शुक्ला,नरेंद्र महंता, शम्भू नारायण,आशुतोष मिश्र,मृत्युंजय राज सिंह,केपी सिंह,रवि प्रकाश श्रीवास्तव, अचल खरे,विनय उपाध्याय,रमाशंकर राम त्रिपाठी,सूर्यभान सिंह,रघुनंदन दूबे,राकेश श्रीवास्तव,रविंद्र श्रीवास्तव,गंगेश्वर त्रिपाठी, रूपल मौर्य,कृष्ण मोहन सिंह सरकार,संजय श्रीवास्तव,अनिरुद्ध पांडे,चंद्रभूषण दूबे, अभय नंदन त्रिपाठी,संजय भारती,अजय मिश्रा,राजेश श्रीवास्तव, परमानन्द सिहं, अजय सिंह संचू, सौरभ श्रीवास्तव, धर्मेंद्र मिश्रा,अजय पांडे,विरेन्द्र शर्मा,विनोद सिंह बघेल,अमिता शुक्ला,स्नेहा मिश्रा,पुष्पा सिंह,करुणा शुक्ला, गुंजन श्रीवास्तव अजिता मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## सांप के डसने से बुजुर्ग महिला की मौत

महराजगंज,रायबरेली। थाना क्षेत्र के पूरे ताले मजरे दौतरा गांव में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 60 वर्षीय महिला की सांप के काटने से मौत हो गई। मृतका की पहचान मोहन देई पत्नी संतलाल के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार, सुबह करीब 6 बजे जब मोहन देई कंडे के पास काम कर रही थीं, तभी एक जहरीले सर्प ने उन्हें काट लिया। जहरीला डंक लगने के बाद उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।घटना की सूचना मिलते ही चंदापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव में घटना के बाद शोक का माहौल है।

# ब्लाक भटहट कासंकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता हुआ सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित ब्लाक भटहट के संकुलों का संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता 26 व 27 सितम्बर को सम्पन्न हुआ । 26 सितम्बर को संकुल मुडिला,समदार खुर्द,बरगदी व भटहट तथा 27 सितम्बर को पतरा, जैनपुर,गुलरिहा व डुमरी संकुल के विद्यालयों का खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । संकुल पतरा के कम्पोजिट विद्यालय मौलाखोर में हुए खेल आयोजन में प्राथमिक विद्यालय पतरा प्रथम,पतरा द्वितीय,तुलरीदेई,कैथवलिया ,कम्पोजिट विद्यालय मौलाखोर, उच्च प्राथमिक विद्यालय पतरा के बच्चों ने प्रतिभाग किया । जिसमें ब्लाक अध्यक्ष नरेन्द्र प्रताप सिंह,रामकिशुन,रमेश मणि त्रिपाठी, मदन तिवारी,अश्वनी शर्मा,रीमा,पूर्णिमा पाठक,रिंकी शर्मा,सुनील कुमार,सुजीत विश्वकर्मा,रश्मि वैश्य, पूर्णिमा तिवारी,शैलेश,सत्यभामा शर्मा ने बढ़चढ़ कर सहयोग किया । इसी प्रकार संकुल डुमरी का खेल प्रतियोगिता पूर्व माध्यमिक विद्यालय डुमरी नम्बर एक मे सम्पन्न हुआ । जिसमें प्राथमिक विद्यालय डुमरी नम्बर एक,कोइरीपुर,डुमरी नम्बर 1 व डुमरी नम्बर दो,अवादी सखनी नवीन,पूर्व माध्यमिक विद्यालय जंगल डुमरी नम्बर एक के बच्चों ने प्रतिभाग किया । पूरे खेल प्रतियोगिता में खेल शिक्षक सन्तोष तिवारी,अभिमन्यु तिवारी,दिलीप कपाड़िया,नवीन सिंह,मनीष सिंह, रामाज्ञा प्रसाद,अमरजीत,गीता पाण्डेय, रीता चौरसिया व ममता राय का विशेष सहयोग रहा । खण्ड शिक्षा अधिकारी ध्रुव प्रसाद ने खेल प्रतियोगिता सफल बनाने में प्रतिभाग करने वाले सभी शिक्षकों व बच्चों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा विजयी बच्चों को ब्लाक स्तरीय खेल प्रतियोगिता की तैयारी के लिए आह्वान किया ।

# जिले में खूब चल रहा बिजली कटौती का खेल




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले में नवरात्र व दुर्गापूजा में कटौती न हीं किए जाने के फरमान के बावजूद जब तब बिजली गुल हो रही है।तारों को बदलने का सि लसिला नहीं थम रहा है और न ही कटौती पर अंकुश लग पा रहा है।शहर से लेकर गांवों तक कटौती को लेकर दुर्गा पूजा समितियों में खासी नाराजगी है।जिले के उपभोक्ताओं का कहना है आवाजाही से बिजली के संबंधित व दैनिक का मकाज में दिक्कतें हो रही है।इसी तरह झंझरी उपकेन्द्र के बड़गांव-एक फीडर सुबह से कई घं टे तक फाल्ट में रहा।वहीं,ग्रामीण क्षेत्रों इटिया थोक व खरगूपुर में शाम को कटौती से बाजार में अंधेरा छाया रहता है।पूजा पण्डालों में इससे भक्तों की भीड़ नहीं जुट पा रही है।धानेपुर में बेंदुली उपकेन्द्र में खराबी आ जाने करीब दो लाख की आबादी अंधेरे में रहने को मजबूर रही।

# आज मैंने आपको पार उतारा, जब मैं आऊं भवसागर से पार लगा देना''

## राम केवट संवाद सुन भाव विभोर हुए दर्शक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। श्री मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम लीला कमेटी रजि. द्वारा शहर के बशीरगंज स्थित राम लीला मैदान में मथुरा-वृंदावन के कलाकारों द्वारा राम लीला का भव्य मंचन किया जा रहा है।शनिवार को दशरथ मरण, केवट संवाद, निषाद मिलन का मनोरम मंचन किया गया। रामलीला देखने स्थानीय और दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने भरपूर आनंद उठाया। देर रात तक लोगों की भारी भीड़ मौजूद रही।राम, लक्ष्मण और सीता की वन गमन के समय भीलों के राजा निषादराज से भेंट हुई।निषादराज प्रभु राम को देखकर दुखी होने के साथ बाद में आनंदित हो उठे। निषादराज ने आदर सत्कार कर बस्ती में रुकने का प्रभु श्रीराम से आग्रह किया लेकिन प्रभु राम ने पिता के वचनों से बंधे होने की बात कहीं। अगले दिन प्रातः निषादराज राम,लक्ष्मण और सीता गंगा की ओर चलते हैं। श्रीराम गंगा तट पर सुमंत को अयोध्या लौट जाने को कहते हैं। गंगा के पार जाने के लिए राम केवट से याचना करते हैं। लेकिन केवट यह कहते हुए मना कर देते हैं कि कहीं आपके चरणरज का स्पर्श पाकर नाव नारी न बन जाए। केवट राम से चरण धोकर नाव में बैठाने की शर्त रखते हैं। केवट प्रभु राम के चरणरज को धोकर पीते हैं। केवट राम, लक्ष्मण और सीता को गंगा पार कराते हैं। राम केवट को गंगा पार करने की मुद्रिका के रूप में अंगूठी देते हैं लेकिन केवट यह कहकर मना कर देते हैं कि आज आप मेरे घाट पर आए तो मैंने आपको पार उतारा, जब मैं आपके घाट आऊं तो आप मुझे भवसागर से पार लगा देना। केवट की यह बात सुनकर राम आशीर्वाद देकर आगे बढ़ जाते हैं। राम-केवट संवाद की लीला मंचन देकर दर्शक प्रभु राम के उद्घोष से वातावरण गुंजायमान हो उठता है।इस दौरान अध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल,कमल शेखर गुप्ता,संतोष अग्रवाल,राहुल रॉय, जय जय अग्रवाल,राकेश चन्द्र श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव, अंशुमान यज्ञसैनी,नन्हे लाल लोधी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पुलिस को फायरिंग की झूठी सूचना देना युवक को पड़ा भारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले के तरबगंज थाना क्षेत्र में एक हैरा न करने वाला मामला सामने आया है ग्राम भि खारीपुर कला (ऊंचवा) श्रवण कुमार पुत्र राम देव को थाना तरबगंज पुलिस को फायरिंग की झूठी सूचना देना भारी पड़ गया।पुलिस ने न सिर्फ उसके खिलाफ शांति भंग का मामला द र्ज किया,बल्कि उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दि या गया।शुक्रवार की रात्रि में डायल 112 पर श्रवण कुमार के द्वारा सूचना दी की भिखारीपुर कला (उंचवा) में लोग फायरिंग कर रहे हैं। डाय ल 112 एवं थाना तरबगंज पुलिस द्वारा मौके पर पहुँचकर जाँच की गई तो फायरिंग की घट ना संदिग्ध पाई गई, ग्राम वासियों से पूछताछ की गई तो लोगों ने बताया कि वहाँ कोई फाय रिंग नहीं हुई है।जब श्रवण से कड़ाई से पूछा गया तो बताया कि वह यूट्यूबर है तथा सोशल मीडिया (फ़ेसबुक, इंस्टाग्राम आदि) पर वीडियो बनाने और अपलोड करने के उद्देश्य से उसने फायरिंग की झूठी सूचना दी थी।अभियुक्त के पास से मौके की वीडियो भी बरामद हुईं । गिर फ्तार व्यक्ति के विरूद्ध थाना तरबगंज पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# डीएम , एसएसपी ने पिपराइच थाना में की बैठक, पैदल मार्च कर सुरक्षा

## पांडाल की जानी समस्याएं, समाधान का आश्वासन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पिपराइच,गोरखपुर। जिलाधिकारी दीपक मीणा तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नैयर शनिवार शाम पिपराइच थाने में बैठक किया। दुर्गा पांडाल,व दशहरा पर्व पर आने वाली समस्याओं को जाना ।तथा समाधान का आश्वासन भी दिया।एसएसपी श्री नैयर ने दुर्गा पूजा समिति संयोजक गण से आने वाले समस्याओं को जाना। बैठक में समुदाय विशेष द्वारा रास्ते में बैनर लगा कर रास्ता बाधित करने, रास्ते में लटकते तार तथा जर्जर सड़क आदि समस्याएं बताई गई। विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए यथा संभव समस्या समाधान का आश्वासन दिया।एसएसपी ने कहा पांडाल पर आग से बचाव के लिए बालू , पानी, पांडाल में लगे कटे पीटे तार का मरम्मत,भीड़ नियंत्रण की योजना बनाने, समिति के सदस्यों से चौबीसों घंटे पांडाल की निगरानी कराने, असामाजिक तत्वों व अपरिचित संदिग्ध की सूचना पुलिस को देने, जुलूस में मादक पदार्थों के सेवन पर नियंत्रण, मानक के अनुरूप डीजे लगाने आदि का निर्देश दिया। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा पर्व को भाईचारा के साथ मनाए । किसी के भावनाओ को ठेस न लगे इसका ध्यान दें। साथ ही रावण दहन के पुतले में पटाखे आदि पर विशेष ध्यान दें। ड्रोन का अफवाह न फैलाएं। यदि कहीं शिकायत मिले । तुरंत पुलिस को सूचित करें। बैठक का संचालन थानाध्यक्ष अतुल कुमार श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर बिजली, राजस्व,नगर पंचायत पिपराइच के अधिकारियों सहित पूर्व जीतेन्द्र जायसवाल, सभासद रमज़ान अली , चंदन गुप्ता, आशीष अग्रवाल,अजय निषाद, दीपक चौहान, ग्राम प्रधान गण सहित सैकड़ों समिति के कार्यकर्ता व पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## विशाल सनातन धर्म संस्कृति प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

नानपारा, बहराइच। श्री नव दुर्गा पूजा समिति, विश्वनाथ मन्दिर की ओर से एक विशाल सनातन धर्म संस्कृति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जूनियर और सीनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।सीनियर वर्ग में स्नेहा श्रीवास्तव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं प्रखर कुमार वर्मा द्वितीय, राघवेन्द्र मदेशिया व अस्तित्व गुप्ता संयुक्त रूप से तृतीय और मानवी कशौंधन चतुर्थ स्थान पर रहीं। जूनियर वर्ग में समृद्धि गुप्ता प्रथम, अनुष्का जायसवाल द्वितीय, माधव गुप्ता तृतीय तथा अदिति गुप्ता और चूणामणि संयुक्त रूप से चतुर्थ स्थान पर रहे। प्रतियोगिता का संचालन अमित पाण्डेय ने किया। दर्जनों प्रतिभागियों की मौजूदगी ने आयोजन को और अधिक जीवंत बना दिया। कार्यक्रम में आयोजन समिति के अध्यक्ष सुदर्शन यज्ञसैनी, मुख्य अतिथि के रूप में विश्वनाथ मंदिर के अध्यक्ष धर्मेन्द्र गुप्ता, उपाध्यक्ष दिलीप जायसवाल, नगर प्रचारक बलजीत, नगर कार्यवाह आरएसएस आनन्द, धर्मेन्द्रकान्त श्रीवास्तव, राम कुमार गुप्ता, राघवेन्द्र गुप्ता, गोपाल टेकड़ीवाल, शिवम गुप्ता, हर्षित श्रीवास्तव सहित समिति के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति की उड़ान: बालिकाओं में उमड़ा आत्मविश्वास

## कक्षा 8 की प्रियंका बनी एक दिन की थानेदार, मिशन शक्ति अभियान का अनोखा प्रयास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। मिशन शक्ति फ़ेज 5.0 अभियान के तहत नानपारा में बालिकाओं को सशक्त बनाने की दिशा में पुलिस प्रशासन की अनोखी पहल सामने आई। शनिवार को कस्तूरबा गांधी विद्यालय की कक्षा 8 की छात्रा प्रियंका सिंह को एक दिन के लिए कोतवाली नानपारा का थाना प्रभारी बनाया गया। वहीं, शुक्रवार को सॉफ्ट पेटल एकेडमी की छात्रा पहल श्रीवास्तव को दो घंटे के लिए क्षेत्राधिकारी (सीओ) नानपारा की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। थाना प्रभारी की कुर्सी पर बैठते ही प्रियंका सिंह ने थाने आए फरियादियों की समस्याएँ सुनीं और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं सीओ बनीं पहल श्रीवास्तव ने पुलिसिंग की कार्यप्रणाली को समझते हुए अधीनस्थ अधिकारियों से संवाद किया और बालिकाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया, महिला अपराधों से जुड़े कानूनी प्रावधान, महिला हेल्पलाइन-181, 1090, 1930, 112, 108, 102, 1098 व मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 जैसी सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा से बचाव और महिलाओं के अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया। क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युमन सिंह, प्रभारी निरीक्षक राजनाथ सिंह एवं मिशन शक्ति प्रभारी ममता सिंह यादव की मौजूदगी में संपन्न इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में आत्मनिर्भरता, नेतृत्व क्षमता और निडर होकर अपने अधिकारों की रक्षा करने का भाव विकसित करना था। इस पहल ने छात्राओं में उत्साह और आत्मविश्वास दोनों ही भर दिया। पुलिस प्रशासन का यह प्रयोग साबित कर रहा है कि यदि अवसर मिले तो नारी शक्ति समाज में हर जिम्मेदारी निभाने में सक्षम है।

# इन्हौना में मां मुरादे पूरी कर दे गीत पर झूम उठे श्रोता

### देवी जागरण में राज्यमंत्री के सुपुत्र और ब्लाक प्रमुख समेत सैकड़ों लोगों को किया गया सम्मानित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



तिलोई अमेठी । शारदीय नवरात्र पर क्षेत्र के कस्बा इन्हौना में रेलवे स्टेशन मार्ग पर समाज सेवी शिरीष गुप्ता द्वारा भव्य देवी जागरण आयोजित किया गया जिसमें प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री के सुपुत्र के साथ ब्लाक प्रमुख और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि शामिल हुये। भव्य देवी जागरण द्वारा प्रस्तुत किये गये भक्तिमय गीतों पर भक्तगण झूम उठे और प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी पर खूब अबीर गुलाल उड़ा।क्षेत्र के कस्बा इन्हौना के समाज सेवी शिरीष गुप्ता द्वारा गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी भव्य दुर्गा पूजा समारोह का आयोजन किया गया जिसमें नियमित प्रातः व सायं पाली में आरती पूजन किया जाता है।शारदीय नवरात्र की पंचमी तिथि पर देवी जागरण आयोजित किया गया जिसमें लखनऊ की राकेश शर्मा एण्ड पार्टी द्वारा भक्ति मय गीत प्रस्तुत कर भक्तों को भाव विभोर कर दिया और प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी जैसे भक्तिमय गीतों पर पंडाल झूम उठा। भव्य देवी जागरण कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के सुपुत्र कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह, ब्लाक प्रमुख तिलोई कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी सहित कई दर्जन ग्राम प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ ही हजारों की संख्या में भक्तगणों ने देवी जागरण श्रवण किया। कार्यक्रम का संचालन दिनेश सिंह ने किया।कार्यक्रम के आयोजक युवा नेता शिरीष गुप्ता ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।इस मौके पर भाजपा नेता धर्मेश मिश्रा, कौशलेंद्र सिंह, आशीष मिश्रा, नवीन श्रीवास्तव,राजेश पाण्डेय, मिंटू सिंह, सुजीत पाण्डेय,रिंकू सिंह, आशीष नंदन त्रिपाठी, मनीष गुप्ता, कुलदीप मिश्रा, आलोक शुक्ला, राम किशोर त्रिवेदी, कल्लू दुबे, फकीर अहमद उर्फ मिस्टर, बैजनाथ जायसवाल, फारुख अहमद,इफ्तिखार अहमद, पुनीष गुप्ता,नैतिक गुप्ता, राहुल यादव समेत हज़ारों की संख्या में भक्तगण शामिल रहे।

# डीएम एवं एसपी थाना पूरनपुर पर चलाया गया मिशन शक्ति 5.0 अभियान

### के अन्तर्गत कंपोजित विद्यालय चाट फिरोजपुर की छात्रा को बनाया एक दिन का थाना प्रभारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पूरनपुर।महिला सशक्तिकरण एवं बालिकाओं में आत्मविश्वास जागृत करने के उद्देश्य से मिशन शक्ति-5.0 अभियान के अंतर्गत कोतवाली पूरनपुर पर जिलाधिकारी पीलीभीत एवं पुलिस अधीक्षक पीलीभीत द्वारा विद्यालयों की मेधावी छात्राओं को एक दिन का थाना प्रभारी कोतवाल बनाकर उन्हें पुलिस व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था से संबंधित जिम्मेदारियों का अनुभव प्रदान कराया गया।

कार्यक्रम में कम्पोजित विद्यालय चाट फिरोजपुर की कक्षा-08 की छात्रा अनामिका पुत्री ओमकार तथा प्राथमिक विद्यालय सिमरिया की छात्रा फराना बी को थाना पूरनपुर का एक दिन का थाना प्रभारी बनाया गया। दोनों छात्राओं ने थाना परिसर का अवलोकन किया, थाने की कार्यप्रणाली को समझा तथा पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण, पीड़ितों की सहायता एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु किए जाने वाले कार्यों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया।इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक पीलीभीत ने छात्राओं को पुलिस की कार्यशैली के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। साथ ही मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत उन्हें महिला सुरक्षा एवं सहायता हेतु संचालित हेल्पलाइन नंबर 1090, 181,112 इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी दी है। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी पवन कुमार पांडे, महिला दरोगा पिंकी यादव सहित कोतवाली का निष्ठा उपस्थित है।

# परिषदीय विद्यालय के बच्चों में थाने का किया भ्रमण




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत।उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने शैक्षिक भ्रमण के तहत पीलीभीत के थाना जहानाबाद का दौरा किया। इस भ्रमण के दौरान बच्चों ने पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उच्च प्राथमिक विद्यालय बारातबोझ के बच्चों ने भी थाना जहानाबाद का भ्रमण किया। शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना है। इस भ्रमण के माध्यम से बच्चों ने पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी प्राप्त की हैं। इस भ्रमण से बच्चों में सुरक्षा और जागरूकता की भावना बढ़ी। शैक्षिक भ्रमण बच्चों को शिक्षा के नए तरीकों से अवगत कराता है और उनकी रुचि बढ़ाता है।लेकिन इस तरह के भ्रमण बच्चों के लिए अत्यधिक लाभकारी हो सकते हैं।

# महिलाओं की सुरक्षा सम्मान और स्वावलम्बन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : डीएम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अमेठी । नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को समर्पित मिशन शक्ति अभियान के तहत जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु विविध कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।शनिवार को बेसिक शिक्षा विभाग की शिक्षिकाओं द्वारा पिंक रैली का आयोजन किया गया। रैली को कलेक्ट्रेट परिसर से जिलाधिकारी संजय चौहान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान रैली के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को नारी सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आत्मनिर्भरता से जुड़े संदेश दिये गये। शिक्षिकाओं ने रैली के माध्यम से महिलाओं,बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी जिनमें महिला हेल्पलाइन 181, एंबुलेंस सेवा 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1090 एवं आपातकालीन सेवा 112 शामिल रहे। साथ ही उन्हें शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जुड़कर लाभ उठाने के लिये भी प्रेरित किया गया।जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि ‟नारी शक्ति ही समाज की वास्तविक शक्ति है। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य यही है कि प्रत्येक महिला एवं बालिका अपने अधिकारों के प्रति सजग रहे और किसी भी समस्या की स्थिति में निडर होकर प्रशासन से मदद प्राप्त कर सके।‟ उन्होंने आगे कहा कि हम सबको मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी महिला या बालिका स्वयं को असुरक्षित महसूस न करे। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर सात्विक श्रीवास्तव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

### सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा के नेतृत्व में जनपद पीलीभीत में जोरो पर चल रही पीडीए जनचर्चा पंचायत उमड़ रहा जन सैलाब

पीलीभीत। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार विधानसभा बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम मंडरिया में सपा पीडीए जनचर्चा पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सपा अधिवक्ता सभा के विधानसभा अध्यक्ष धनपति वर्मा एडवोकेट ने कहा भाजपा सरकार गरीबों, पिछड़ों,किसानों और अल्पसंख्यकों के खिलाफ काम कर रही है।समाजवादी पार्टी ही एकमात्र विकल्प है। जो सभी वर्गों को न्याय, सम्मान और अवसर दे सकती है। जनता अब जाग चुकी है।इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से सपा जिला उपाध्यक्ष बालकराम सागर, बरखेड़ा महासचिव नरेश कुमार सागर, अशोक कुमार वर्मा,रमेश कुमार,रामविलास, वेदप्रकाश दीक्षित,हरि प्रसाद वर्मा,ऋषिपाल वर्मा,मो.रहीस,सतीश,छोटेलाल, डॉ. भूपराम वर्मा,चैतन्य प्रकाश,शिशुपाल पटेल,रामप्रताप,रोशन लाल,अशोक, चेतराम, राजीव कुमार वर्मा,विपिन वर्मा,रामभरोसे,रोहिताश कुमार, संजय वर्मा,शिवम् कुमार,सुनील कुमार, सोनू वर्मा, नन्हे लाल,अजय कुमार,सुरेश चंद्र, भोजराज, प्रवीन कुमार,प्यारेलाल,धर्मवीर आदि तमाम सम्मानित नेतागण पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं सम्मानित ग्रामवासी शामिल रहे है।

# नई कार्यकारिणी को चेयरमैन ने माला पहनाकर किया सम्मानित

### दिनेश भारती बने प्रमुख महा सचिव , राममूर्ति अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पूरनपुर।उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ की नगर पालिका परिषद पूरनपुर इकाई की नई कार्यकारिणी का गठन होने उपरांत अध्यक्ष नगर पालिका परिषद पूरनपुर शैलेन्द्र गुप्ता ने सभी पदाधिकारियों को माला पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।इस अवसर पर उनके साथ समाजसेवी सोनू आर्या भी उपस्थित रहे।नवनिर्वाचित पदाधिकारी इस प्रकार हैं।संरक्षक ओम प्रकाश सोहदीन नियमित रामकुमार अध्यक्ष राम मूर्ति (पूर्व सभासद वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजिंदर नेताजी,धीरेंद्र कुमार

उपाध्यक्ष हरीशचन्द्र, देवेश कुमार प्रमुख महा सचिव दिनेश भारती,आनंद राही महामंत्री हरी ओम वाल्मीकि, सोनू वाल्मीकि प्रवक्ता विधिक सलाहकार सुशील कुमार सक्सेना,पुनीत सक्सेना प्रमुख महामंत्री राजेश कुमार,ज्ञानेंद्र महामंत्री हरिओम वाल्मीकि,सोनू वाल्मीकि कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार संगठन मंत्री पप्पू वाल्मीकि,अजय, सियाराम सचिव आनन्द बाबू, बादाम सिंह मंत्री कालीचरन वाल्मीकि, राहुल वाल्मीकि प्रचार मंत्री सनोहर, बबलू, लखन, मुकेश सदस्य रंजीत, बब्बू, पप्पू, राजेश,आकाश राही, निक्की सफाई कर्मियों का यह संगठन समाज की सेवा और स्वच्छता के लिए सदैव सर्मर्पित रहा है।नई टीम से सभी को और अधिक सशक्त एवं सकारात्मक कार्यों की आशा है।नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने सभी पदाधिकारियों को ढेर सारी शुभकामनायें और बधाइयाँ दीं हैं।

# बिजली विभाग की बड़ी कार्रवाई, बकायेदारों के उखाड़े 68 मीटर कनेक्शन भी काटे

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर।बिजली विभाग की टीम ने प्रखंड क्षेत्र के बकायेदार उपभोक्ताओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है विद्युत अभियंता मोहित गुप्ता के नेतृत्व में कर्मियों ने शनिवार को पूरनपुर में अभियान चलाया इस क्रम में वैसे विद्युत उपभोक्ता जिनका कनेक्शन काटा गया है इसके बावजूद भी भुगतान न करने वालों को लीगल नोटिस भेजा जा रहा है यदि इसके बाद भी बिल जमा नहीं किया गया तो उनके खिलाफ सर्टिफिकेट केस दर्ज कर नीलामी की कार्रवाई की जायेगी. इस दौरान उपभोक्ताओं से कहा गया कि वे समय पर बिजली बिल जमा करें विभाग उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए तत्पर है लेकिन उपभोक्ताओं को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी पचास हजार से अधिक बिल बकाया वाले व्यावसायिक और घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली से वंचित कर उनके मीटर उखाड़े जाएंगे नगर में लगभग 18000 बिजली उपभोक्ता है उपभोक्ताओं को चार फीडरों से बिजली की सप्लाई दी जा रही है बिजली विभाग के सर चार्ज माफी और जागरूकता अभियान चलाने के बाद भी सैकड़ो उपभोक्ता ऐसे हैं जिन पर 50000 से अधिक का बिजली बिल बकाया है विभाग ने उन्हें हर महीने भेजे जाने वाले बिल के साथ डिस्कनेक्शन नोटिस भी जारी किया गया था नगर में लगभग साढ़े तीन सौ उपभोक्ता ऐसे हैं, जिन पर पचास हजार से अधिक का बिल बकाया है। इनमें 200 उपभोक्ता व्यवसायिक हैं और 150 घरेलू उपभोक्ता है लेकिन उन्होंने बिजली विभाग का बकाया जमा करना जरूरी नहीं समझा। बिजली विभाग अब 50000 से अधिक बकाया वाले उपभोक्ताओं को बिजली सप्लाई से वंचित कर देगा। इसके साथ ही उनकी दुकान और घरों पर लगे 68 मीटर भी उखाड़ लिये गये वही एसडीओ मोहित ने बकायेदारों से जोरदार अपील भी की है कि बिजली बकायेदार अपना बिल समय रहते जमा कर दे जिससे बिजली बकायेदार पर हो रही करवाही से उनको राहत मिल सके।

## जिला मजिस्ट्रेट ने दो लोगों को किया जिला बदर

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिन व्यक्तियों का आस-पास के क्षेत्रों में आतंक व भय व्याप्त है और उनके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति कुछ बोलने अथवा साक्ष्य देने का साहस नही करता है ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध कड़ा रूख अपनाते हुये जिला मजिस्ट्रेट संजय चौहान ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुये उन्हें जनपद की सीमा से छह माह के लिये निष्कासित कर दिया है। जिला मजिस्ट्रेट ने परमानन्द यादव उर्फ परमा यादव पुत्र चन्द्रिका यादव निवासी वार्ड संख्या नौ मिश्रौली तथा राहुल पुत्र श्याम लाल निवासी ग्राम बिहारीगंज मजरे गुलालपुर, थाना-गौरीगंज को आदेशित तिथि चौबीस सितम्बर से छह माह की अवधि के लिये जनपद की सीमा से निष्कासित (जिला बदर) किया गया है। इसके साथ ही जिला मजिस्ट्रेट संजय चौहान ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय गुण्डा तत्व एवं आपराधिक कार्य में संलिप्त लोगों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिये हैं।जनपद के किसी भी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कोई भी असामाजिक तत्वों द्वारा यदि लोकशांति व लोक सुरक्षा को भंग करने का प्रयास किया जायेगा तो उसके विरुद्ध तत्काल निरोधात्मक कार्यवाही किए जाने हेतु पुलिस को कड़े निर्देश दिये गये हैं।

## किसानों की आय बढ़ाने को लेकर प्रधान ने की बैठक

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड की ग्राम पंचायत नगरिया खुर्द कला में शारदा सागर महिला कंपनी द्वारा किसानों की आय बढ़ाने के लिए एक आम सभा का आयोजन किया गया। इस बैठक में प्रधान विवेकानंद सरकार,उर्मिला मंडल, रीना मंडल और उन्नति सरकार सहित कई लोग उपस्थित थे। बैठक में किसानों को जागरूक किया गया और उन्हें अपनी आय बढ़ाने के तरीकों के बारे में बताया गया। खेत में कीड़े मारने के उपकरण किसानों को बांटे गए, जिससे उन्हें अपनी फसलों की सुरक्षा करने में मदद मिलेगी। शारदा सागर महिला कंपनी द्वारा इस तरह के आयोजनों से महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है और वे अपने समुदाय के विकास में योगदान दे रही हैं।प्रधान विवेकानंद सरकार के नेतृत्व में इस तरह के आयोजन से किसानों को लाभ होगा और उनकी आय में वृद्धि होगी।प्रधान विवेकानंद सरकार को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिल्ली में सम्मानित भी किया जा चुका हैं।

## कंपोजिट परिषदीय विद्यालय के छात्रों ने थाने का किया भ्रमण

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। कंपोजिट विद्यालय सुनगढ़ी और कंपोजिट परिषदीय विद्यालय के छात्रों ने मिशन शक्ति फ़ेस 5 के तहत पीलीभीत के थाने का भ्रमण किया। इस दौरान छात्रों ने पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली को समझा और उनके काम के तरीकों को जाना। मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाना और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। इस भ्रमण के माध्यम से छात्रों को पुलिस विभाग के कार्यों और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी गई। छात्रों ने पुलिस विभाग के कामकाज को देखा और समझा। इस भ्रमण से छात्रों में सुरक्षा और जागरूकता की भावना बढ़ी है। कंपोजिट विद्यालय सुनगढ़ी के थाने भ्रमण के बारे में विशिष्ट विवरण नहीं है। लेकिन मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत इस तरह के भ्रमण छात्रों के लिए अत्यधिक लाभकारी हो सकते हैं।

## पत्नी और ससुराल वालों से तंग आकर युवक ने पिया जहरीला पदार्थ, हुई मृत्यु

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना जहानाबाद क्षेत्र के रहने वाले श्याम बिहारी ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को अपने अधिवक्ता के माध्यम से एक प्रार्थना पत्र दिया जिसमें कहा कि मेरे इकलौते पुत्र कुंवरसेन की शादी 19 अप्रैल 2025 को बबीता पुत्री रामेश्वर दयाल निवासी निसरा बारातबोझ के साथ हुई थी। शादी के बाद बबीता पीड़ित के पुत्र के मोबाइल नंबर से अपने पूर्व प्रेमी से बात करती थी और बात करने के बाद मोबाइल नंबर डिलीट कर देती थी। इस बात का पति ने विरोध किया तो बबीता मारपीट पर उतारू हो जाती थी कहती थी कि मैं ऐसे ही अपने प्रेमी से बात करूंगी तुम रोक नहीं सकते हो। पीड़ित के पुत्र ने इस मामले की जानकारी अपने ससुराल वालों को दी तो ससुराल वालों ने उल्टा मेरे पुत्र को ही धमकाना शुरू कर दिया दिनांक 21 अगस्त 2025 को पीड़ित के पुत्र ने अपने पत्नी बबीता को प्रेमी से बात करते हुए पकड़ लिया उसके बाद पीड़ित के पुत्र ने अपने साले अरुण और ससुर रामेश्वर को बुलाया और बबीता को समझने की बात कही लेकिन ससुराल वालों ने बबीता का ही पक्ष लिया पीड़ित के पुत्र को उसके ससुराल वालों ने काफी अपमानित किया जिससे वह काफी आहत हुआ और शाम लगभग 4:00 बजे पीड़ित के पुत्र ने कुछ जहरीला पदार्थ पी लिया ।

# कार्य योजना में प्रस्तावित होने के बाद भी नही हो सका मार्ग का मरम्मतीकरण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुलतानपुर। तहसील क्षेत्र बल्दीराय अन्तर्गत रसूलपुर - सादुल्लापुर मार्ग से संबंद्ध सड़क जो जगदीश सिंह के नलकूप से सफलेपुर व सफलेपुर से दौनो तक हालत दयनीय बनी हुई है मार्ग से दर्जनों गांव जुड़ने के कारण सैकड़ो लोगों का आना-जाना इसी मार्ग से हो रहा है आने जाने वाले लोग तालाब रुपी सड़क से आ जा रहे हैं रोजाना कोई ना कोई राहगीर गिरकर चोटिल भी हो रहा है लेकिन मंडी समिति के विभागीय अधिकारी मार्ग के मरम्मती करण करवाए जाने बावत अंजान बने हुए है। बता दे कि सुलतानपुर वाया कुड़वार हलियापुर मेन मार्ग से संबंद्ध रसूलपुर सादुल्लापुर मार्ग से जुड़ी सड़क जो दौनो सफलेपुर सहित कई गांव को जोड़ती है वह विभागीय अनदेखी का शिकार बन गई है। विभाग की कार्ययोजना में वर्ष 24/25 में प्रस्तावित होने के बावजूद भी अभी तक मार्ग का मरम्मती करण नहीं करवाया गया। ग्राम सफलेपुर निवासी ग्रामीण अनिल कुमार यादव ने पूर्व में मंडी समिति के अधिकारियों को ऑनलाइन शिकायत के जरिए उक्त मार्ग के मरमती करण के बारे में अवगत कराया था विभाग द्वारा महज खाना पूरी करते हुए अपनी आख्या रिपोर्ट में पत्रांक संख्या 24/503 में कार्य योजना में मार्ग का मरम्मती करण शामिल तो कर लिया लेकिन जमीनी स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई सादुल्लापुर रसूलपुर मार्ग से संबंधित दौनों- सफलेपुर मार्ग की हालत अब भी वद से बदत्तर हो चुकी है लेकिन विभाग के लापरवाह जिम्मेदार सिर्फ कागज में खाना पूरी करके वाह वाही लूट रहे है ।

# शुरू हुआ अवैध निर्माण, राजस्व टीम की खामोशी पर उठे सवाल

### आबादी की जमीन पर लेखपाल और मुखिया की मिलीभगत से सरकारी जमीन का हुआ सौदा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुल्तानपुर। कोतवाली नगर के लक्ष्मनपुर चौकी क्षेत्र के लम्बरदार के पुरवा में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। मोहल्ले के राधेश्याम ने इस बाबत एसडीएम सदर से शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन तीन हफ्ते बीत जाने के बावजूद कार्रवाई के बजाय कब्जेदार पक्ष का हौसला बढ़ता ही गया।

शिकायतकर्ता राधेश्याम ने बताया कि उनके मकान का मुख्य निकास दक्षिण दिशा में है और इसी निकास को बंद करने की नीयत से विपक्षी अनारा देवी ने शुक्रवार को मोरंग, सीमेंट और सरिया मंगवा कर शनिवार से निर्माण कार्य शुरू कर दिया। आरोप है कि महिला महज 20 फीट लंबी व करीब 6 फीट ऊंची दीवार खड़ी कर मुख्य रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध करने की कोशिश कर रही है। मना करने पर विपक्षी महिला न केवल विवाद पर आमादा हो जाती है, बल्कि एससी/एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी भी देती है। मौके पर डायल 112 की टीम ने कार्य रोकने की चेतावनी दी, बावजूद इसके अवैध निर्माण जारी है। सूत्रों का कहना है कि कब्जेदार महिला को हल्का लेखपाल और ग्राम प्रधान का संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते आधा दर्जन मजदूरों को लगाकर निर्माण तेजी से कराया जा रहा है। राजस्व टीम की चुप्पी ने पूरे प्रकरण को और संदिग्ध बना दिया है। पीड़ित का कहना है कि उसने 11 जुलाई को ही एसडीएम सदर को प्रार्थना पत्र दिया था, मगर अब तक कोई कार्रवाई न होने से कब्जेदार महिला का मनोबल बढ़ा हुआ है और वह जल्द से जल्द रास्ता बंद करने की फिराक में है।

## सम्पादकीय

# लेह में हिंसा की तपिश

केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को राज्य का दर्ज़ा देने व संविधान के अंतर्गत विशेष संरक्षण देने वाली छठी अनुसूची में शामिल करने के लिये चल रहे आंदोलन का हिंसक होना दुर्भाग्यपूर्ण है। दरअसल, पर्यावरणविद् और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक बीते पंद्रह दिनों से अनशन पर थे। इन्हीं मुद्दों के समर्थन में यह आंदोलन चल रहा था। हालांकि, हिंसा के बाद उन्होंने अपना अनशन त्याग दिया है। उन्होंने आंदोलनकारियों से शांति की अपील की है। हिंसा व आगजनी के बाद केंद्र शासित प्रदेश में संचारबंदी लागू की गई है। समाचार माध्यमों में कुछ आंदोलनकारियों के मारे जाने की बात भी कही जा रही है। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ वर्षों से केंद्रशासित प्रदेश में लद्दाख को पूर्ण राज्य देने की मांग को लेकर समय-समय पर विरोध प्रदर्शन हुए हैं। बताया जाता है कि पिछले पैंतीस दिनों से कुछ लोग अनशन कर रहे थे। परसों उनमें से दो लोगों की तबीयत खराब होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसके बाद लोगों में आक्रोश बढ़ा। प्रतिक्रिया स्वरूप लेह बंद का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। यह प्रदर्शन कालांतर हिंसक प्रतिरोध में बदल गया। घटनाक्रम के बाद जम्मू-कश्मीर के विपक्षी दलों ने हिंसा के लिये केंद्र को निशाने पर लिया है। कहा गया कि आंदोलनकारी लेह की अस्मिता को संरक्षण देने और स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की मांग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि केंद्र व लद्दाख के प्रतिनिधियों के बीच आगामी माह में एक वार्ता का दौर निर्धारित था,लेकिन आंदोलनकारी इससे पहले ही इस दिशा में पहल की मांग करते रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के विपक्षी दलों के नेता लद्दाख को केंद्रशासित प्रदेश बनने के बाद लोगों की आकांक्षा पूर्ण न होने पर उपजे आक्रोश को लेकर सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि लेह के लोग अधूरे वायदों से खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और इसी वजह से आंदोलनकारियों की हिंसक अभिव्यक्ति सामने आई है। जम्मू-कश्मीर के विपक्षी नेताओं द्वारा सवाल उठाये जा रहे हैं कि 2019 में केंद्र शासित प्रदेश बनने पर जश्न मनाने वाले लद्दाख के लोगों में आज आक्रोश क्यों पनप रहा है? वे इस अभिव्यक्ति के आलोक में जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे को फिर वापस लौटने की भी मांग कर रहे हैं। निस्संदेह, लेह चीन की सीमा से लगा सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र है, जिसके मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाना जरूरी है। उल्लेखनीय है कि लेह के आंदोलनकारी कई सालों से भूमि संरक्षण व संस्कृति की रक्षा के लिये इस केंद्रशासित प्रदेश को संविधान की छठी अनुसूची का कवच देने तथा पूर्ण राज्य का दर्ज़ा देने की मांग करते रहे हैं। उनका कहना था कि केंद्र शासित प्रदेश बनने से क्षेत्र के लोगों की आंकाक्षा पूरी नहीं हुई। एक बड़ा मुद्दा क्षेत्र के युवाओं की बेरोजगारी रही है। युवाओं की दलील है कि क्षेत्र के युवाओं को पहले जम्मू-कश्मीर पब्लिक सर्विस सेलेक्शन कमीशन में राजपत्रित अधिकारी पदों के लिये आवेदन का मौका मिलता था, जो लद्दाख के केंद्रशासित प्रदेश बनने के बंद हो गया। स्थानीय युवा अब केंद्रीय कर्मचारी चयन आयोग की स्पर्द्धा में टिक पाने में दिक्कत महसूस करते हैं। वहीं दूसरी ओर स्थानीय नौकरियों में युवाओं के लिये कोई विशेष अभियान भी नहीं चला। जिससे बेरोजगारों में खासा रोष व्याप्त रहा है। वहीं लद्दाख की अस्मिता को संरक्षित करने के लिये छठी अनुसूची की मांग लंबे समय से की जाती रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भाजपा ने वर्ष 2019 के घोषणापत्र में लद्दाख को राज्य का दर्ज़ा देने और छठी अनुसूची में शामिल करने का वायदा किया था। लेकिन अब इस पर आनाकानी की जा रही है। आंदोलनकारी इसके अलावा कारगिल व लेह को लोकसभा सीट बनाने और स्थानीय लोगों को सरकारी नौकरियों में वरीयता देने की भी मांग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि संविधान के अनुच्छेद 244 की छठी अनुसूची में ऐसी स्वायत्त व अधिकार संपन्न प्रशासनिक इकाइयों का प्रावधान है, जिनके पास जल-जंगल व उद्योगों को लेकर क्षेत्र की संस्कृति व संरक्षण हेतु निर्णय करने का अधिकार होता है।

# जीवनधारा नदियों के लुप्त होने का खतरा: संरक्षण का संकल्प

**विश्व नदी दिवस पर विशेष**

**भारत में कई नदियां सूखने या प्रदूषित होने के कारण मरने के कगार पर हैं। इन नदियों की हालत इतनी खराब हो गई है कि कुछ तो नालों में बदल गई हैं और उनका नदी होना भी मुश्किल है। तेजी से बढ़ते प्रदूषण, तथाकथित भौतिकवादी सोच एवं नदियों के प्रति उपेक्षा एवं दोहन के कारण कई नदियां अब 'मृत' होने की कगार पर है। गंगा और यमुना जैसी पवित्र नदियां भी दुनिया की प्रदूषित नदियों में शामिल हो चुकी है। नदियां के अत्यधिक ख़तरे में होने से मानव जीवन, पर्यावरण एवं प्रकृति भी संकट में है। जरूरत है मानसूनी जल को नदियों से जोड़ने एवं संरक्षित करने की। देश में सर्वत्र नदियों का अस्तित्व खतरे में है। विशेषतः उत्तर प्रदेश में नदियों की संख्या लगभग 1,000 है, जिनका 55 हजार किलोमीटर का नेटवर्क है। उनमें से 30 हजार किलोमीटर क्षेत्र में जल घटा है या सूखा है। प्रदेश की 100 छोटी और सहायक नदियां सूख चुकी हैं। बिहार की 50 से अधिक नदियां संकट में हैं। इनमें 32 बड़ी नदियां सूख चुकी हैं, जबकि 18 में पानी थोड़ा बचा है। यमुना नदी भारत की सबसे प्रदूषित नदियों में से एक है और यह अत्यधिक प्रदूषण और पानी के अत्यधिक दोहन के कारण मरने के कगार पर है। साहिबी नदी, जो कभी दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान की एक महत्वपूर्ण नदी थी। हैरानी की बात है कि गंगा, सोन और अघवारा जैसी बड़ी नदियों में भी पानी कम है। उत्तराखंड में अल्मोड़ा-हल्द्वानी की लाइफलाइन कोसी और गौला नदियों का जलस्तर कम हो रहा है। जलवायु परिवर्तन के कारण वर्षा के तरीकों में बदलाव आया है, जिससे कुछ क्षेत्रों में सूखे की स्थिति बढ़ गई है और नदियों में पानी का प्रवाह कम हो गया है। नदियों से रेत का अवैध खनन भी नदियों के पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंचा रहा है और नदियों के बहाव को बदल रहा है। जंगलों की कटाई से मिट्टी का कटाव बढ़ रहा है, जिससे नदियों में गाद जमा हो रही है और उनकी गहराई कम हो रही है।**

नदियां मात्र जलधाराएं नहीं हैं, वे जीवन की धमनियां हैं, सभ्यता की जननी हैं और प्रकृति का शाश्वत उपहार हैं। मानव सभ्यता का इतिहास गवाह है कि हर संस्कृति और हर महान नगरी का उदय नदियों के तट पर हुआ। गंगा, सिंधु, नील, अमेज़न, यांग्त्सी जैसी नदियाँ केवल भूगोल का निर्माण ही नहीं करतीं, बल्कि कृषि, व्यापार, परिवहन, ऊर्ज़ा, आस्था और संस्कृति को भी दिशा देती हैं। विश्व स्तर पर हर वर्ष सितंबर के चौथे रविवार को मनाया जाने वाला विश्व नदी दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि नदियां हमारी अस्तित्व-रेखा हैं और उनका संरक्षण करना किसी विकल्प का नहीं बल्कि हमारे जीवन के अस्तित्व का प्रश्न है। 2005 में, संयुक्त राष्ट्र के 'जीवन के लिए जल दशक' की शुरुआत के उपलक्ष्य में, नदी अधिवक्ता मार्क एंजेलो ने विश्व नदी दिवस के गठन का प्रस्ताव रखा। यह अंतर्राष्ट्रीय प्रयास कनाडा में 1980 में एंजेलो द्वारा शुरू किए गए बीसी नदी दिवस की सफलता से प्रेरित था। विश्व नदी दिवस नदियों के महत्व को रेखांकित करता है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नदियों की बेहतर देखभाल-संरक्षण-संवर्धन का समर्थन करते हुए जन जागरूकता बढ़ाने का प्रयास करता है। इस वर्ष की थीम 'हमारी नदियाँ, हमारा भविष्य' है, जो नदियों की रक्षा, जल अधिकारों को बनाए रखने और नदी प्रबंधन में स्थानीय समुदायों की आवाज को सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर केंद्रित है। संयुक्त राज्य अमेरिका का लगभग 65 प्रतिशत पेयजल नदियों से आता है, इसी तरह भारत सहित अनेक देशों में पेयजल का मुख्य स्रोत नदियां ही है। नदियां हमें बिजली पैदा करने, फसलों को पानी देने और पीने योग्य पानी उपलब्ध कराती हैं। यही कारण है कि एम्स्टर्डम, बैंकॉक और बर्लिन जैसे समृद्ध शहर नदियों के किनारे बसे हैं। दुर्भाग्य यह है कि जिन नदियों ने हमें जीवन दिया, हमने उन्हीं को प्रदूषण और विनाश की गर्त में धकेल दिया। औद्योगिक इकाइयों का रासायनिक कचरा, नगरों का गंदा पानी, प्लास्टिक और घरेलू अपशिष्ट ने नदियों को गटर में बदल दिया है। अंधाधुंध बांध निर्माण और जलविद्युत परियोजनाओं ने उनकी प्राकृतिक धारा को बाधित किया है। धार्मिक आस्थाओं और अंधविश्वासों के नाम पर मूर्तियों और अस्थियों का विसर्जन नदियों की पवित्रता को विषाक्त बना रहा है। जलवायु परिवर्तन और ग्लेशियरों के पिघलने से नदियों के अस्तित्व पर संकट गहरा रहा है। भारत में गंगा, यमुना, चंबल, साबरमती जैसी नदियां इस प्रदूषण और शोषण का शिकार हैं, वहीं विश्व स्तर पर अमेज़न, नील और डेन्यूब जैसी नदियां भी प्रदूषण और अत्यधिक दोहन की मार झेल रही हैं। पृथ्वी की आबादी का एक बड़ा हिस्सा अपनी जीविका के लिए मछलियों पर निर्भर है, इसलिए हमें औद्योगिक कचरे के कारण नदियों के क्षरण को सक्रिय रूप से रोकने और पानी के नीचे के पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता है। नदियां केवल जल का स्रोत नहीं बल्कि जीव-जंतुओं और वन्य जीवन की धुरी हैं। असंख्य मछलियां, कछुए, पक्षी और जलीय प्राणी नदियों से अपना जीवन पाते हैं। जब नदी प्रदूषित होती है तो यह जैवविविधता समाप्त होने लगती है, खेत बंजर हो जाते हैं, भूजल स्तर गिर जाता है और प्रकृति का संतुलन बिगड़ने लगता है। नदियों की मृत्यु वास्तव में पृथ्वी/सृष्टि की मृत्यु है। इन परिस्थितियों में यह आवश्यक है कि नदियों के संरक्षण को हम केवल सरकारी योजनाओं या नीतियों तक सीमित न रखें, बल्कि इसे जनांदोलन का रूप दें। प्रदूषण पर कठोर नियंत्रण, जल प्रबंधन, वर्षा जल संचयन, शोधन संयंत्रों की अनिवार्यता और सामाजिक जागरूकता ही वे उपाय हैं जिनसे नदियों को नया जीवन दिया जा सकता है। गंगा एक्शन प्लान और नमामि गंगे जैसी योजनाएँ तभी सार्थक होंगी जब समाज ईमानदारी से अपने हिस्से का कर्तव्य निभाएगा। नदियों को गंदा करना आत्मघात है और उन्हें बचाना जीवन रक्षा का संकल्प। भारत में कई नदियां सूखने या प्रदूषित होने के कारण मरने के कगार पर हैं। इन नदियों की हालत इतनी खराब हो गई है कि कुछ तो नालों में बदल गई हैं और उनका नदी होना भी मुश्किल है। तेजी से बढ़ते प्रदूषण, तथाकथित भौतिकवादी सोच एवं नदियों के प्रति उपेक्षा एवं दोहन के कारण कई नदियां अब 'मृत' होने की कगार पर है। गंगा और यमुना जैसी पवित्र नदियां भी दुनिया की प्रदूषित नदियों में शामिल हो चुकी है। नदियां के अत्यधिक ख़तरे में होने से मानव जीवन, पर्यावरण एवं प्रकृति भी संकट में है। जरूरत है मानसूनी जल को नदियों से जोड़ने एवं संरक्षित करने की। देश में सर्वत्र नदियों का अस्तित्व खतरे में है। विशेषतः उत्तर प्रदेश में नदियों की संख्या लगभग 1,000 है, जिनका 55 हजार किलोमीटर का नेटवर्क है। उनमें से 30 हजार किलोमीटर क्षेत्र में जल घटा है या सूखा है। प्रदेश की 100 छोटी और सहायक नदियां सूख चुकी हैं। बिहार की 50 से अधिक नदियां संकट में हैं। इनमें 32 बड़ी नदियां सूख चुकी हैं, जबकि 18 में पानी थोड़ा बचा है। यमुना नदी भारत की सबसे प्रदूषित नदियों में से एक है और यह अत्यधिक प्रदूषण और पानी के अत्यधिक दोहन के कारण मरने के कगार पर है। साहिबी नदी, जो कभी दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान की एक महत्वपूर्ण नदी थी। हैरानी की बात है कि गंगा, सोन और अघवारा जैसी बड़ी नदियों में भी पानी कम है। उत्तराखंड में अल्मोड़ा-हल्द्वानी की लाइफलाइन कोसी और गौला नदियों का जलस्तर कम हो रहा है। जलवायु परिवर्तन के कारण वर्षा के तरीकों में बदलाव आया है, जिससे कुछ क्षेत्रों में सूखे की स्थिति बढ़ गई है और नदियों में पानी का प्रवाह कम हो गया है। नदियों से रेत का अवैध खनन भी नदियों के पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंचा रहा है और नदियों के बहाव को बदल रहा है। जंगलों की कटाई से मिट्टी का कटाव बढ़ रहा है, जिससे नदियों में गाद जमा हो रही है और उनकी गहराई कम हो रही है। भारत नदियों का एक अनोखा देश है जहां नदियों को पूजनीय माना जाता है। गंगा, यमुना, महानदी, गोदावरी, नर्मदा, सिंधु (सिंधु), और कावेरी जैसी नदियों को देवी-देवताओं के रूप में पूजा जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन में बनाया गया जल शक्ति मंत्रालय, नदी घाटियों में आर्द्रभूमि के पुनरुद्धार और संरक्षण और नदी प्रदूषण के खतरनाक स्तर से निपटने पर ध्यान केंद्रित करता है। देश के समक्ष वाटर विजन 2047 प्रस्तुत किया गया है यानी आजादी के सौ वर्ष पूरे होने तक देश को प्रत्येक वह कार्य करना है, जो देश को पानी के मामलों में सबल बना सके। इसमें हमारी नदियां भी शामिल हैं। नदियां मानव अस्तित्व का मूलभूत आधार है और देश एवं दुनिया की धमनियां हैं, इन धमनियों में यदि प्रदूषित जल पहुंचेगा तो शरीर बीमार होगा, लिहाजा हमें नदी रूपी इन धमनियों में शुद्ध जल के बहाव को सुनिश्चित करना होगा। नदियों को राष्ट्रीय संपत्ति घोषित किये जाने की जरूरत है। देश में नदी जल एवं नदियों के लिए कानून बने हुए है, आवश्यक हो गया है कि उस पर पुनर्विचार कर देश के व्यापक हित में विवेक से निर्णय लिया जाना चाहिए। हमारे राजनीतिज्ञ, जिन्हें सिर्फ वोट की प्यास है और वे अपनी इस स्वार्थ की प्यास को इस पानी से बुझाना चाहते हैं। यह किसी से छिपा नहीं है कि हमारे देश में गर्मी और लू के दिन जहां बढ़ रहे हैं, वहीं बरसात के दिन घटते जा रहे हैं। ऐसे में मानसूनी वर्षा के जल को यदि सलीके से नहीं सहेजा गया तो देश की सामाजिक-आर्थिक-प्राकृतिक स्थिति पर जल-संकट का बड़ा घातक प्रभाव होगा। विश्व नदी दिवस हमें यह चेतावनी देता है कि यदि नदियां सूख जाएंगी, प्रदूषित हो जाएंगी या विलुप्त हो जाएंगी तो मानव सभ्यता का अस्तित्व भी खतरे में पड़ जाएगा। नदियां हमारी जीवनरेखा और सांस्कृतिक धरोहर हैं, उनका संरक्षण करना ही आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन और आशा को बचाना है। यह अवसर हमें यह संकल्प लेने का आह्वान करता है कि हम नदियों को केवल उपयोग की वस्तु न समझें, बल्कि जीवित प्राणी की तरह उनका सम्मान करें, क्योंकि नदी बचेगी तो जीवन बचेगा, नदी बहेगी तो संस्कृति बहेगी। – **ललित गर्ग**

# मतलबी यार किसके, खाया-पिया खिसके

**सुधाकर आशावादी**

**इतिहास साक्षी है, कि जब अपने रक्त सम्बन्धी भी साथ छोड़ देते हैं, तब सच्चा मित्र काम आता है। बहरहाल मित्रता की परिभाषा यही है तथा मित्र की पहचान संकट के समय ही होती है। युग बदल रहा है। मित्र भी स्वार्थी हो गए हैं। मित्रों के बारे में कुछ नई परिभाषाएँ भी गढ़ दी गई हैं मसलन मतलबी यार किसके, खाया पीया खिसके।**

बरसों पहले रजत पट पर एक फ़िल्म आई थी - दुश्मन। जिसमें एक गीत था - दुश्मन दुश्मन जो दोस्तों से भी प्यारा है। ऐसे ही दोस्तों के प्रसंग अनेक फ़िल्मों में दर्शाए गए, जिनमें दोस्ती को सर्वोपरि बताया गया। मित्रता के क़िस्सों में भगवान श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता की मिसाल आज भी दी जाती है। मित्रता में इतना खुलापन तो होता ही है, कि जो बात अपने परिवार में किसी से नही बताई जा सकती, वही बात मित्रों से छिपाई नही जाती। इतिहास साक्षी है, कि जब अपने रक्त सम्बन्धी भी साथ छोड़ देते हैं, तब सच्चा मित्र काम आता है। बहरहाल मित्रता की परिभाषा यही है तथा मित्र की पहचान संकट के समय ही होती है। युग बदल रहा है। मित्र भी स्वार्थी हो गए हैं। मित्रों के बारे में कुछ नई परिभाषाएँ भी गढ़ दी गई हैं मसलन मतलबी यार किसके, खाया पीया खिसके। अपना स्वार्थ सिद्ध होते ही मतलबी मित्र पहचानना बंद कर देते हैं। यदि संयोग से मित्र समृद्धि शाली हो तथा प्रगति की निरंतर सीढ़ियाँ चढ़ रहा हो, तब भी सबसे अधिक ईर्ष्या मित्र को ही होती है। कारण स्पष्ट है कि मित्र हो या शत्रु, कोई अपने दु:ख से दुखी नही होता, वह अपने आसपास के मित्रों, संबंधियों के सुख से दुखी होता है। यूँ तो यह सामाजिक स्थिति है, किंतु अब यह स्थिति विस्तार पा चुकी है। इसका विस्तार देश की सीमाओं को लांघकर समूचे विश्व में हो चुका है। अपने एक मित्र हैं, जिनकी समृद्धि के लिए हमने अभियान चलाया, उसे उच्च शिखर तक पहुँचाने में सहयोग दिया। उसके विजयी होने की कामना की, उसे राजा बनाया। राजा भी ऐसा जैसे कि चक्रवर्ती सम्राट। हमने विचारा था, कि चक्रवर्ती सम्राट अपना मित्र है, तो मुसीबत में हमारे साथ खड़ा होगा। उसकी आँखों में शर्म हया होगी, वह हमारा सम्मान करेगा। हमारे कहने से कुछ विशेष सुविधाएँ देगा। सहयोग और मित्रता के लिए हमारा आभार व्यक्त करेगा। हमारा एहसान मानेगा, किंतु ऐसा नही हुआ, मित्र भी मुफ़्तख़ोरों की तरह एहसान फ़रामोश निकला। जिस प्रकार से बरसों से मुफ़्तख़ोरों को मुफ़्त में राशन पानी देने के बाद भी वफ़ादारी की उम्मीद नही की जा सकती। उसी प्रकार मित्र ने भी वफ़ादारी जैसा शब्द अपने शब्द कोश से हटा दिया। वह हमारी समृद्धि और विशेष योग्यता से ऐसा चिढ़ा, कि उसने हमारे ही पर कतरने की तैयारी कर ली। हिंदी चीनी भाई भाई की तर्ज़ पर अपना मित्र भी कहता रहा और हमारी आस्तीनों ने डंक मारने का प्रयास भी करता रहा। जितना भी उसे समझाते कि मित्र के साथ मित्रता पूर्ण व्यवहार करो, उतना ही उसकी सनक बढ़ती जाती। शनैः शनैः उसका व्यवहार शत्रु से भी अधिक शत्रुता पूर्ण होने लगा। कहने को खुद को मित्र सिद्ध करने में वह पीछे नही है, बार बार हमारी प्रशंसा करता है, हमें अपना मित्र घोषित करता है, मगर हरकतें शत्रु सरीखी करता है। लगता है कि यदि कोई मित्र ऐसा व्यवहार करे, तो किसी को शत्रु की आवश्यकता ही न रहे। मित्र के इस आचरण से एक लाभ तो हुआ कि आस्तीनों में छिपे साँपों की पहचान हो गई । जिन्हें हम अपना और अपने परिवार का सगा समझते रहे, उनकी कलई खुल गई। वे खुलकर अपना ज़हर उगलने लगे। जैसे आस्तीन में छिपे वे लोग मित्र के व्यवहार में शत्रुतापूर्ण परिवर्तन होने की प्रतीक्षा कर रहे हों। ख़ैर जो भी हो। इतना अवश्य है कि यदि हम सुदृढ़ हैं, शक्तिमान हैं, समर्थ हैं, तो चाहे कितने ही सनकी मित्र अपने कलुषित आचरण से शत्रुता निभाएँ, तब भी कोई हमारा बाल तक बाँका नही कर सकता।

## सेहत मंत्र

# स्वस्थ दिल से लेकर वजन कंट्रोल करने के लिए अंडा सबसे फायदेमंद

अक्सर आपने सुना होगा संडे हो या मंडे रोज खाओं अंडे। क्योंकि अंडा खाना सेहत के लिए फायदेमंद होता है। वैसे अंडे में सबसे ज्यादा प्रोटीन मौजूद होता है। इसके साथ ही इसमें विटामिन और मिनरल्स भी पाए जाते हैं। रोजाना दो अंडे खाने से शरीर भी स्वस्थ रहता है। अंडा खाने से हड्डियां और मांसपेशियां मजबूत होती हैं। आंखों और दिल के लिए भी अच्छा माना जाता है। अंडे में ओमेगा 3 फैटी एसिड होता है, जो हार्ट को बेहतर बनाने में मदद करता है। इतना ही नहीं, अंडे में ल्यूटिन और जेक्सैंथिन होते हैं, जो मोतियाबंद के खतरे को कम करता है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए प्रोटीन की जरुरत काफी होती है। वयस्कों को अपने वजन के हर किलोग्राम के लिए रोजाना आपको 0.8 ग्राम प्रोटीन की जरुरत होती है। अंडे में पर्याप्त प्रोटीन होता है। फलियों और मीट को भी आप अपने डाइट में शमिल कर सकते हैं। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए विटामिन ए काफी जरुरी है। यह हमारे आई हेल्थ, मेटाबॉलिज्म और सेल्स डेवलपमेंट के लिए जरुरी है। इसके अलावा यह हमारे इम्यून फंक्शन और स्किन के लिए भी आवश्यक होता है। प्रत्येक व्यक्ति को रोजाना लगभग 3000 आईयू विटामिन ए की जरुरत होती है। यदि आप रोजाना दो उबले अंडे का सेवन करते हैं तो आपको विटामिन ए पर्याप्त मात्रा में मिलेगा। रोजाना आप 2 उबले अंडा खाते हैं तो आपको 82 आईयू विटामिन डी प्राप्त होगा। हड्डियों के लिए विटामिन डी सबसे जरुरी माना जाता है। इसके साथ ही यह इम्यून सिस्टम के लिए सबसे बेहतरीन होता है। अगर आपके शरीर को पर्याप्त मात्रा में विटामिन डी नहीं मिले तो हड्डियों से जुड़े रोग होने की संभावना बढ़ जाती है। आंखों और स्किन के लिए विटामिन बी2 की जरुरी माना जाता है। प्रतिदिन अंडा खाने से विटामिन बी2 प्राप्त होता है। वहीं, विटामिन बी12 से शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है जो शरीर के सभी हिस्सों में ऑक्सीजन पहुंचाता है। इसलिए रोजाना 2 माइक्रोग्राम विटामिन बी12 की जरुरत होती है।

## धर्म मंत्र

# पाकिस्तान के शिव मंदिर में 3,000 साल से भी पुराना शिवलिंग

वैसे तो हमारे देश में भगवान शिव को समर्पित तमाम मंदिर हैं। यह मंदिर बेहद प्राचीन हैं और इनकी अपनी मान्यताएं हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि पाकिस्तान में भी शिव मंदिर हैं। जहां पर आज भी भगवान शिव की पूजा की जाती है। साल 1947 में जब देश का बटवारा हुआ तो अटारी और वाघा के बीच एक रेखा खींची गई। विभाजन की इस रेखा से न सिर्फ हजारों-लाखों लोगों के घर, जमीन और खेत उजड़े बल्कि इस्लामिक गणराज्य पाकिस्तान में सिखों और हिंदुओं को अपने पूजा स्थलों को छोड़ने के लिए मजबूर किया गया। हालांकि कुछ वर्षों बाद इन दो शिव मंदिरों का फिर से पुर्नजीवित किया गया। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको पाकिस्तान में स्थित दो फ़ेमस शिव मंदिरों के बारे में बताने जा रहे हैं। मनसेहरा से करीब 10 किमी की दूरी पर काराकोरम राजमार्ग पर स्थित चिट्टी गट्टी मंदिर है। यह पाकिस्तान का सबसे बड़ा शिवलिंग है। यह शिव मंदिर 3000 साल से भी ज्यादा पुराना है। साल 1948 में पाकिस्तान के स्थानीय़ लोगों ने इस मंदिर को सीलकर आसपास की जमीन पर कब्जा कर लिया था। साल 1998 तक यह क्षेत्र की छोटी हिंदू आबादी के लिए बेहद दुर्गम बना रहा। फिर हिंदुओं ने अपनी आस्था और विरासत के लिए फिर से इस मंदिर में पूजा-अर्चना करना शुरूकर दिया। पाकिस्तान का अब सबसे लोकप्रिय मंदिरों में शामिल चिट्टी-गट्टी शिवलिंग मंदिर है। यह पाकिस्तान से तीर्थ यात्रियों को अपनी ओर आकर्षित करता है।

पर्यटन



# भारत के सबसे प्रसिद्ध वाइल्डलाइफ सैन्चुरीज में से एक काजीरंगा नेशनल पार्क

वैसे प्रकृति के साथ समय बिताने से मानसिक रुप से काफी शांति मिलती है। ऐसे कई लोग है जो नेचर लवर हैं और उन्हें वन्यजीवों को करीब से देखना भी काफी पसंद होता है। अगर आप भी प्रकृति प्रेमी हैं और भारत की सुंदर वाइल्डलाइफ सैन्चुरी देखना चाहते हैं, तो आप किसी भी नेचर लवर के घूमने के लिए एकदम सही है। इन खूबसूरत वाइल्डलाइफ सैन्चुरी में आप प्रसिद्ध एक सींग वाले गैंडे को देख सकते हैं या जीवंत पक्षी प्रजातियों को देखना चाहते हों, या फिर प्रकृति के खूबसूरत नजारों का आनंद लेना चाहते हों, तो असम में आपको सब मिल जाएगा। जब कहीं वाइल्डलाइफ सैन्चुरी घूमने की बात आती हैं तो असम का काजीरंगा नेशनल पार्क का नाम सबसे पहले आता है। दरअसल, गोलाघाट और नागांव जिले में स्थित यह नेशनल पार्क एक यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट है और भारत के सबसे प्रसिद्ध वाइल्डलाइफ सैन्चुरीज में से एक है। यह एक सींग वाला गैंडे के लिए जाना जाता है। बता दें कि, काजीरंगा नेशनल पार्क 430 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है और गैंडों के अलावा, यहां हाथियों, बाघों, जंगली भैंसों और पक्षियों की विभिन्न प्रजातियां आपको देखने को मिल जाएगी। गौरतलब है कि ब्रह्मपुत्र नदी पार्क से होकर बहती है, जो इसकी प्राकृतिक सुंदरता को बढ़ाती है। अगर आप असम जा रहे हैं तो आपको मानस नेशनल पार्क जरुर जाना चाहिए। दरअसल, यह एक वर्ल्ड हेरिटेज साइट है और बक्सा, चिरांग और कोकराझार जिले में स्थित है। इसको सबसे बेहतरीन वाइल्डलाइफ सैन्चुरी में से एक माना जाता है। यहां पर घना जंगल और घास के मैदानों का मिश्रण है। यहां आपको बंगाल टाइगर, पिग्मी हॉग, भारतीय हाथी और असम रूफ्ड कछुए सहित अपनी लुप्तप्राय प्रजातियां देखने को मिल जाएगी। असम के कार्बी आंगलोंग जिला में स्थित है गरमपानी वाइल्डलाइफ सैन्चुरी। आपको बता दें कि, यह असम के सबसे पुराने वाइल्डलाइफ सैन्चुरी में से एक है, जो लगभग 6.05 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। यहां पर आपको प्राकृतिक गर्म झरनों और समृद्ध जैव विविधता के लिए जाना जाता है।

# वैदिक काल से लेकर आज तक बेटियां अग्रणी भूमिका में : नेहा मिश्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। वैदिक काल से लेकर आधुनिक भारत तक महिलाएं अग्रणी भूमिका में रही है उक्त बातें दुर्गा वाहिनी प्रांत संयोजिका मुद्रा ने हरख प्रखंड के ग्राम पड़रा स्थित दुर्गा माता मंदिर पर आयोजित दुर्गा अष्टमी कार्यक्रम में कही।

प्रांत संयोजिका मुद्रा ने नारी अबला नहीं सबला है के अनेक उदाहरण रखते हुए सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 42 प्रांत में 90 हजार से अधिक संयोजिकायें सेवा सुरक्षा संस्कार के भाव से शक्ति केंद्र,बाल संस्कार केंद्र और साप्ताहिक मिलन चल रही हैं। दुर्गा वाहिनी की बहने सामाजिक समरसता स्वालंबन शिक्षा स्वास्थ्य का कार्य समाज में कर रही हैं। इससे पूर्व हरख के ग्राम झलिहा में अशोक सिंघल के अवतरण दिवस के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी के द्वारा सिलाई कढ़ाई केंद्र का शुभारंभ दुर्गा वाहिनी प्रांत संयोजिका मुद्रा व विभाग संयोजिका नेहा मिश्रा ने किया और कहा कि इस केंद्र से बहनों में स्वालंबन के साथ ही आर्थिक समृद्धि आएगी। कार्यक्रम में व्यवस्था की दृष्टि से जिला मंत्री राहुल कुमार,दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका लीना श्रीवास्तव,जिला सहसंयोजिका संगीता वर्मा,जिला साप्ताहिक मिलन प्रमुख सरिता सिंह,प्रखंड संयोजिका मानसी शर्मा, सहसंयोजिका चाहत,रिंकी,पूनम सहित सैकड़ो महिलाएं उपस्थित रही।



# देवा में पुलिस मुठभेड़, वांछित अभियुक्त शमशाद गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देवा, बाराबंकी । थाना देवा की संयुक्त पुलिस टीम ने शुक्रवार की रात्रि लूट और चोरी की घटनाओं में संलिप्त वांछित अभियुक्त शमशाद पुत्र मुर्तजा, निवासी ग्राम धौरमऊ को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि अभियुक्त अपने गांव से कहीं जाने की फिराक में है। सूचना के आधार पर ग्राम बेसखा से बड़ा ताल जाने वाले मार्ग पर पहुंची पुलिस ने अभियुक्त को रोकने का प्रयास किया। अभियुक्त ने पुलिस को देख कर भागने की कोशिश की और गिरफ्तारी से बचने के लिए फायरिंग की। पुलिस की आत्मरक्षार्थ की गई फायरिंग में शमशाद के पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया घायल अभियुक्त को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसके कब्जे से पुलिस ने एक अदद अवैध तमंचा .315 बोर, दो जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस .315 बोर और 350 रुपये नगद बरामद किए पुलिस के अनुसार, अभियुक्त ने बीते 25 सितम्बर को एक मामले के वादी की पुत्री के साथ घर में गलत काम करने का प्रयास किया था और परिजनों को जान से मारने की धमकी दी थी।



# ग्राम सोनगांव में सी.बी. सिंह लॉ कॉलेज के छात्रों का भव्य जागरूकता अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अकबरपुर, अम्बेडकरनगर। सी.बी. सिंह लॉ कॉलेज के ऊर्जावान एवं समाजसेवी छात्रों ने ग्राम सोनगांव में उन्नत भारत अभियान (यूबीए) के अंतर्गत एक भव्य एवं सारगर्भित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर ग्रामीणों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही और वातावरण जनजागरण के रंग में रंग गया।

इस आयोजन में छात्रों ने स्वच्छता अभियान चलाते हुए साफ़ऽसफ़ाई का महत्व बताया तथा लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। साथ ही, जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे आज के समय के अत्यंत महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तार से जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं और युवतियों को मिशन शक्ति के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त मतदाता जागरूकता अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को मतदान के महत्व और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की ताकत से अवगत कराया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. उदय प्रताप सिंह ने बताया कि यह पहल छात्रों की सामाजिक जिम्मेदारी को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि कॉलेज परिवार समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीण समाज को जागरूक करने और राष्ट्र निर्माण की दिशा में योगदान देने का कार्य करता रहेगा।



**स्वच्छता, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, मिशन शक्ति और मतदाता जागरूकता पर जनसैलाब को किया संबोधित**

# मिशन शक्ति: छात्रा बनी एक दिन की प्रधानाध्यापिका

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देवा बाराबंकी। राजकीय हाई स्कूल मित्तई में शनिवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में कक्षा 10 की छात्रा कुमारी नौसिम फातिमा को एक दिन के लिए विद्यालय की प्रधानाध्यापिका का दायित्व सौंपा गया।

नौसिम फातिमा ने प्रधानाध्यापिका की भूमिका निभाते हुए शिक्षिकाओं के साथ विचार-विमर्श किया और कहा कि विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए सभी को एक टीम की तरह कार्य करना होगा। उन्होंने कार्यालय सहायक से प्रशासनिक कार्यों की जानकारी ली और कक्षाओं का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मिशन टॉप-10 (सत्र 2026) से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका संतोषजनक उत्तर छात्रा आयुषी ने दिया इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका दीपमाला वर्मा ने कार्यक्रम की सराहना की और नौसिम को आशीर्वाद व प्रोत्साहन दिया। कार्यक्रम में मिशन शक्ति की नोडल आरती वर्मा, शिक्षिकाएँ अनीता रावत एवं आरती चौधरी भी मौजूद रहीं।



## भीषण गर्मी में विद्युत कटौती से नगरवासी परेशान

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। भीषण उमस भरी गर्मी में विद्युत विभाग द्वारा की जा रही अघोषित बिजली कटौती से नगर पंचायत रामनगर के उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ज्ञात हो कि शासन प्रशासन की मंशा के अनुरूप नगरीय क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति 22 घंटे तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे सप्लाई होनी चाहिए। लेकिन इन दिनों विद्युत उपकेंद्र बुढ़वल रामनगर द्वारा मनमाने तरीके से कटौती की जा रही है नगर पंचायत रामनगर में शाम होते ही एक दो घंटे बिजली गायब हो जाती है यही नहीं पूरी रात बीच बीच मे ट्रिपलिंग होती रहती हैं। दिन में भी मनमाने तरीके से कटौती की जाती है। सुबह 5 बजे भी बिजली काट दी जाती है। जबकि नवरात्रि त्योहार के चलते प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने ऐलान कर रखा है कि पूरे नवरात्रि विद्युत सप्लाई बेहतर होनी चाहिए लेकिन उनकी मंशा के अनुरूप बद्तर बिजली आपूर्ति हो रही है। मनमानी कटौती के चलते सुबह दूर विद्यालय जाने वाले स्कूली बच्चों छात्र-छात्राओं व नौकरी पेशा लोगों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है लोगों का यह भी कहना है कि अधिशासी अभियंता दिलीप यादव के स्थानांतरण के बाद नए अभियंता खालिद अंसारी के पदभार ग्रहण करते ही मनमानी कटौती के चलते विद्युत आपूर्ति बदहाल हो गई है यदि समय रहते इसमें सुधार न हुआ तो आमजन धरना प्रदर्शन व आंदोलन करने का मन बना चुका हैं इस संबंध में सहायक अभियंता संजय कुमार का कहना है कि विभाग द्वारा पूरी कोशिश की जाती है की विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से दी जा सके लेकिन किन्हीं कारणों वश यदि विद्युत व्यवस्था में गड़बड़ी है तो इसमें सुधार किया जाएगा।

## अफवाहों पर ध्यान न दे , कोई समस्या हो तो पुलिस से संपर्क करे : आनंद तिवारी

देवा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली देवा परिसर में शनिवार को आयोजित बैठक में उपजिलाधिकारी नवाबगंज आनंद तिवारी और क्षेत्राधिकारी नगर संगम कुमार ने लोगों से अपील की कि वे युवाओं पर विशेष ध्यान दें और कहीं भी आपत्तिजनक पोस्टर न लगाए जाएँ। उन्होंने चेताया कि माहौल बिगाड़ने वाले किसी भी कार्य के खिलाफ प्रशासन सख्त कदम उठाएगा। कोतवाल अजय कुमार त्रिपाठी ने भी लोगों से कहा कि त्योहारों के दौरान सतर्क रहें और सोशल मीडिया पर अफवाहें फैलाने से बचें। किसी समस्या की स्थिति में सीधे पुलिस से संपर्क करना चाहिए इस अवसर पर कंपोजिट विद्यालय देवा की छात्राओं को थाना परिसर का भ्रमण कराया गया और उन्हें कानून तथा हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई बैठक में अध्यक्ष देवा मोहम्मद हारुन वारसी, अतिरिक्त निरीक्षक धर्मेंद्र प्रताप सिंह, थाना स्टाफ और क्षेत्र के अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

## शारदीय नवरात्रि ग्रामीण अंचलों में भक्ति मय हुआ वातावरण

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड निंदूरा के विभिन्न अंचलों में शारदीय नवरात्रि पर मनोहारी आयोजनों धूम है। शारदीय नवरात्रि बड़े श्रद्धा और उत्साह से श्रद्धालु मना रहे हैं। थाना कुर्सी क्षेत्र के 23 गांवों, थाना बड्डूपुर क्षेत्र के 22 तथा थाना घुंघटेर क्षेत्र के 10 गांवों में माता की प्रतिमाएं स्थापित कर सुबह-शाम नियमित पूजा-अर्चना की जा रही है। रात्रि में गांव-गांव में भजन-कीर्तन का आयोजन हो रहा है, जिससे वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना हुआ है। ढोल-नगाड़ों की धुन और जय माता दी के जयकारों से पूरा क्षेत्जयमान हो रहा है। ग्रामीण परिवारजन और श्रद्धालु माता के दरबार में हाजिरी लगाकर सुख-समृद्धि और मंगलकामना की प्रार्थना कर रहे हैं।

धार्मिक आस्था और लोक परंपराओं से जुड़े इस आयोजन में गांवों के युवा, महिलाएं और बच्चे भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। नवरात्र के अवसर पर पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्सव का रंग देखने को मिल रहा है।

## दस्तक अभियान की बैठक, मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश

रामनगर / सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। ब्लॉक सभागार में आयोजित संचारी रोगों की रोकथाम और 'दस्तक' अभियान संबंधी बैठक की अध्यक्षता सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज मिश्रा ने की। इस बैठक में ग्राम प्रधानों, पंचायत सहायकों, सफाई कर्मचारियों और ग्राम पंचायत सचिवों ने भाग लिया।बैठक में बताया गया कि संचारी रोग अभियान 5 से 31 अक्टूबर तक चलेगा, जबकि 'दस्तक' अभियान 11 से 31 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। सहायक विकास अधिकारी मनोज मिश्रा ने संचारी रोगों की रोकथाम के लिए पंचायत भवन, स्कूल, सामुदायिक शौचालय, गांव की सड़कें और नालियों जैसे सार्वजनिक स्थलों की नियमित साफ-सफाई पर जोर दिया। उन्होंने रोस्टर बनाकर सफाई सुनिश्चित करने और एंटी-लार्वा छिड़काव व फॉगिंग करवाने के निर्देश दिए।स्वास्थ्य विभाग के डॉ. देव प्रताप सिंह ने संचारी रोगों और 'दस्तक' अभियान से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित लोगों को इन बीमारियों के कारणों और बचाव के तरीकों से अवगत कराया। इस दौरान शैलेश रावत, बीसीपीएम भी मौजूद रहे।बैठक में राजेश कुमार रावत, मनीष कुमार शुक्ला, रवि रावत तेजभान वर्मा कुलदीप वर्मा मशूद रियाज प्रधान प्रतिनिधि रामसिंह यादव, दयाशंकर शुक्ल हरीराम रावत, सन्तोष कुमारी, अंकिता सिंह, फातिमा बानो, मिथलेश कुमारी, केतकी, चन्द्रसेनी वर्मा, सीमा देवी, रामराज यादव, इमामुद्दीन,, सुन्दर लाल, देशराज रावत, सुभाष चन्द्र, नवनीत वर्मा सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

रामनगर विकास खंड सभागार में शनिवार को संचारी रोगों की रोकथाम हेतु बैठक आयोजित हुई।बैठक की अध्यक्षता सहायक विकास अधिकारी अभय कुमार शुक्ल और डॉ. दलबीर सिंह ने की। इसमें ग्राम प्रधानों विकास अधिकारियों व सहायकों ने भाग लिया।अक्टूबर माह में गाँव-गाँव जागरूकता अभियान चलाने नालियों की नियमित सफाई कराने और मच्छरों के प्रकोप को रोकने के निर्देश दिए गए।डॉ. दलबीर सिंह ने बताया कि 76 ग्राम पंचायतों में अभियान प्राथमिकता से चलेगा।बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने ब्लॉक को स्वच्छ व रोगमुक्त बनाने का संकल्प लिया।

## ट्रक से कुचलकर स्कूटी सवार की दर्दनाक

रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्थानीय कोतवाली अंतर्गत इब्राहिमाबाद गांव निवासी 70 वर्षी जयचंद सिंह पुत्र बलदेव सिंह अपनी इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी भानपुर कोठी से अपने घर जा रहा था। तभी पूरे बनी के पास सामने से एचपी गैस का तेज रफ्तार ट्रक स्कूटी में टक्कर मारी।जिससे स्कूटी के परखर्च उड़ गए और जयचंद ट्रक के नीचे फंस गए और घटना स्थल पर ही मृत्यु हुई। सूचना मिलने पर घटना स्थल पर पहुंचीं कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा। और ट्रक को अपने कब्जे में लेक।

## एडीओ पंचायत ने संभाला कार्यभार

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नवागत एडीओ पंचायत कौशल कुमार ने शनिवार को सिद्धौर ब्लाक में पदभार संभाला।और ब्लाक के संबंधित मातहत कर्मियों से ब्लाक क्षेत्र व गांव पंचायतों के बारे में आवश्य ले, कार्यों की प्रगति जानी।व जरुरी दिशा निर्देश दिए। नवागत एडीओ पंचायत कौशल कुमार ने कहा कि शासन की मंशानुरूप कार्य करना मेरी प्राथमिकता है। इसलिए सभी सक्रियता के साथ अपनी ज़िम्मेदारियों का निर्वहन करें। लापरवाही कदापि न हो जिससे बेहतर कार्य हो। विदित हो कि अभी तक सिद्धौर एडीओ पंचायत पद कि कमान ग्राम पंचायत सचिव रेखा चौधरी के हाथ में थी। परंतु शनिवार को उक्त पद की जिम्मेदारी डीपीआरओ कार्यालय में तैनात रहे कौशल कुमार ने संभाल ली है।

# रामनगर में गंदगी का राजदरबार, सफाईकर्मी और अफसरान मुँह में लौंग दबाए, बैठे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। विकासखंड रामनगर की ग्राम पंचायत अमोली कीरतपुर आजकल जलभराव और गंदगी का ऐसा 'राजदरबार' बनी हुई है जहाँ मच्छर महाराज खुलेआम दरबार लगाते हैं और बीमारियाँ प्रजा की तरह दर-दर भटक रही हैं। जिम्मेदार सफाई कर्मचारी और अफसरान मानो मुँह में लौंग दबाए गहरी तंद्रा में सोए पड़े हैं।गांव के बाबू सिंह काका मार्ग पर बनी पुलिया का छोटा पाइप बरसाती पानी और कूड़े से पट चुका है, जिससे लगभग 100 फीट लंबी नाली पूरी तरह जाम है। बाबादीन से लेकर विपिन अवस्थी तक करीब 15 घरों का पानी इसी नाली में बहता था, मगर अब यह नाली गंदगी के साम्राज्य की राजधानी बन चुकी है।ग्रामीणों का कहना है कि इस दुर्गंध और जलभराव से गांव में महामारी फैलने का खतरा मंडरा रहा है। पर सफाई कर्मचारी शायद यह सोचकर निश्चिंत हैं कि मच्छरों से तो वोट नहीं मिलते और बीमारी से इंसान ही टूटेंगे, जिम्मेदारी से बचने का यह सबसे आसान तरीका है।गांव की दुर्दशा देखकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोग व्यंग्य कसते हुए कह रहे हैं ल्ययदि महामारी फैली तो जिम्मेदार वही होंगे जो कागजों पर सफाई कर रहे हैं और जमीन पर गंदगी बो रहे हैं।



# मिशन शक्ति अभियान, एएसपी ने छात्राओं को किया जागरुक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। मिशन शक्ति अभियान फ़ेज-05 के तहत अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री रितेश कुमार सिंह द्वारा थाना सफदरगंज क्षेत्रान्तर्गत राजकीय बालिका विद्यालय में बालिकाओं/छात्राओं को जागरुक किया गया तथा महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076,चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098,वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, मिशन शक्ति केन्द्र के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी।



## फ्लैग मार्च कर पुलिस ने दिया सुरक्षा का भरोसा

जैदपुर बाराबंकी। नवरात्रि, दुर्गा पूजाऔर दशहरा के त्योहारों को देखते हुए जैदपुर पुलिस ने शुक्रवार जैदपुर थाना क्षेत्र में पैदल मार्च और पैदल गस्त का आयोजन किया। पुलिस अधीक्षक विजय वर्गी के निर्देशन में जैदपुर थाना प्रभारी संतोष सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ थाना चौराहा सिनेमा हॉल बड़ी बाजार छोटा इमामबाड़ा मुख्खिन बांध चौराहा सहित थाना क्षेत्र के अनेक क्षेत्र में पैदल मार्च निकाला गया। इस दौरान अधिकारियों द्वारा जनता से आपसी सौहार्द और प्रेम भाव से त्योहार मनाने की अपील की गई। अगस्त का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखना. अराजक तत्वों को कडा संदेश! व आम जनमानस में सुरक्षा का आभास कराया गया। इस अवसर पर जैदपुर कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह कस्बा इंचार्ज विनय कुमार .दीवान जय नारायण सिंह. पंकज राठौर सहित भारी संख्या में पुलिस बल उपस्थित रहा।

# श्याम बाबा का भंडारा, लोगों ने छका पसाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। श्री श्याम परिवार कल्याण समिति तत्वावधान खाटू श्याम बाबा का 33वाँ विशाल भंडारा पटेल मार्केट अयोध्या रोड स्थित राममोहन वैश्य अंकित वैश्य के प्रतिष्ठान पर आयोजन किया गया। श्याम प्रभु के पूजन आरती के उपरांत भंडारा प्रारंभ किया गया आयोजन में सरवन डालमिया,रविनन खजांची,राम मोहन वैश्य,धीरज गुप्ता,अंकित वैश्य,पंकज गुप्ता पंकी, बृजेश वैश्य,श्याम मोहन वैश्य,रोहित सिंह, सरदार चरनजीत सिंह, विवेक गुप्ता, प्रांशु अग्रवाल,अमित वैश्य,पंकज वर्मा सहित सैकड़ों श्याम प्रेमियो ने प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद प्राप्त किया।



## एसएचओ ने सुना जन शिकायतें

रामनगर बाराबंकी। थाना रामनगर में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडेय की अध्यक्षता में फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं।इस दौरान भूमि विवाद से संबंधित तीन प्रार्थनापत्र प्राप्त हुए जिन पर त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण का आश्वासन दिया गया।थाना प्रभारी ने कहा कि फरियादी को न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिकता है इस मौके पर राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## मोबाइल कोर्ट में चार मामले निस्तारित

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।ग्राम न्यायालय ने किन्तूर ग्राम पंचायत के सचिवालय में एक मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया। इस दौरान चार मामलों का निस्तारण किया गया, जिसमें एक वारंट रिकॉल और एक एनबीडब्ल्यू (गैर-जमानती वारंट) में जमानत भी शामिल है।शनिवार को आयोजित इस कोर्ट की अध्यक्षता ग्राम न्यायालय सिरौलीगौसपुर के न्यायाधीश कमलकंात तिवारी ने की। उन्होंने सरकार बनाम छंग्गालाल, सरकार बनाम शरीफ, सरकार बनाम नीरज और सरकार बनाम हेमंत कुमार यादव जैसे मामलों का निपटारा किया।इसके अतिरिक्त, 13 जुआ एक्ट अधिनियम के तहत पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए सरकार बनाम सौरभ को जमानत पर रिहा कर दिया गया। सरकार बनाम संजय के मामले में वारंट रिकॉल किया गया। इस अवसर पर पेशकार पुरुषोत्तम, लवकुश कनौजिया, कोर्ट मोहर्रिर आकाश विश्वकर्मा, अधिवक्ता, लेखपाल महेंद्र जायसवाल ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अकरम अंसारी और कोतवाली बदोसरांय पुलिस मौजूद रही।

## विस्फोटक खिताबी मुकाबले के लिए तैयार भारत और पाकिस्तान

एजेंसी

दुबई। अपनी सीट बेल्ट बांध लीजिए! क्रिकेट की दुनिया की सबसे बड़ी जंग यहीं है। रविवार रात दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में एशिया कप टी20 टूर्नामेंट के फाइनल में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला होगा-इससे बड़ा मुकाबला और क्या हो सकता है।

भारत इस मुकाबले में पूरी ताकत से उतरेगा, टूर्नामेंट में अजेय है और पाकिस्तान पर दो जीत पहले ही हासिल कर चुका है। वे एक मिशन पर लगी टीम की तरह दिख रहे हैं। शीर्ष क्रम में, अभिषेक शर्मा का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा है-309 रन, 200 से ज़्यादा का स्ट्राइक रेट और लगातार तीन अर्धशतक। शुभमन गिल का धैर्य, सूर्यकुमार यादव की आतिशी बल्लेबाजी, और तिलक वर्मा व संजू सैमसन का आक्रामक अंदाज-यह बल्लेबाजी विकल्पों से भरी हुई है। और अगर आपको लगता है कि बात यहीं खत्म हो जाती है, तो शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या और अक्षर पटेल का निचला क्रम डेथ ओवरों में धमाकेदार प्रदर्शन कर सकता है। गेंदबाजी कमाल की। जसप्रीत बुमराह नई



गेंद से आग उगल रहे हैं, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल बल्लेबाजों को बांधे हुए हैं, और वरुण चक्रवर्ती अपनी रहस्यमयी स्पिन से घातक साबित हुए हैं। भारत के पास विविधता, संतुलन और गहराई है - एक फाइनल में आपको जो कुछ भी चाहिए। हालांकि, पाकिस्तान यहां संयोग से नहीं है। वे लड़खड़ा भी चुके हैं - बांग्लादेश से पूछिए, जिसने 71 रन पर उनका स्कोर 6 विकेट कर दिया था, उसके बाद पाकिस्तान ने वापसी की। लेकिन फाइनल उनके अंदर की लड़ाई को उजागर करता है। फखर जमान एक ऐसे खिलाड़ी हैं जो अगर लय में आ जाएं तो बेकाबू हो सकते हैं। साहिबज़ादा फरहान एंकर हैं। कप्तान सलमान आगा, मोहम्मद हारिस और मोहम्मद नवाज के साथ मिलकर टीम को संभालने की कोशिश करेंगे। लेकिन असली ताकत उनकी गेंदबाजी में है। नई गेंद से शाहीन अफरीदी बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रहे हैं, हारिस रऊफ किसी भी लाइन-अप को तहस-नहस कर सकते हैं, और युवा सैम अयूब ने अपने आठ विकेट लेकर कमाल कर दिया है। नवाज और अबरार अहमद के समर्थन से, यह एक ऐसा आक्रमण है जो भारत को नुकसान पहुंचा सकता है अगर वे अपनी लय हासिल कर लें। यहां एक दिलचस्प मोड़ है: भारत अभी ऊंचाइयों पर है, लेकिन फाइनल में इतिहास पाकिस्तान के पक्ष में झुकता दिख रहा है। इन दोनों के बीच हुए 12 फाइनल मुकाबलों में से पाकिस्तान ने आठ जीते हैं। यही वह आंकड़ा है जो इस प्रतिद्वंद्विता को जीवंत और जीवंत बनाए रखता है। दुबई की पिच शुरुआत में तेज गेंदबाज़ों के लिए थोड़ी मदद की उम्मीद करें, बीच में स्पिनर खेल में आएंगे, और फिर ओस लक्ष्य का पीछा करने वालों के लिए काम आसान कर देगी। 180-190 के आसपास का स्कोर जादुई संख्या होगी। मौसम साफ, नम है, और दूधिया रोशनी में धमाकेदार मैच के लिए एकदम सही है। संभावनायें भारत की ओर इशारा करती हैं। फ़ॉर्म भारत की ओर इशारा करता है। लेकिन भारत-पाकिस्तान फाइनल में, आप इन सब बातों को नजरअंदाज़ कर देते हैं। एक बड़ा ओवर, एक तेज स्पेल, और पल भर में कहानी पलट सकती है। तो तैयार हो जाइए - रविवार की रात दुबई में, ज़ोरदार, तनावपूर्ण और पूरी तरह से धमाकेदार होने वाली है। भारत बनाम पाकिस्तान का फाइनल। दुनिया देखेगी।

## मोर्कल ने हार्दिक और अभिषेक की फिटनेस चिंताओं को किया खारिज

एजेंसी

दुबई। भारत के बॉलिंग कोच मॉर्ने मोर्कल ने हार्दिक पांड्या और अभिषेक शर्मा की फिटनेस को लेकर उठ रहे सवालों को पूरी तरह से नकार दिया है। रविवार को दुबई में पाकिस्तान के ख़िलाफ एशिया कप फाइनल से पहले हार्दिक और अभिषेक की फिटनेस को लेकर सवाल उठे थे लेकिन गेंदबाजी कोच के बयान के बाद सब कुछ साफ हो गया। हार्दिक ने शुक्रवार को श्रीलंका की पारी का पहला ओवर फेंकने के बाद मैदान से बाहर चले गए थे। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि उनके हैमस्ट्रिंग में समस्या हो रही थी। उसी ओवर में उन्होंने कुसल मेंडिस को आउट किया था। इसके बाद वे पूरी पारी में मैदान पर वापस नहीं आए। मोर्कल ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''हार्दिक को क्रैम्प्स आ रहे थे। आज रात और कल सुबह उनकी जांच होगी, उसके बाद ही निर्णय लिया जाएगा।'' भारत के बॉलिंग कोच ने वही कहा जो कप्तान सूर्यकुमार यादव ने मैच प्रेज़ेंटेशन के दौरान कहा था। इस बीच अभिषेक भी श्रीलंका की पारी के दौरान पहले 10 ओवर के बाद मैदान से बाहर रहे। नौवें ओवर में फ़ील्डिंग करते हुए, उन्होंने अपने दाहिने पैर की जांघ को पकड़कर असहजता जताई और 10वें ओवर में मैदान छोड़कर बाहर चले गए। उसी समय पथुम निसंका के एक सिक्सर को डेड बॉल करार दिया गया था, क्योंकि अभिषेक गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती के रन-अप शुरू करने से पहले मैदान से बाहर नहीं गए थे। हार्दिक की तरह अभिषेक का भी बाक़ी पारी में बर्फ़ और पिकल जूस से क्रैम्प का इलाज किया गया। रिंकू सिंह, शिवम दुबे और जितेश शर्मा अलग-अलग मौकों पर सब्स्टिट्यूट फ़ील्डर के रूप में मैदान पर आए। एक समय तिलक वर्मा भी थोड़ी देर के लिए बाहर गए, लेकिन हाइड्रेशन ब्रेक लेने के बाद वह मैदान पर लौट आए। भारत और श्रीलंका का मैच सुपर ओवर तक गया था। इसके कारण मैच तय समय से ज़्यादा देर तक चला। ऐसे में भारतीय खिलाड़ियों के पास रविवार को पाकिस्तान के ख़िलाफ होने वाले फाइनल से पहले रिकवरी के लिए काफी कम समय है। मोर्कल ने खिलाड़ियों के आराम पर ज़ोर दिया और कहा कि शनिवार को कोई ट्रेनिंग नहीं होगी। उन्होंने कहा, ''खिलाड़ियों के लिए आराम करना सबसे ज़्यादा ज़रूरी है। वे आईस बाथ ले रहे हैं। मैच खत्म होते ही रिकवरी शुरू हो गई है। रिकवरी का सबसे अच्छा तरीका नींद और पैरों को आराम देना है। उम्मीद है कि वे अच्छी नींद ले सकेंगे। खिलाड़ियों के लिए अलग-अलग पूल सेशन रखे जाएंगे। फिर मसाज होंगे ताकि वे रविवार के बड़े मुक़ाबले के लिए मानसिक रूप से तैयार हो सकें। 'अर्शदीप और हर्षित एक्स-फ़ैक्टर हैं' मोर्कल ने अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा जैसे खिलाड़ियों की चुनौतियों पर भी बात की। श्रीलंका के ख़िलाफ शुक्रवार को दोनों ने आठ ओवर में 100 रन देकर कुल दो विकेट लिए, लेकिन सुपर ओवर में अर्शदीप ने शानदार गेंदबाजी कर भारत को जीत दिलाई।

## यह टीम बहुत आगे तक जा सकती है : जयसूर्या

एजेंसी

दुबई। श्रीलंका के मुख्य कोच सनत जयसूर्या को विश्वास नहीं हो रहा था कि श्रीलंका ने दुबई में भारत के ख़िलाफ एशिया कप सुपर फोर मैच आख़िरी ओवर में गंवा दिया है। उनकी यह हार जुलाई 2024 की यादों को ताजा कर गई, जब उन्होंने भारत के ख़िलाफ एक आसान सी दिख रही जीत को गंवा दिया था। पल्लेकेल स्टेडियम में खेले गए उस मैच में श्रीलंका को छह विकेट शेष रहते दो ओवरों में सिर्फ़ नौ रन चाहिए थे। फिर भी वे रिंकू सिंह और सूर्यकुमार यादव की गेंदबाजी के सामने लड़खड़ा गए और मैच सुपर ओवर में चला गया, जहां वे केवल एक रन ही बना पाए, जिसे सूर्यकुमार ने एक ही गेंद में हासिल कर लिया था। शुक्रवार को, श्रीलंका को जीतने के लिए आख़िरी ओवर में 12 रन चाहिए थे, जबकि छह विकेट शेष थे और शतकवीर पथुम निसंका क्रीज पर



मौजूद थे। लेकिन वह आख़िरी ओवर की पहली ही गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद दसुन शनाका ने मैच को आगे बढ़ाया और आख़िरी गेंद पर तीन रन की ज़रूरत थी। लेकिन आख़िरी गेंद पर वह सिर्फ़ दो ही रन बना पाए। और मैच सुपर ओवर में चला गया, जहां भारतीय टीम ने बाजी मार ली।

जयसूर्या ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''मैं चाहता था कि हम मैच को सामान्य तरीक़े से ही जीत लें। कोई भी कप्तान या कोच सुपर ओवर में नहीं जाना चाहता। दुर्भाग्य से दासुन तीसरा रन पूरा नहीं कर पाए। हालांकि ऐसा नहीं है कि भारत के ख़िलाफ़ हम किसी मानसिक अवरोध के साथ खेलते हैं। हमारी बल्लेबाज़ी लाइन-अप मजबूत है। 200 (203) का पीछा करना कभी आसान नहीं होता, लेकिन हमने लगभग उस स्कोर को हासिल कर लिया था, जो हमारी बल्लेबाज़ी की गुणवत्ता को दर्शाता है। श्रीलंका की क्लास या गुणवत्ता पर कोई संदेह नहीं है, और निसंका इसका बेहतरीन उदाहरण हैं। 2021 में टेस्ट बल्लेबाज के रूप में पहचान बनाने के बाद, वह अब एक ज़बरदस्त व्हाइट-बॉल खिलाड़ी बन गए हैं। पिछले ही हफ़्ते ग्रुप स्टेज के बाद निसंका ने जयसूर्या के प्रभाव और कोच द्वारा उन्हें एक अलग पहचान विकसित करने की स्वतंत्रता देने की खुलकर प्रशंसा की थी। शुक्रवार को उन्होंने बेहतरीन खेल दिखाया और 58 गेंदों पर 107 रन की शानदार पारी खेली।

## स्वियाटेक ने चाइना ओपन में अपना अपराजित अभियान जारी रखा

एजेंसी

बीजिंग। विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी पोलैंड की इगा स्वियाटेक ने शनिवार को चाइना ओपन में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। उन्होंने महिला एकल के दूसरे दौर में घरेलू खिलाड़ी युआन यू को 6-0, 6-3 से हराकर नेशनल टेनिस सेंटर में अपना अपराजित रिकॉर्ड कायम रखा।

24 वर्षीय स्वियाटेक पहले सेट में अजेय रहीं और उन्होंने तीन ब्रेक के साथ सभी छह गेम जीतकर बेसलाइन पर अपना दबदबा कायम रखा। यह बीजिंग में उनके शानदार रिकॉर्ड का एक और उदाहरण है, क्योंकि उन्होंने 2023 में अपने पहले ही टूर्नामेंट में जीत हासिल की थी।

58वें नंबर की 25 वर्षीय युआन ने दूसरे सेट में कड़ी टक्कर दी। चीनी खिलाड़ी ने शुरुआती गेम में सर्विस ब्रेक करके 1-0 की बढ़त बना ली, लेकिन शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने तुरंत वापसी करते



हुए लगातार तीन गेम जीतकर 3-1 की बढ़त बना ली। स्थानीय प्रबल दावेदार ने छठे और आठवें गेम में अपनी सर्विस बचाए रखी, कई ब्रेक पॉइंट बचाए और एक चतुर ड्रॉप शॉट से दर्शकों को रोमांचित कर दिया। लेकिन स्वियाटेक ने नियंत्रण नहीं छोड़ा और अपनी शानदार सर्विस से सेट 6-3 से अपने नाम कर मैच जीत लिया। स्वियाटेक ने 2025 के सीजन में शानदार प्रदर्शन किया है, जिसमें इस गर्मी में उनका विंबलडन खिताब भी शामिल है, जहां उन्होंने अमांडा अनिसिमोवा को दो 6-0 सेटों से हराया था, और हाल ही में कोरिया ओपन में उनकी जीत भी शामिल है। छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन, चाइना ओपन में दूसरी बार भाग ले रही हैं, लेकिन इस प्रतियोगिता में अपराजित हैं और चीनी राजधानी में एक और खिताब के लिए प्रयासरत हैं। स्वियाटेक का अगला मुकाबला कोलंबिया की कैमिला ओसोरियो से है, जिन्होंने 28वीं वरीयता प्राप्त अन्ना कालिंस्काया को 6-1, 4-6, 6-4 से हराकर अंतिम 32 में प्रवेश किया। इससे पहले, इसी कोर्ट पर, चौथी वरीयता प्राप्त मीरा एंड्रीवा ने चीन की झू लिन को 6-2, 6-2 से आसानी से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। एंड्रीवा ने पहले सेट में दो बार सर्विस ब्रेक की और 4-1 की बढ़त बनाई, फिर 6-2 से सेट अपने नाम किया। 18 वर्षीय रूसी खिलाड़ी ने दूसरे राउंड में भी अपनी लय बरकरार रखी और झू की सर्विस दो बार और तोड़कर एक घंटे 18 मिनट में जीत हासिल कर ली। यह बीजिंग में एंड्रीवा की तीसरी उपस्थिति थी। वह पहली बार 2023 में क्वालीफायर के रूप में आई थीं और एलेना रिबाकिना से हारने से पहले राउंड ऑफ 16 तक पहुंची थीं। पिछले साल वह 17वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के रूप में क्वार्टर फाइनल में पहुंची थीं, लेकिन घरेलू पसंदीदा झेंग किनवेन से हार गईं। अब विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान पर काबिज एंड्रीवा ने इस साल की शुरुआत में दोहा और इंडियन वेल्स में लगातार खिताब जीतकर शानदार प्रदर्शन किया है। 31 वर्षीय झू, जिनकी रैंकिंग 253 है, अपना सातवाँ चाइना ओपन खेल रही थीं और अपने करियर में केवल दूसरी बार दूसरे दौर में पहुंचीं। राउंड ऑफ 32 में उनकी आखिरी उपस्थिति 2014 में हुई थी। एंड्रीवा का अगला मुकाबला स्पेन की जेसिका बौज़ास मानेरो से होगा, जिन्होंने यूक्रेन की 29वीं वरीयता प्राप्त दयाना यास्त्रेम्स्का को 7-5, 6-4 से हराया।

## संक्षिप्त समाचार

### काउंटी में राहुल चाहर का जलवा, एक ही पारी में झटके सात विकेट

**लंदन।** हैम्पशायर काउंटी चैंपियनशिप के डिविजन 1 से बाहर होने की कगार पर पहुंच गया है। यूटिलिटा बाउल में सरे के लेग-स्पिनर राहुल चाहर की फ़िरकी ने हैम्पशायर को एक ऐसी स्थिति पर ला दिया है, जहां होने की उम्मीद वह कभी नहीं करेंगे। भारत के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी चाहर ने स्पिन लेती पिच का पूरा फ़ायदा उठाते हुए 45 रन देकर 7 विकेट लिए और हैम्पशायर की पारी को 61/0 से 148/9 पर पहुंचा दिया। यह चाहर की पहली काउंटी चैंपियनशिप है। दक्षिणी तट की यह टीम डिवीजन वन में बने रहने के लिए हार से बचना चाहती है, लेकिन 181 के लक्ष्य का पीछा करते हुए वह 148/9 तक ही पहुंच पाई है। खराब रोशनी के कारण खेल 4.35 बजे रोकना पड़ा। हैम्पशायर को अब भी 33 रन की जरूरत है। क्रिकविज के आंकड़ों के मुताबिक उनके जीतने की संभावना महज 14% रह गई है। सरे ने जब दिन की शुरुआत की थी, तब उनके चार विकेट शेष थे। लेकिन हैम्पशायर ने सुबह की गेंदबाजी में सुस्ती दिखाई। उनके गेंदबाजों ने 23 ओवर में 55 रन दिए और आख़िरी चार विकेट निकाले। हैम्पशायर एक गेंदबाज कम लेकर उतरी थी, क्योंकि वॉशिंगटन सुंदर को पिछली शाम हाथ में चोट लगी थी। 181 के लक्ष्य का पीछा करना थोड़ा कठिन भी था। इस सीजन यूटिलिटा बाउल पर सबसे बड़ा सफल पीछा 148 रन का ही था, जो उन्होंने यॉर्कशायर के ख़िलाफ किया था। लंच से पहले एक मुश्किल ओवर भी गुजरा, जिसमें गेंद फिशर ऑर के बैट के बहुत क़रीब से गुजरी, जिससे लगा कि वह कैच आउट हो गए हैं। लेकिन अंपायर ने उस अपील को नकार दिया। ऑर को जीवनदान भी मिला। शॉर्ट कवर पर उनका कैच भी छोड़ा गया। पहले 12 ओवर में ही 50 रन बन गए थे। लेकिन फिर विकेट गिरने लगे। गेंद तेज़ी से टर्न होने लगी, जो बल्लेबाज़ों को काफी परेशान कर रही थी।

### विश्व पैरा एथलेटिक्स में नीदरलैंड ने दो स्वर्ण के साथ शीर्ष पर, भारतीय धाविका दीप्ति जीवनजी फाइनल में पहुंची

**नयी दिल्ली।** इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 के पहले दिन शनिवार को प्रात:कालीन सत्र नीदरलैंड दो स्वर्ण के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर वहीं पोलैंड भी एक स्वर्ण और एक कांस्य सहित दो पदक दूसरे स्थान पर है। भारतीय धाविका दीप्ति जीवनजी ने महिलाओं की 400 मीटर टी-20 स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई। चीन, कोलंबिया, जापान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने भी एक-एक स्वर्ण पदक अपने नाम किये। चीनी पैरा एथलीट वेन शियाओयान ने महिलाओं की लंबी कूद टी37 फाइनल में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने अपने पांचवें प्रयास में 5.32 मीटर की छलांग लगाई। चैंपियनशिप के पहले दिन के प्रात:कालीन सत्र में कुल सात पदक स्पर्धाएं हुईं। जापान के केन्या करासावा ने पिछले वर्ष के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता ब्राजील के येल्तसिन जैक्स को हराकर इस स्पर्धा में अपने देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने पुरुषों की 5000 मीटर टी-11 दौड़ 15:23.38 के समय के साथ पूरी की। भारतीय दल के लिए सबसे खास बात महिलाओं की 400 मीटर टी-20 स्पर्धा के फाइनल में धाविका दीप्ति जीवनजी का पहुंचना रहा। उन्होंने दूसरी हीट में प्रथम स्थान प्राप्त कर मेडल राउंड के लिए क्वालीफाई किया। वह पहले दिन शाम के सत्र में फाइनल में प्रतिस्पर्धा करके भारत को इस उच्च-ऑक्टेन स्पर्धा का पहला पदक दिला सकती हैं। महिलाओं की 100 मीटर टी-71 स्पर्धा में, संयुक्त अरब अमीरात की थेकरा अलकाबी ने 19.89 अंक के साथ विश्व रिकॉर्ड और एशियाई रिकॉर्ड बनाया।

### विश्व तीरंदाजी पैरा चैंपियनशिप: शीतल देवी ने जीता पहला स्वर्ण

**ग्वांगझू।** भारतीय पैरा तीरंदाज शीतल देवी ने महिला कॉम्पाउंड ओपन फाइनल में तुर्की की ओज़नूर क्यूरे गिरदी को हराकर विश्व तीरंदाजी पैरा चैम्पियनशिप में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता है। स्वर्ण पदक मैच में शीतल ने दूसरे राउंड से बढ़त बनाई और पूरे खेल में मजबूती बनाए रखते हुए 146-143 से फाइनल अपने नाम किया। इस जीत के साथ शीतल ने तीन बार की विश्व चैम्पियन और 2024 पेरिस पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता को मात दी। यह शीतल का उस दिन का तीसरा मेडल था। उन्होंने पहले टीम इवेंट में रजत और कांस्य पदक भी जीते। दिन की शुरुआत में, शीतल देवी ने सरिता के साथ महिला कॉम्पाउंड ओपन टीम इवेंट में रजत पदक प्राप्त किया, जहां तुर्की ने फाइनल में उन्हें हराया। इसके बाद शीतल ने टोमन कुमार के साथ मिश्रित टीम कॉम्पाउंड ओपन इवेंट में कांस्य पदक जीता, जब उन्होंने ग्रेट ब्रिटेन के नाथन मैकक्वीन और जोडी ग्रिनहम को मात दी।

## भारत दूसरे देशों के साथ साझा करेगा अपनी स्वदेशी 4जी नटवर्क प्रौद्योगिकी: सिंधिया

एजेंसी

नयी दिल्ली। दूरसंचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र मामलों के मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने स्वदेशी 4जी मोबाइल दूरसंचार नेटवर्क प्रौद्योगिकी के विकास को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी और साहसी नेतृत्व का सफल बताते हुए कहा है कि यह केवल तकनीकी सफलता नहीं, बल्कि भारत का 'आत्मनिर्भरता का वैश्विक उद्घोष' है और भारत इसे दूसरे देशों के साथ साझा करेगा। श्री मोदी ने शनिवार को ओडिशा के एक कार्यक्रम से स्वदेशी 4जी नेटवर्क प्रौद्योगिकी पर आधारित और देश के दूरदराज के क्षेत्रों में स्थापित 90 हजार से अधिक मोबाइल टावरों का लोकार्पण किया। श्री सिंधिया ने इस प्रौद्योगिकी पर सार्वजनिक तौर पर साझा किये गये एक लेख में लिखा है, ' यह प्रौद्योगिकी विकसित भारत 2047 की यात्रा में यह उपलब्धि मील का पत्थर साबित होगी। दूरसंचार मंत्री ने कहा है कि श्री मोदी द्वारा वर्ष 2020 में लिए गए एक साहसिक निर्णय ने देश के तकनीकी भविष्य की दिशा बदल कर रख दी। इसी निर्णय के चलते देश ने स्वदेशी 4जीस्टैक विकसित करने का निर्णय लिया जो मोबाइल नेटवर्क का 'मस्तिष्क और रीढ़' है, जो सॉफ़्टवेयर और हार्डवेयर के माध्यम से कॉल और इंटरनेट को सुरक्षित, तेज और निर्बाध बनाता है। उन्होंने कहा कि 4जी स्टैक के लिए भारत विदेशी कंपनियों पर निर्भर था लेकिन महंगा और रणनीतिक रूप से जोखिम भरा था। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, बीएसएनएल ने पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिपमॉडल अपनाकर सी-डॉट, उद्योग, स्टार्टअप्स और शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से और निजी संस्थान टीसीएस के साथ मिलकर यह स्टैक विकसित किया गया। इसमें सी-डॉट ने कोर नेटवर्क, तेजस नेटवर्क्स ने रेडियो समाधान और टीसीएस ने सिस्टम इंटीग्रेशन संभाला। यह कदम केवल विदेशी निर्भरता कम करने तक सीमित नहीं, बल्कि भविष्य में 5जी और उससे आगे की तकनीक के लिए भी मजबूत आधार तैयार करता है। उन्होंने लिखा है कि चीन, फिनलैंड, स्वीडन और दक्षिण कोरिया के बाद अब भारत स्वदेशी 4जी एलटीई/आईएमएस स्टैक विकसित करने वाले चुनिंदा देशों की इस सूची में शामिल हो गया है। उन्होंने कहा, ''यह केवल तकनीकी प्रगति नहीं,आत्मनिर्भरता, सुरक्षा और डिजिटल संप्रभुता का निर्णायक कदम है। भारत का 4जी पैकेट कोर और इंटरनेट प्रॉटॉकॉल मल्टीमीडिया उपप्रणाली (आईएमएस) डेटा, ध्वनि, वीडियो और मैसेजिंग जैसी सेवाओं को सक्षम बनाते हैं। गौरतलब है कि जून 2024 से अब तक, बीएसएनएल ने एक लाख स्वदेशी 4जी साइट्स स्थापित की हैं।आज यह नेटवर्क 2.2 करोड़ से अधिक भारतीयों तक पहुँच चुका है, हर दिन चार पेटाबाइट डेटा को सुगम और सुरक्षित रूप से संभालते हुए उनके जीवन और कामकाज को जोड़ रहा है।

## विश्व पैरा एथलेटिक्स 2025 : भारत की दिखी ताकत और तैयारी

एजेंसी

नई दिल्ली। विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप (विश्व पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता) की शुरुआत शनिवार सुबह जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, नई दिल्ली में हो चुकी है। यह शहर में 2010 के विवादित राष्ट्रमंडल खेलों के बाद पहला बड़ा एथलेटिक्स आयोजन है। नए सिरे से विकसित और अपग्रेड किए गए स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय स्तर की दौड़ की पटरियाँ और दर्शकों के अनुकूल सुविधाएँ उपलब्ध हैं, जो देश में पैरा खेलों को बढ़ावा देने के साथ-साथ केंद्रीय सरकार के बड़े खेल आयोजन लाने के प्रयास का प्रतीक भी हैं। इसमें 2030 के राष्ट्रमंडल खेल और 2036 के ओलंपिक की मेजबानी शामिल है, जो यह दर्शाता है कि भारत इस तरह के बड़े आयोजन सफलतापूर्वक आयोजित कर सकता है। भारत में शारीरिक और बौद्धिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के प्रति समाज में अक्सर गलत धारणाएँ रही हैं। ऐसे में विश्व पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता की मेजबानी समावेशिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस प्रतियोगिता में 104 देशों के लगभग 1700 एथलीट 184 प्रतियोगिताओं में नौ दिनों तक प्रतिस्पर्धा करेंगे, जिसमें 101 पुरुष, 83 महिला और एक मिश्रित प्रतियोगिता शामिल है। यह अब तक का सबसे बड़ा संस्करण है। पिछले दशक में भारतीय पैरा एथलीट लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। 2015 में आईपीसी एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में दो पदक से लेकर 2024 में 17 पदक और पेरिस पैरालंपिक 2024 में कुल 29 में से 17 पदक जीतने तक, भारतीय पैरा एथलीटों ने अपनी क्षमताओं का लोहा मनवाया है। इसमें प्रमुख आकर्षण हैं : दो बार के विश्व और ओलंपिक चैम्पियन सुमित अंतिल (एफ64 भाला फेंक), जो 73.29 मीटर के विश्व रिकॉर्ड के साथ खेल रहे हैं और 75 मीटर की बाधा पार करने की कोशिश कर रहे हैं; नवदीप सिंह (एफ41 भाला फेंक), धर्मबीर नैन (एफ51 क्लब थ्रो), रवि रोंगाली (एफ40 शॉट पुट), और वरुण भाटी (टी63 ऊँची कूद) जैसे अनुभवी एथलीट भी अपनी क्षमता दिखा रहे हैं।

## वित्त मंत्री सीतारमण तीन अक्टूबर को कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन का करेंगी उद्घाटन

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण तीन अक्टूबर को यहां के ताज पैलेस में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन (केईसी 2025) के चौथे संस्करण का उद्घाटन करेंगी। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में बताया कि सीतारमण 'अशांत समय में समृद्धि की तलाश' विषय पर 3-5 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले चौथे कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन (केईसी 2025) का उद्घाटन करेंगी। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर 5 अक्टूबर को भारत की विदेश और आर्थिक नीति पर विचार-विमर्श के साथ इस सम्मेलन का समापन करेंगे। मंत्रालय के मुताबिक केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन 2025 में 'संचार: उभरती प्रौद्योगिकियां' विषय पर एक चर्चा सत्र की अध्यक्षता करेंगे। विशेष लंच




सत्रों में ''संचार: उभरती हुई प्रौद्योगिकियां'' पर आयोजित एक अग्रगामी सत्र शामिल होगा, जिसमें एआई और डिजिटल बुनियादी ढांचे के प्रमुख विशेषज्ञ शामिल होंगे। केईसी 2025 का आयोजन 3-5 अक्टूबर तक नई दिल्ली के ताज पैलेस में किया जाएगा। सम्मेलन का समापन वैश्विक समष्टि आर्थिक विवेक पर एक उच्चस्तरीय पूर्ण बैठक के साथ होगा, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पीके मिश्रा करेंगे, जिसमें वरिष्ठ नीति निर्माता और अर्थशास्त्री विश्व अर्थव्यवस्था की स्थिति और वित्तीय प्रशासन में आवश्यक सुधारों का मूल्यांकन करने के लिए एक साथ आएंगे।

## विश्व खाद्य भारत शिखर सम्मेलन: पहले दो दिनों में 1 लाख करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को वैश्विक और घरेलू निवेशकों से मजबूत समर्थन मिला है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की ओर से आयोजित विश्व खाद्य भारत 2025 शिखर सम्मेलन में पहले और दूसरे दिन के अंत तक हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापनों (एमओयू) का कुल मूल्य एक लाख करोड़ रुपेय के निवेश को पार कर गया है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में बताया कि 'विश्व खाद्य भारत 2025' शिखर सम्मेलन के पहले दो दिनों में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की प्रतिबद्धता जताई गई है, जिसमें अकेले शुक्रवार को 21 कंपनियों ने 25,000 करोड़ रुपये से अधिक के समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। भारत मंडपम में आयोजित इस कार्यक्रम में खाद्य




प्रसंस्करण और संबद्ध क्षेत्रों के हितधारकों के साथ 25 से अधिक ज्ञान सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य संवाद स्थिरता, प्रौद्योगिकी, निवेश के अवसरों और अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों पर केंद्रित रहे, ताकि भारत को ''भविष्य की वैश्विक खाद्य टोकरी'' के रूप में स्थापित किया जा सके। सम्मेलन के दूसरे दिन उत्तर प्रदेश, गुजरात, पंजाब, झारखंड और बिहार जैसे साझेदार और फोकस राज्यों के साथ गी न्यूज़ीलैंड, वियतनाम, जापान और रूस जैसे अंतरराष्ट्रीय साझेदारों द्वारा सत्रों का आयोजन किया गया। इसके अलावा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, आयुष मंत्रालय, एपीडा और विश्व बैंक ने भी क्षेत्रीय चर्चाओं का आयोजन किया। मंत्रालय ने कहा कि इसके समानांतर दो वैश्विक कार्यक्रम-एफएसएसएआई द्वारा आयोजित तीसरा वैश्विक खाद्य नियामक शिखर सम्मेलन और भारतीय समुद्री खाद्य निर्यातक संघ द्वारा आयोजित 24वां भारत अंतरराष्ट्रीय समुद्री खाद्य शो (आईआईएसएस)-वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 के साथ-साथ चल रहे हैं। एफएसएसएआई शिखर सम्मेलन का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा मानकों में सामंजस्य स्थापित करना और नियामक सहयोग को बढ़ाना है, जबकि आईआईएसएस भारत की समुद्री खाद्य निर्यात क्षमता और वैश्विक बाजार संबंधों को प्रदर्शित कर रहा है। इसके अलावा कृषि और खाद्य प्रसंस्करण में सहयोग को मजबूत करने के लिए रूस और पुर्तगाल के साथ सरकार-दर-सरकार बैठकें भी आयोजित की गईं।

# हिंदू धर्म को पूरी तरह से नष्ट करने की योजना बना रहे हैं इंडिया गठबंधन के नेता : भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इंडिया गठबंधन के नेताओं पर हिंदू धर्म को पूरी तरह से नष्ट करने की साजिश रचने का आरोप लगाया है और कहा कि देश को इनकी खतरनाक योजना के प्रति जागृत होने की आवश्यकता है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने शनिवार को यहां पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां पूरा देश इस समय हर्षोल्लास के साथ शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना का पर्व दशहरा मना रहा है। जीएसटी की दरों में कटौती ने इस उल्लास को और बढ़ा दिया है। वहीं, इंडिया गठबंधन के नेता हिंदू धर्म को खत्म करने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि आपको याद होगा कि 2024 में श्री गांधी



के मुंह से निकल गया था कि हम शक्ति से लड़ रहे हैं।

उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि सुश्री बनर्जी राज्य के दुर्गा पंडाल में एक गाने पर ताली बजाते और आनंद लेते नजर आयीं। इस दौरान गीत बज रहा था कि मेरे दिल में है काबा और नजर में मदीना...। उन्होंने कहा कि सुश्री बनर्जी, श्री गांधी या इंडिया गठबंधन के किसी नेता के दिल में काबा और नजर में मदीना बस सकता है। इसमें कोई बुराई नहीं है, लेकिन शक तो तब पैदा होता है कि आखिर नवरात्रि के पावन असर पर दुर्गा पंडालों में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री की मौजूदगी में इस तरह के गाने क्यों बजाए जा रहे हैं।

उन्होंने सवाल किया कि क्या यह श्री गांधी के हिंदू धर्म की शक्ति से लड़ने या उस पर आघात करने के श्री गांधी के संकल्प का हिस्सा है और हिंदू धर्म को पूरी तरह से नष्ट करने के लिए इंडिया गठबंधन की ओर से बारूदी सुरंग बिछायी जा रही है?

उन्होंने कहा, ''यहां पूजा-अर्चना में दूसरे मजहब के गीत को बजाये जाने में इन्हें धर्मनिरपेक्षता नजर आ रही है। मुझे लगता है इसके अंदर पूछे हुए गहरे मनोभाव और कट्टरपंथी मतदाताओं को साधने की विक्षिप्तता की चरम सीमा है और इनकी खतरनाक योजना के बारे में देश को जागृत होने की आवश्यकता है।

# भारत दूसरे देशों के साथ साझा करेगा अपनी स्वदेशी 4जी नटवर्क प्रौद्योगिकी : सिंधिया

एजेंसी

नयी दिल्ली। दूरसंचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र मामलों के मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने स्वदेशी 4जी मोबाइल दूरसंचार नेटवर्क प्रौद्योगिकी के विकास को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी और साहसी नेतृत्व का सफल बताते हुए कहा है कि यह केवल तकनीकी सफलता नहीं, बल्कि भारत का 'आत्मनिर्भरता का वैश्विक उद्घोष' है और भारत इसे दूसरे देशों के साथ साझा करेगा।

श्री मोदी ने शनिवार को ओडिशा के एक कार्यक्रम से स्वदेशी 4जी नेटवर्क प्रौद्योगिकी पर आधारित और देश के दूरदराज के क्षेत्रों में स्थापित 90 हजार से अधिक मोबाइल टावरों का लोकार्पण किया। श्री सिंधिया ने इस प्रौद्योगिकी पर सार्वजनिक तौर पर साझा किये गये एक लेख में लिखा है, ' यह प्रौद्योगिकी विकसित भारत 2047 की यात्रा में यह उपलब्धि मील का पत्थर साबित होगी। दूरसंचार मंत्री ने कहा है कि श्री मोदी द्वारा वर्ष 2020 में लिए गए एक साहसिक निर्णय ने देश के तकनीकी भविष्य की दिशा बदल कर रख दी। इसी निर्णय के चलते देश ने स्वदेशी 4जीस्टैक विकसित करने का निर्णय लिया जो मोबाइल नेटवर्क का 'मस्तिष्क और रीढ़' है, जो सॉफ़्टवेयर और हार्डवेयर के माध्यम से कॉल और इंटरनेट को सुरक्षित, तेज और निर्बाध बनाता है। उन्होंने कहा कि 4जी स्टैक के लिए भारत विदेशी कंपनियों पर निर्भर था लेकिन महंगा और रणनीतिक रूप से जोखिम भरा था। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, बीएसएनएल ने पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिपमॉडल अपनाकर सी-डॉट, उद्योग, स्टार्टअप्स और शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से और निजी संस्थान टीसीएस के साथ मिलकर यह स्टैक विकसित किया गया। इसमें सी-डॉट ने कोर नेटवर्क, तेजस नेटवर्क्स ने रेडियो समाधान और टीसीएस ने सिस्टम इंटीग्रेशन संभाला। यह कदम केवल विदेशी निर्भरता कम करने तक सीमित नहीं, बल्कि भविष्य में 5जी और उससे आगे की तकनीक के लिए भी मजबूत आधार तैयार करता है।

उन्होंने लिखा है कि चीन, फिनलैंड, स्वीडन और दक्षिण कोरिया के बाद अब भारत स्वदेशी 4जी एलटीई/आईएमएस स्टैक विकसित करने वाले चुनिंदा देशों की इस सूची में शामिल हो गया है। उन्होंने कहा, ''यह केवल तकनीकी प्रगति नहीं,आत्मनिर्भरता, सुरक्षा और डिजिटल संप्रभुता का निर्णायक कदम है।''

भारत का 4जी पैकेट कोर और इंटरनेट प्रॉटॉकॉल मल्टीमीडिया उपप्रणाली (आईएमएस) डेटा, ध्वनि, वीडियो और मैसेजिंग जैसी सेवाओं को सक्षम बनाते हैं।

गौरतलब है कि जून 2024 से अब तक, बीएसएनएल ने एक लाख स्वदेशी 4जी साइट्स स्थापित की हैं।आज यह नेटवर्क 2.2 करोड़ से अधिक भारतीयों तक पहुँच चुका है, हर दिन चार पेटाबाइट डेटा को सुगम और सुरक्षित रूप से संभालते हुए उनके जीवन और कामकाज को जोड़ रहा है।

दूरसंचार मंत्री ने लिखा, ''स्वदेशी 4जी नेटवर्क तकनीक केवल तकनीकी सफलता नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का आत्मनिर्भरता का वैश्विक उद्घोष है। .... दरअसल, अब हमारे नेटवर्क की हर लाइन का कोड भारत में बना है, जिससे किसी भी प्रकार की छिपी सुरक्षा या बाहरी नियंत्रण की आशंका समाप्त हो जाती है। इससे न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा मजबूत हुई, बल्कि नागरिकों की गोपनीयता की भी पूरी रक्षा होती है। श्री सिंधिया ने कहा कि भारत की 4जी प्रौद्योगिकी की क्लाउड-आधारित, स्केलेबल और सॉफ्टवेयर-ड्रिवन संरचना इसे भविष्य में 5जी तक अपग्रेड करने योग्य बनाती है।

उन्होंने कहा है कि ''वसुधैव कुटुम्बकम्'' की भावना के अनुरूप और इसे मित्र देशों के साथ साझा किया जाएगा। जैसे कोविड-19 में वैक्सीन मित्रता के माध्यम से दुनिया की मदद की, वैसे ही अब दूरसंचार तकनीक में भी अब भारत विश्व का सहयोगी और मार्गदर्शक बनेगा।

# बब्बर खालसा इंटरनेशनल का आतंकवादी परमिंदर सिंह उर्फ पिंडी यूएई से भारत प्रत्यर्पित

एजेंसी

चंडीगढ़/बटाला। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि पंजाब पुलिस ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और अन्य केंद्रीय एजेंसियों के करीबी समन्वय और समर्थन से बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) मॉड्यूल के वांछित आतंकवादी परमिंदर सिंह उर्फ पिंडी को अबू धाबी, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से भारत प्रत्यर्पित किया है। श्री यादव ने बताया कि पिंडी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर घोषित आतंकवादी हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा और हैप्पी पासिया का करीबी सहयोगी है और बटाला-गुरदासपुर क्षेत्र में पेट्रोल बम हमलों, हिंसक हमलों और जबरन वसूली सहित कई जघन्य अपराधों में शामिल है। उन्होंने बताया कि आरोपी पिंडी अपराधों के समन्वय और अपने अभियानों के वित्तपोषण के लिए विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर रहा था। उन्होंने कहा कि बटाला पुलिस द्वारा अनुरोधित रेड कॉर्नर नोटिस (आरसीएन) पर तेजी से कार्रवाई करते हुए, एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के नेतृत्व में एक समर्पित चार सदस्यीय टीम ने 24 सितंबर, 2025 को यूएई की यात्रा की, विदेश मंत्रालय (एमईए) और यूएई अधिकारियों के साथ समन्वय किया, सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी कीं और आरोपियों को सफलतापूर्वक वापस लाया। डीजीपी ने कहा , ''हम न्याय को बनाए रखने और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के इस संयुक्त प्रयास में उनके अमूल्य सहयोग के लिए विदेश मंत्रालय, संयुक्त अरब अमीरात सरकार, सीबीआई और अन्य केंद्रीय एजेंसियों के आभारी हैं। बटाला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) सुहैल कासिम मीर ने बताया कि पिंडी द्वारा किए गए अपराधों की गंभीरता और पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों हरविंदर रिंदा और हैप्पी पासिया से उसके सीधे संबंधों को देखते हुए, केंद्रीय जाँच ब्यूरो (सीबीआई) ने बटाला पुलिस के निर्देश पर इंटरपोल के माध्यम से उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस (आरसीएन) जारी करवाया।

# सोनम वांगचुक पर पाकिस्तान से संबंध होने का आरोप, पड़ोसी देशों की यात्राओं पर भी सवाल

एजेंसी

लद्दाख। लद्दाख के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) एसडी सिंह जामवाल ने शनिवार को पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के पाकिस्तान से संबंध होने का आरोप लगाया और पड़ोसी देशों की उनकी यात्राओं पर सवाल खड़े किये।

लेह में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए डीजीपी जामवाल ने कहा कि पुलिस ने हाल ही में एक पाकिस्तानी पीआईओ को गिरफ्तार किया है, जो वांगचुक के संपर्क में था। उसे उस वक्त गिरफ्तार किया गया था, जब वह पाकिस्तान में रिपोर्टिंग कर रहा था। हमारे पास इसका रिकॉर्ड है। सोनम वांगचुक पाकिस्तान में डॉन के एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। उन्होंने बांग्लादेश का भी दौरा किया था। इसलिए उन पर एक बड़ा सवालिया निशान है, जिसकी जांच की जा रही है।

डीजीपी ने वांगचुक पर 24 सितंबर को लेह में हिंसा भड़काने का आरोप लगाते हुए कहा कि सोनम वांगचुक का लोगों को भड़काने का इतिहास रहा है। उन्होंने अरब स्प्रिंग, नेपाल और बांग्लादेश का ज़िक्र किया है। एफसीआरए उल्लंघन के लिए उनके वित्तपोषण की जांच चल रही है। लेह हिंसा के पीछे किसी विदेशी संलिप्तता के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जांच के दौरान दो और लोगों को पकड़ा गया। अगर वे किसी साज़िश का हिस्सा हैं, तो मैं नहीं कह सकता। इस जगह पर नेपाली लोगों के मज़दूरी करने का इतिहास रहा है, इसलिए हमें जांच करनी होगी।

डीजीपी ने कहा कि भड़काऊ भाषण तथाकथित पर्यावरण कार्यकर्ताओं द्वारा दिए गए थे, जिसके कारण केंद्र शासित प्रदेश में हिंसा हुई। उन्होंने सोनम वांगचुक पर केंद्र के साथ बातचीत को पटरी से उतारने का आरोप लगाया और कहा कि 24 सितंबर को एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी। चार लोगों की जान चली गई और बड़ी संख्या में नागरिक, पुलिस अधिकारी और अर्धसैनिक बल के अधिकारी घायल हो गए। इन चल रही प्रक्रियाओं (केंद्र के साथ बातचीत) को विफल करने के प्रयास किए गए।

डीजीपी जामवाल ने कहा कि इसमें कुछ तथाकथित पर्यावरण कार्यकर्ता शामिल थे, उनकी विश्वसनीयता पर भी सवालिया निशान है। उन्होंने मंच को हाईजैक करने की कोशिश की और इसमें प्रमुख नाम सोनम वांगचुक का है, जिन्होंने पहले भी ऐसे बयान दिए हैं और इस प्रक्रिया को पटरी से उतारने का काम किया है। उन्होंने बताया कि सोनम वांगचुक को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार करने के बाद जोधपुर सेंट्रल जेल में रखा गया है। वांगचुक की गिरफ्तारी लेह में हालिया विरोध प्रदर्शनों को लेकर मचे बवाल के बीच हुई है।

# नासा-इसरो निसार उपग्रह ने पृथ्वी की सतह की पहली रडार तस्वीरें भेजीं

एजेंसी

चेन्नई। निसार (नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार) पृथ्वी-अवलोकन रडार उपग्रह ने पृथ्वी की सतह की पहली तस्वीरें ली हैं। नासा के कार्यवाहक प्रशासक सीन डफी ने कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नेतृत्व में हमारे ग्रह की सतह की ये तस्वीरें भविष्य की एक झलक पेश करती हैं क्योंकि नासा और इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) का संयुक्त मिशन इस साल के अंत में अपने पूर्ण वैज्ञानिक संचालन के करीब पहुँच रहा है। भारत के साथ मिलकर लॉन्च किए गए निसार की पहली तस्वीरें इस बात का प्रमाण हैं कि जब हम नवाचार और खोज के एक साझा दृष्टिकोण के लिए एकजुट होते हैं तो क्या हासिल किया जा सकता है । यह तो बस शुरुआत है। उन्होंने कहा, नासा अतीत और वर्तमान की अविश्वसनीय वैज्ञानिक प्रगति पर आगे बढ़ता रहेगा क्योंकि हम स्वर्ण मानक विज्ञान के माध्यम से अपने देश के अंतरिक्ष प्रभुत्व को बनाए रखने के अपने लक्ष्य का पीछा कर रहे हैं। इसरो द्वारा 30 जुलाई को प्रक्षेपित किए गए अंतरिक्ष यान से प्राप्त चित्र, उस विस्तृत स्तर को प्रदर्शित करते हैं जिसके साथ निसार पृथ्वी का स्कैन करता है और आपदा प्रतिक्रिया, बुनियादी ढाँचे की निगरानी और कृषि प्रबंधन सहित विविध क्षेत्रों में निर्णयकर्ताओं को अद्वितीय, कार्रवाई योग्य जानकारी प्रदान करता है। नासा के सहायक प्रशासक अमित क्षत्रिय ने कहा, यह समझकर कि हमारा गृह ग्रह कैसे काम करता है, हम अपने सौर मंडल और उससे आगे के अन्य ग्रहों के काम करने के तरीके के मॉडल और विश्लेषण तैयार कर सकते हैं, क्योंकि हम मानवता को चंद्रमा और मंगल ग्रह की एक महाकाव्य यात्रा पर भेजने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''निसार से इन पहली तस्वीरों का सफलतापूर्वक लिया जाना इस बात का एक उल्लेखनीय उदाहरण है कि कैसे दुनिया के विपरीत छोर पर स्थित दो देशों के बीच साझेदारी और सहयोग सभी के लाभ के लिए मिलकर महान उपलब्धियाँ प्राप्त कर सकते हैं।

## राहुल चार देशों की विदेश यात्रा पर

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल दक्षिण अमेरिका के चार देशों की यात्रा पर रवाना हो गए हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि श्री गांधी इस यात्रा के दौरान दक्षिण अमेरिका के ब्राज़ील कोलंबिया सहित चार देशों के राजनीतिक नेताओं, विश्वविद्यालय के छात्रों और व्यापारिक समुदाय के सदस्यों से मिलेंगे। उन्होंने बताया कि वह इन देशों के राष्ट्रीय अध्यक्षों तथा अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ अमेरिका के टैरिफ अभियान की मद्देनजर बैठकें करेंगे और लोकतांत्रिक एवं रणनीतिक संबंधों को मज़बूत करने को लेकर भी विचार-विमर्श करेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि पार्टी नेता इस दौरान व्यापारिक नेताओं के साथ मिलकर अवसरों की तलाश करेंगे क्योंकि भारत अमेरिकी टैरिफ के मद्देनजर व्यापार और साझेदारी में विविधता ज़रूरी है। कांग्रेस के एक अन्य सूत्र ने कहा ''श्री गांधी की यह महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक यात्रा है। भारत और दक्षिण अमेरिका ने गुटनिरपेक्ष आंदोलन, वैश्विक दक्षिण में एकजुटता और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता के माध्यम से लंबे समय से अपने रिश्ते साझा किए हैं। श्री गांधी की यह यात्रा इस परंपरा को जारी रखते हुए व्यापार, प्रौद्योगिकी, स्थिरता और लोगों के बीच आपसी आदान-प्रदान में सहयोग के नए रास्ते खोलेगी।

## 'वोट रेवड़ी' बांटने में लगे हैं प्रधानमंत्री, बिहार के नतीजे आने पर अतीत बन जाएंगे: कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर बिहार में 'वोट रेवड़ी' बांटने का आरोप लगाया और दावा किया कि राज्य विधानसभा चुनाव के नतीजे आने पर वह भी नीतीश कुमार की तरह अतीत बन जाएंगे। बिहार में नवंबर में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'कर्नाटक सरकार पिछले दो वर्षों से गृहलक्ष्मी योजना के तहत 1.3 करोड़ महिलाओं को 2,000 रुपये प्रति माह दे रही है। प्रधानमंत्री लगातार इसकी आलोचना करते रहे। उन्होंने कहा, 'और अब कल ही प्रधानमंत्री ने बिहार की महिलाओं के लिए एक ओटीपी (वन टाइम पेमेंट) की घोषणा की है वो भी आचार संहिता लागू होने से ठीक कुछ दिन पहले। रमेश ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री 'वोट चोरी' के साथ-साथ अब ''वोट रेवड़ी'' बांटने में लगे हैं। उन्होंने कहा, ''यह स्पष्ट रूप से हताशा भरा कदम है, जिसे बिहार की महिलाएं भलीभांति समझ जाएंगी। रमेश ने दावा किया, 'बिहार सरकार की उल्टी गिनती पहले ही शुरू हो चुकी है। नीतीश कुमार अब अतीत बन चुके हैं और जब नतीजे आएंगे तो प्रधानमंत्री मोदी भी अतीत बन जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बिहार के लिए 'मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना' की शुरुआत की। इस अवसर पर 75 लाख महिलाओं के बैंक खातों में सीधे 10-10 हजार रुपये की पहली किस्त भेजी गई।

# पेज एक का शेष

## मौलाना भूल...

यह था कि दंगे होते थे। दंगाइयों को मुख्यमंत्री आवास में बुलाकर सम्मानित किया जाता था। दंगाइयों की आवभगत होती थी। पेशेवर अपराधियों और माफिया के सामने सत्ता सैल्यूट करती थी। सत्ताधारी लोग उनके कुत्तों के साथ हाथ मिलाया करते थे। आपने देखा होगा कि कैसे सत्ता का मुखिया एक माफिया के कुत्ते से हाथ मिलाकर खुद को गौरवान्वित समझता था। उत्तर प्रदेश गन्ना उत्पादन एथेनॉल उत्पादन चीनी उत्पादन में नंबर एक है। उत्तर प्रदेश सबसे अधिक युवा आबादी के साथ सबसे ज्यादा नौकरी देने वाला राज्य बन चुका है। सबसे ज्यादा निवेश भी आमंत्रित कर रहा है। देश और दुनिया उत्तर प्रदेश की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रही है। हमें गुलामी की मानसिकता को त्यागना होगा। अपनी विरासत पर गौरव की अनुभूति करनी होगी। पुलिस के प्रति सम्मान देना होगा। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को पांच प्रण दिए थे। तय किया था कि विकसित भारत का निर्माण करेंगे। भारत 30 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी होगी। सीएम योगी यहीं नहीं रुके, उन्होंने आगे कहा कि विधानसभा सत्र के दौरान आपने देखा होगा कि कैसे जनप्रतिनिधियों ने लगातार 27-28 घंटे तक विधानमंडल की कार्रवाई में हिस्सा लेकर हमारे विजन को समृद्ध करने में अपना योगदान दिया। 300 से भी ज्यादा इंटेलेक्चुअल आज फील्ड में गए हैं। कॉलेज से लेकर हर जगह संवाद चल रहा है। संगोष्ठियां चल रही हैं। हम लोगों ने समर्थ यूपी पोर्टल के माध्यम से उनके सुझावों को लेना शुरू किया है। अब तक हम लोग प्रदेश के अलग-अलग जिलों से छह लाख से ज्यादा सुझाव प्राप्त कर चुके हैं। साफ है कि लोगों ने विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश सहभागिता में अपने हिस्सेदारी की है। वर्ष 2047 में हम सिक्स ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था उत्तर प्रदेश को बनाएंगे। इस वित्तीय वर्ष में हम उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 35 लाख करोड़ में बदलने वाले हैं। प्रति व्यक्ति आय 45 हजार से 1.2 लाख तक पहुंच गई है। नींव बनाने में समय लगता है। तैयार होने के बाद भवन खड़ा होने में समय नहीं लगता है। एक्शन प्लान को स्पीड देने के लिए हमने 12 सेक्टर तय किए हैं। शुक्रवार को कैबिनेट ने 52 निजी विश्वविद्यालय को अनुमति दी है। पहले पिक एंड चूज होता था। आजम खान को 10 एकड़ और दूसरों को 100 एकड़, अब यह नहीं चलता। हमने एक नीति बनाई है। मानकों को पूरा करिए और निजी विश्वविद्यालय बनाइए। पहले सरकारें वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया बनाते थे। हम वन जिला वन मेडिकल कॉलेज और वन जिला वन प्रोडक्ट बना रहे हैं। 15 लाख करोड़ के निवेश जमीन पर उतर चुके हैं। नवंबर में पांच लाख करोड़ का निवेश और उतारने जा रहे हैं। देश के अंदर सबसे तेज ग्रोथ के साथ उत्तर प्रदेश आज के दिन में आगे बढ़ रहा है। जितना उत्पादन हम आज कर रहे हैं, उसे तीन गुना से ज्यादा उत्पादन करने की सामर्थ प्रदेश की धरती रखती है। सेक्टोरियल पॉलिसी या नए निवेश को आमंत्रित कर रहे हैं। देश के अंदर जितना भी मोबाइल फोन बन रहा है, उसमें से 55 फीसदी अकेले उत्तर प्रदेश में बन रहा है। देश में जितने भी इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट बना रहे हैं, उसमें 55 फ़ीसदी का योगदान अकेले उत्तर प्रदेश का है। वर्ष 2047 उत्तर प्रदेश की आशाओं और आकांक्षाओं की पूर्ति का वर्ष होगा। विकसित उत्तर प्रदेश हमारा मंत्र हमारा संकल्प और हमारे जीवन की दिनचर्या का हिस्सा बनना चाहिए।

## तौकीर समेत...

अपमानित किया जा रहा है, उसके लिए सख्त कानून बनाया जाए। मौलाना ने कहा कि ''मैं वहां जाता, नमाज पढ़ता और ज्ञापन देकर लोगों को घर भेज देता, पर हमेशा की तरह मुझे हाउस अरेस्ट कर लिया''। उनके पीछे झूठे लेटरपैड पर उनके नाम से बयान जारी कर लोगों को गुमराह करने की कोशिश की गई। प्रशासन मुसलमानों को रसूल का नाम लेने की इजाजत नहीं दे रहा है। यह मामला जितना दबाया जाएगा, उतना ही उभरेगा। आई लव मोहम्मद के समर्थन में मौलाना तौकीर रजा खां के बुलावे पर शुक्रवार को शहर में भीड़ जुटी थी। मौलाना के नदारद रहने पर भीड़ अराजक हो गई। बवालियों ने खलील स्कूल तिराहे के पास दुकानों व वाहनों में जमकर तोड़फोड़ की। नावल्टी चौराहा पर पुलिस टीम पर पथराव और श्यामगंज में फायरिंग की। करीब तीन घंटे तक शहर में बवाल हुआ। भीड़ को खदेड़ने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे, लाठीचार्ज भी किया। शाम पांच बजे हालात काबू में आ गए। गौरतलब है कि शुक्रवार दोपहर जुमे की नमाज के बाद तौकरी रजा के नेतृत्व में इस्लामिया ग्राउंड पर ''आई लव मोहम्मद'' के नारे लगाते हुए प्रदर्शन कर रही भीड़ अचानक बेकाबू हो गयी जिसे नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठी चार्ज करना पड़ा। पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय साहनी ने पत्रकारों से कहा था कि जुमे की नमाज के बाद माहौल बिगाड़ने की साजिश की आशंका के मद्देनजर पुलिस बल तैनात किया गया था। नमाज के बाद पुलिस के निर्देश का पालन करते हुये 90 से 95 प्रतिशत भीड़ घर वापसी कर चुकी थी मगर बचे हुये शरारती तत्वों ने सुनियोजित साजिश के तहत नारेबाजी शुर कर दी जबकि प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी गयी थी। इस बीच गोलीबारी में छर्रे लगने से दस पुलिसकर्मी घायल हो गये। हालात को काबू करने के लिये पुलिस को लाठी भांजनी पड़ी। दरअसल, मौलाना तौकीर रजा खान ने 26 सितंबर को नमाज-ए-जुमा के बाद नामूसे रिसालत को लेकर इस्लामिया ग्राउंड में भीड़ एकत्र कर वहां से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च का ऐलान किया था, जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग शुक्रवार दोपहर से स्थानीय इस्लामिया कॉलेज ग्राउंड पर इकट्ठा हो गये थे। शुरुआत में प्रदर्शन शांतिपूर्ण दिखा लेकिन अचानक माहौल गरमा गया। लोग नारेबाजी और धक्का-मुक्की करने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार भीड़ अचानक आक्रोशित हो गयी। पुलिस ने जब भीड़ को काबू में करने की कोशिश की तो हालात और बिगड़ गये। इस पर पुलिस को लाठी चार्ज करना पड़ा। इसके बाद भगदड़ मच गई और लोग इधर-उधर भागने लगे।

## सादे कपड़ों में एके...

दिन पहले की बात है। जानकारी करने पर पता चला है कि कन्नौज की पुलिस टीम एक अपराधी की तलाश में यहां आई थी। टीम ने पहले से कोई सूचना नहीं दी थी। सादे कपड़ों में आई टीम में एक सीओ स्तर के अफसर के अलावा कई अन्य लोग शामिल थे।

## संघ की स्थापना...

से बचने के लिए, भगवा ध्वज को संघ का 'गुरु' मान लिया गया और 1927 में गुरु दक्षिणा देने की प्रथा शुरू हुई। डॉ. हेडगेवार (1929 में प्रथम सरसंघचालक बने) पहले कांग्रेस से जुड़े थे और उन्होंने असहयोग और जंगल सत्याग्रह आंदोलनों में भाग लिया था और जेल भी गये थे। उनकी दृष्टि शारीरिक प्रशिक्षण, अनुशासन, सेवा और राष्ट्रीय चरित्र निर्माण पर ज़ोर देती थी। आरएसएस अपनी स्थापना के 100 साल पूरा होने पर एक साल तक विभिन्न तरह के कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है।

## आतंकवाद के खिलाफ...

हमले पर अपने मंसूबों को पूरा करने के लिए ''सबसे हास्यास्पद आख्यान गढ़ने में कोई शर्म नहीं आती। सुश्री गहलोत ने कहा कि एक तरफ तो पाकिस्तान दुनिया से कहता रहा कि वह आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सहयोग दे रहा है दूसरी तरफ उसने एक दशक तक ओसामा बिन लादेन को पनाह देता रहा। भारतीय राजनयिक ने कहा, ''पाकिस्तान के मंत्रियों ने हाल ही में स्वीकार किया है कि वे दशकों से आतंकवादी शिविर चला रहे हैं। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि एक बार फिर, यह दोहरा मपदंड जारी है, इस बार उसके प्रधानमंत्री के स्तर पर। मई में सैन्य संघर्ष में पाकिस्तान की जीत के बारे में श्री शरीफ के बड़बोलेपन के जवाब में भारतीय राजनयिक ने कहा, ''एक तस्वीर हज़ार शब्द बयां करती है और हमने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बहावलपुर और मुरीद के आतंकी ठिकानों में भारतीय सेना द्वारा मारे गए आतंकवादियों की कई तस्वीरें देखीं। जब वरिष्ठ पाकिस्तानी सैन्य और असैन्य अधिकारी सार्वजनिक रूप से ऐसे कुख्यात आतंकवादियों का महिमामंडन और श्रद्धांजलि देते हैं, तो क्या इस शासन की प्रवृत्ति पर कोई संदेह हो सकता है?' आपरेशन सिंदूर पर प्रधानमंत्री शरीफ के वक्तव्य को विचित्र विवरण बताते हुए सुश्री गहलोत ने कहा, ''इस मामले में रिकॉर्ड स्पष्ट है। नौ मई तक, पाकिस्तान भारत पर और हमले करने की धमकी दे रहा था। लेकिन 10 मई को उसकी सेना ने हमसे सीधे लड़ाई बंद करने की गुहार लगाई। बीच की घटना भारतीय सेना द्वारा कई पाकिस्तानी हवाई अड्डों को नष्ट करना था। उस नुकसान की तस्वीरें, ज़ाहिर है, सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं। अगर नष्ट हुए रनवे और जले हुए हैंगर जीत की तरह लगते हैं, जैसा कि प्रधानमंत्री ने दावा किया है, तो पाकिस्तान इसका आनंद ले सकता है। उन्होंने कहा, ''सच्चाई यह है कि अतीत की तरह, पाकिस्तान भारत में निर्दोष नागरिकों पर हुए आतंकवादी हमले के लिए ज़िम्मेदार है। हमने ऐसी कार्रवाइयों के ख़िलाफ़ अपने लोगों की रक्षा करने के अधिकार का प्रयोग किया है और आयोजकों और अपराधियों को न्याय के कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री भारत के साथ शांति की अपनी ''बात को लेकर सचमुच ईमानदार हैं, तो रास्ता साफ़ है। पाकिस्तान को तुरंत सभी आतंकवादी शिविरों को बंद करना चाहिए और भारत में वांछित आतंकवादियों को हमें सौंप देना चाहिए। सुश्री गहलोत ने कहा, ''यह भी विडंबना है कि एक ऐसा देश जो नफ़रत, कट्टरता और असहिष्णुता में डूबा हुआ है, इस सभा को आस्था के मामलों पर उपदेश दे रहा है। पाकिस्तान का राजनीतिक और सार्वजनिक विमर्श उसके असली स्वरूप को दर्शाता है। स्पष्ट रूप से, उन्हें आईने में देखने की बहुत देर हो चुकी है। भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत में किसी तीसरे पक्ष की भूमिका को स्वीकार न करने की भारत की स्पष्ट नीति को रेखांकित करते हुए भारतीय राजनयिक ने कहा, ''भारत और पाकिस्तान लंबे समय से इस बात पर सहमत हैं कि उनके बीच किसी भी लंबित मुद्दे को द्विपक्षीय रूप से सुलझाया जाएगा। इस संबंध में किसी तीसरे पक्ष के लिए कोई जगह नहीं है। यह हमारा दीर्घकालिक राष्ट्रीय मत है। सुश्री गहलोत ने कहा, ''जहां तक आतंकवाद का सवाल है, हम स्पष्ट कर रहे हैं कि आतंकवादियों और उनके प्रायोजकों के बीच कोई भेद नहीं किया जाएगा। दोनों को जवाबदेह ठहराया जाएगा। न ही हम परमाणु ब्लैकमेल की आड़ में आतंकवाद को बढ़ावा देने की अनुमति देंगे। भारत ऐसी धमकियों के आगे कभी नहीं झुकेगा। दुनिया के लिए भारत का संदेश स्पष्ट है कि आतंकवाद के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस होना चाहिए।

## तमिलनाडु में...

निकल गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के करूर में हुए हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 'तमिलनाडु के करूर में राजनीतिक रैली के दौरान हुई यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना अत्यंत दुखदायी है। मेरे विचार उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तमिलनाडु के करूर में रैली के दौरान हुई दुखद घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है. उन्होंने मासूम लोगों की मौत को दिल दहलाने वाला बताया है. उन्होंने कहा कि इस कठिन घड़ी में उनके साथ पूरा देश खड़ा है।

## कांग्रेस अपनी हरकतों ...

किसानों के लिए भी जीएसटी से टैक्स राहत दी गई है और अब 40000 बचत किस को एक ट्रैक्टर पर हो रही है जबकि कांग्रेस के जमाने में 80000 रुपए उसे टैक्स में देने पड़ते थे। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने जब आयुष्मान योजना शुरू की तो उसका सबसे ज्यादा लाभ माता और बहनों को हुआ है। उनका कहना था कि सरकार ने स्वस्थ नारी अभियान चलाया है और इसकी तहत तीन लाख से ज्यादा महिलाएं अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवा चुकी है और यहां भी मौजूद सभी मां बहनों को अपने स्वास्थ्य की जांच करानी चाहिए। प्रधानमंत्री ने जीएसटी सुधारों का भी जिक्र किया और कहा के यह 22 सितंबर से शुरू हो गयी है नई जीएसटी से लोगों को जरूरत की वस्तुएं कम दाम पर मिल रही है। उन्होंने कहा कि जब सीमेंट के दाम पर कर कम हुए हैं तो हिमाचल में कांग्रेस की सरकार ने दूसरे कर लगाकर सीमेंट के दम नहीं घटाएं और लोगों को लूटने का अपना काम नहीं छोड़ा और वह लूट मचा रही है इसलिए कांग्रेस ही नहीं उसके सहयोगी राजनीतिक दलों से भी बचकर रहने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने इस दौरान अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई और दूरसंचार, रेलवे, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य कौशल तथा विकास से जुड़ी दूसरे चरण की परियोजनाओं की शुरुआत कर आठ आईआईटी विस्तार परिसरों की आधारशिला भी रखी। इसमें 11000 करोड़ की लागत करीब 11000 छात्रों के लिए शिक्षा की अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने दूर दराज की गांव को जोड़ने के लिए 37000 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित बीएसएनएल की स्वदेशी तकनीकी से निर्मित 4 जी नेटवर्क का भी लोकार्पण किया। इस मौके पर राज्य की राज्यपाल हरि बाबू तथा राज्य की मुख्यमंत्री मोहन चन्द्र माझी सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कटिहार जिले में किया 583 करोड़ रुपये की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कटिहार। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को कटिहार जिले के समेली प्रखंड के नरहिया पंचायत स्थित प्लस टू धर्मपुर गांधी उच्च विद्यालय परिसर से 583 करोड़ रुपये लागत की कुल 242 योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन और शिलान्यास किया।

इन योजनाओं में कटिहार रेलमंडल के रेलवे समपार पर सड़क ऊपरी पुल का निर्माण, जिसकी लागत 193.65 करोड़ रुपये है, गोगाबील झील का संरक्षण और पर्यटन स्थल के रूप में सौंदर्यीकरण कार्य, जिसकी लागत 10.22 करोड़ रुपये है, और 116 खेल मैदानों के निर्माण कार्य, जिसकी लागत 10.74 करोड़ रुपये है। इसके अलावा नवनिर्मित विद्युत शक्ति उपकेंद्र, सालमारी और बलिया बेलौन में क्रमशः 5.13 करोड़ रुपये और 5.14 करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए हैं। आजमगढ़ प्रखंड स्थित प्रसिद्ध बाबा गोरखनाथ धाम मंदिर में पर्यटकीय सुविधाओं के विकास कार्य के लिए 14 करोड़ 25 लाख रुपये की लागत से योजना का शिलान्यास किया गया है। इन योजनाओं से क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी और लोगों को विभिन्न सुविधाओं का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में उपस्थित जीविका दीदियों, पेंशनधारी लाभुकों और अन्य लाभुकों के साथ संवाद किया। लाभुकों ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत उन्हें काफी राहत मिली है, जैसे कि किसान सलाहकारों का मानदेय बढ़ाना, रसोइयों का मानदेय बढ़ाना और पेंशन राशि में वृद्धि करना। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना शुरू करने और महिलाओं के उत्थान के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों से बातचीत करते हुए कहा कि सरकार हर प्रकार से विकास का कार्य कर रही है और बिहार निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा, विधायक तारकिशोर प्रसाद और जिलाधिकारी मनेष कुमार मीणा सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित थे।

# सीएम धामी ने दुकान-दुकान जाकर जीएसटी की घटी दरों के लाभ बताए

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को हरिद्वार के हरकी पैड़ी बाजार में 'जीएसटी बचत उत्सव' के उपलक्ष्य में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान व्यापारियों एवं आम लोगों से भेंट कर जी.एस.टी. की घटी दरों के लाभ के बारे में फीडबैक लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में आर्थिक सुधारों का नया दौर शुरू हुआ है और जीएसटी की दरों में कमी से समाज में सभी वर्गों के जीवन को खुशहाल बनाने की ऐतिहासिक पहल हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीएसटी की नई दरों से उपभोक्ता वस्तुएं सस्ती होने से आम लोगों को काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने व्यापारियों से जीएसटी की घटी दरों के बारे में ग्राहकों को पूरी जानकारी देने का आग्रह भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न दुकानों से स्वदेशी व स्थानीय उत्पादों को खरीदारी करते हुए स्वदेशी एवं स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देकर प्रदेश एवं देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी सामान अपनाने से स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा, स्वदेशी उत्पादों एवम् कामगारों को समर्थन मिलेगा, जिससे आयात पर निर्भरता कम होगी और रोजगार के भी नए नए अवसर सृजित होंगे। इस दौरान व्यापारियों और आम लोगों ने जीएसटी दरों को घटाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि नवरात्रि पर्व पर की गई इस नई शुरुआत से बाजार और खरीददारों में काफी उत्साह है। जीएसटी का यह उत्सव आगामी दीपावली के पर्व के दौरान आम लोगों के जीवन और कारोबार में उल्लास भरेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा स्वयं विभिन्न प्रतिष्ठानों पर जनजागरूकता से संबंधित स्टीकर चस्पा किए।

# संक्षिप्त समाचार

## पंजाब के प्रतिनिधिमंडल ने भारत मंडपम में आयोजित वर्ल्ड फूड इंडिया-2025 कार्यक्रम में की भागीदारी

**चंडीगढ़।** पंजाब के कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा के नेतृत्व में शनिवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय राजधानी स्थित भारत मंडपम में आयोजित वर्ल्ड फूड इंडिया 2025 कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर ''फ्लेवरिंग द फ्यूचर फ्रॉम फार्म गेट टू ग्लोबल प्लेट ऽ एग्रो-फूड कारोबार में अवसरों का विस्तार'' विषय पर पंजाब स्टेट नॉलेज सत्र का आयोजन किया गया। श्री अरोड़ा ने कहा कि राज्य का कृषि क्षेत्र मजबूत नींव रखता है और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश की असीम संभावनाएँ मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार निवेशक-हितैषी नीतियाँ तैयार कर रही है और निवेशकों को पंजाब में उद्योग स्थापित करने के लिए 45 दिनों के भीतर सभी आवश्यक अनुमतियाँ प्रदान की जायेंगी। साथ ही उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के लिए नई औद्योगिक नीति बनाने हेतु गठित स्वतंत्र समिति के बारे में भी जानकारी साझा की। कैबिनेट मंत्री अरोड़ा ने स्पष्ट किया कि पंजाब सरकार निवेशकों को हर संभव सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में एग्रो-फूड क्षेत्र को विश्व स्तरीय हब बनाने की क्षमता है, जिससे राज्य के उत्पादों को खेतों से सीधे अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुँचाया जा सकेगा। इस अवसर पर मंत्री अरोड़ा ने संयुक्त अरब अमीरात के लूलू ग्रुप, रूस के जियाक ग्रुप, एन.सी.एम.एल., जाफज़ा, एलोन्सन्स, बिट्ज़र, हल्दीराम और बीकानेर सहित अन्य समूहों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। इन समूहों ने पंजाब में निवेश करने में अपनी रुचि व्यक्त की। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान ने भी पंजाब पैवेलियन का दौरा किया और उसके उत्पादों की सराहना की। उन्होंने शीघ्र ही पंजाब का दौरा करने का आश्वासन भी दिया।

## विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता, डिजिटल धोखाधड़ी से बचने का दिया जाएगा प्रशिक्षणः उपायुक्त अग्रवाल

**जालंधर।** पंजाब में जालंधर जिला प्रशासन द्वारा 'चेतना' प्रोजेक्ट का विस्तार करते हुए अब स्कूली विद्यार्थियों को बुनियादी जीवन रक्षक कौशल के साथ-साथ वित्तीय साक्षरता और डिजिटल धोखाधड़ी से बचने संबंधी प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। उपायुक्त डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने शुक्रवार को शिक्षा विभाग के अधिकारियों और जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्हें उचित और विस्तृत योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को संबंधित स्कूलों के साथ पहले से ही ताल-मेल स्थापित करने की हिदायतें दीं, जिनमें यह प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। उन्होंने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रशिक्षण 6वीं से 8वीं और 9वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को प्रशिक्षकों और शिक्षकों की मदद से प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह प्रयास नई पीढ़ी को आज के जीवन से संबंधित आवश्यक ज्ञान देने और आधुनिक समय की चुनौतियों के लिए तैयार करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि चेतना प्रोजेक्ट के तहत प्राथमिक सहायता, सी.पी.आर., आपातकालीन परिस्थितियों में मरीज/घायल को तुरंत सहायता प्रदान करने के बारे में विद्यार्थियों को पहले ही प्रशिक्षण दिया जा रहा है।उन्होंने बताया कि वित्तीय साक्षरता के तहत विद्यार्थियों को बजट बनाने, बचत, निवेश आदि के बारे में जागरूक किया जाएगा, जिससे वे भविष्य में अपने वित्त का प्रभावी ढंग से प्रबंधन करने में सक्षम होंगे। वहीं, वर्तमान समय में बढ़ रही डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव के लिए विद्यार्थियों को ऑनलाइन सुरक्षा, साइबर क्राइम से बचाव और डिजिटल जागरूकता के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे विद्यार्थी न केवल स्वयं को सुरक्षित रख पाएंगे, बल्कि अपने परिवार और समाज को भी जागरूक कर सकेंगे।

## आतंकवादी परमिंदर सिंह पिंडी अबू धाबी, यूएई से भारत प्रत्यर्पित

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों के घनिष्ठ समन्वय और सहयोग से बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के आतंकवादी परमिंदर सिंह पिंडी को अबू धाबी, यूएई से भारत प्रत्यर्पित किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि पिंडी विदेश स्थित आतंकवादी हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा और हैप्पी पासिया का करीबी सहयोगी है और बटाला-गुरदासपुर क्षेत्र में पेट्रोल बम हमलों, हिंसक हमलों और जबरन वसूली सहित कई जघन्य अपराधों में शामिल है। डीजीपी यादव ने बताया कि बटाला पुलिस द्वारा अनुरोधित रेड कॉर्नर नोटिस (आरसीएन) पर त्वरित कार्रवाई करते हुए, एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के नेतृत्व में एक समर्पित चार सदस्यीय टीम 24 सितम्बर 2024 को यूएई गई, विदेश मंत्रालय और यूएई अधिकारियों के साथ समन्वय किया, सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी कीं और आरोपी को सफलतापूर्वक न्याय के कटघरे में वापस लाया। उन्होंने कहा कि यह सफल प्रत्यर्पण आतंकवाद और संगठित अपराध के प्रति पंजाब पुलिस की शून्य-सहिष्णुता नीति के साथ-साथ इसकी उन्नत जाँच क्षमताओं और वैश्विक पहुँच को रेखांकित करता है। श्री यादव ने कहा, ''हम न्याय को बनाए रखने और राष्ट्रीय सुरक्षा को मज़बूत करने के इस संयुक्त प्रयास में उनके अमूल्य सहयोग के लिए केंद्रीय एजेंसियों, विदेश मंत्रालय और संयुक्त अरब अमीरात सरकार के आभारी हैं।

## नाबालिग छात्र की पीट-पीटकर हत्या

**नई दिल्ली।** बाहरी जिले के मंगोलपुरी इलाके में शुक्रवार शाम एक नाबालिग छात्र की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। जांच में मृतक की पहचान अभिषेक (16) के रूप में हुई है। पुलिस ने उक्त मामले में हत्या का मुकदमा दर्ज कर सात नाबालिगों को हिरासत में लिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। बाहरी जिले के पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार को मंगोलपुरी टी ब्लॉक स्थित स्कूल में परीक्षा चल रही थी। परीक्षा देकर जैसे ही छात्र अभिषेक बाहर निकला। पहले से घात लगाए बैठे कुछ लड़कों ने उस पर हमला कर दिया। आरोपितों ने छात्र को लात-घूंसों से बुरी तरह पीटा। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। इधर मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल छात्र को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधिकारी के अनुसार मृतक छात्र का विवाद स्कूल के ही एक छात्र से हुआ था। इसी विवाद के चलते उस छात्र ने बाहर से कुछ लड़के बुलाकर वारदात को अंजाम दिलवाया। पुलिस उपायुक्त के अनुसार घटनास्थल पर मौजूद गवाहों के बयान और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने सात नाबालिगों को हिरासत में लिया है। प्रारंभिक जांच में पुरानी रंजिश की आशंका जताई जा रही है।

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने फुट-ओवर ब्रिज का किया शिलान्यास



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को दिल्ली कैंट स्थित राजपूताना राइफल्स रेजिमेंटल केंद्र के पास फुट-ओवर ब्रिज का शिलान्यास किया। इस मौके पर दिल्ली के लोकनिर्माण विभाग मंत्री प्रवेश साहिब सिंह और भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज समेत सैन्य अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पिछली सरकारों ने जवानों को होने वाली इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया। हमारी सरकार के पास जब जवान इस समस्या को लेकर आए तो हमने तुरंत इस पर ध्यान देते हुए आज इस फुट-ओवर ब्रिज का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि हमारे जवानों को सिर सिर्फ तिरंगे के आगे ही झुके, न की अव्यवस्था के कारण। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज फुट-ओवर ब्रिज का शिलान्यास करके जवानों को दीपावली का सरकार ने उपहार दिया है। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़े में शुरू हुई ऐसी पहलें न केवल स्वच्छ और सुरक्षित दिल्ली का निर्माण कर रही हैं, बल्कि संसाधनों से सम्पन्न, सुगम यातायात और नागरिक सुविधा से युक्त विकसित दिल्ली के सपने को भी साकार कर रही हैं। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि इस फुट-ओवर ब्रिज की मांग हमारे सैनिकों द्वारा पिछले 30 सालों से की जा रही थी। आज उनका यह सपना पूरा हुआ है। यह ब्रिज हमारे वीर जवानों के लिए बड़ी राहत लेकर आएगा। दिल्ली के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना और जनता की दशकों पुरानी समस्याओं का समाधान करना ही हमारा संकल्प है।

## मुख्यमंत्री ने ग्रेटर कैलाश में ऑटोमेटेड मल्टीलेवल शटल पार्किंग का किया उद्घाटन



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को ग्रेटर कैलाश एम-ब्लॉक मार्केट में दिल्ली नगर निगम द्वारा निर्मित अत्याधुनिक ऑटोमेटेड मल्टीलेवल शटल पार्किंग का उद्घाटन किया। शटल पार्किंग में एक रोबोटिक शटल वाहन को अंतिम स्थान पर ले जाकर जाता है। इस अवसर पर महापौर राजा इकबाल सिंह, दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, सांसद बांसुरी स्वराज, विधायक शिखा राय उपस्थित रहीं। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि यह पार्किंग सिस्टम ट्रैफिक जाम को कम करेगा और नागरिकों को सुरक्षित-व्यवस्थित पार्किंग की सुविधा प्रदान करेगा। इससे राजधानी की यातायात व्यवस्था अधिक सुचारू और सुविधाजनक बनेगी।

# एमबीपीजी कॉलेज छात्रसंघ चुनाव में जमकर हंगामा, पकड़ा गया फर्जी वोटर

हल्द्वानी। एमबीपीजी कॉलेज के छात्रसंघ चुनाव के दौरान शुक्रवार को माहौल गरमा गया। चुनावी जुलूस के दौरान एबीवीपी कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प हो गई। जानकारी के अनुसार, नैनीताल रोड पर जुलूस निकालते समय एबीवीपी और एनएसयूआई समर्थक आमने-सामने आ गए। इस दौरान धक्का-मुक्की और तीखी नोकझोंक हुई। हंगामे में एक पुलिसकर्मी को हल्की चोट भी आई। हालात बिगड़ते देख पुलिस ने तुरंत मोर्चा संभाला और दोनों पक्षों के समर्थकों को हटाकर मामले को शांत कराया। कॉलेज प्रशासन और पुलिस ने अपील की है कि छात्र चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराएं। कुमाऊं के सबसे बड़े हल्द्वानी एमबीपीजी कॉलेज में आज छात्रसंघ चुनाव में 13,978 मतदाता हैं। छात्रसंघ चुनाव में मतदान शुरू होते ही फर्जी वोटिंग का मामला सामने आया है। मतदान शुरू होते ही फर्जी वोटर पकड़ा गया।

# साइंस सिटी ने हरित उपभोक्ता दिवस मनाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कपूरथला। पंजाब में कपूरथला स्थित पुष्पा गुजराल साइंस सिटी ने हरित उपभोग को बढ़ावा देने और लोगों को स्थायी प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शनिवार को हरित उपभोक्ता दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों को चुनने, पैकेजिंग को कम करने और प्राकृतिक या पुनर्चक्रित सामग्रियों से बनी वस्तुओं को अपनाने के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस वर्ष की थीम, ''सतत जीवनशैली की ओर एक न्यायोचित परिवर्तन'', इस बात पर ज़ोर देती है कि स्थायी जीवन के लाभ सभी के लिए सुलभ हों, विशेष रूप से कमज़ोर और कम आय वाले उपभोक्ताओं की सुरक्षा पर। इस समारोह के एक भाग के रूप में, ''शून्य अपशिष्ट चुनौती'' नामक एक परियोजना मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 200 छात्रों ने भाग लिया। युवा नवप्रवर्तकों ने अपने स्कूलों में लागू शून्य-अपशिष्ट प्रथाओं को प्रदर्शित करते हुए रचनात्मक मॉडल और परियोजनाएँ प्रदर्शित कीं। साइंस सिटी के निदेशक डॉ. राजेश ग्रोवर ने इस बात पर ज़ोर दिया कि हमारे आज के कार्यों का भविष्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने आगाह किया कि प्रचलित फेंकने की संस्कृति और उपभोक्तावाद पर्यावरण को गंभीर रूप से नुकसान पहुँचा रहे हैं और जलवायु परिवर्तन को तेज़ कर रहे हैं। डॉ. ग्रोवर ने 'ले-बनाओ-उपयोग करो' की अर्थव्यवस्था से 'कम करो-पुनः उपयोग करो-रिसाइकल करो' की नीति अपनाने या एक चक्रीय अर्थव्यवस्था अपनाने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि 'हरित उपभोक्ता दिवस' समाज में पर्यावरण-अनुकूल आदतों को प्रेरित करने और छोटे उद्यमों से लेकर बड़े निगमों तक सभी क्षेत्रों में टिकाऊ विनिर्माण प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है ताकि देश का सतत विकास सुनिश्चित हो सके।

# लंबित बकाया की वसूली हेतु 'पंजाब वन टाइम सेटलमेंट स्कीम' को मंज़ूरीः चड्ढा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जालंधर। पंजाब ट्रेड विंग के जालंधर जिला प्रधान इंदरवंश सिंह चड्ढा ने शनिवार को बताया कि कैबिनेट ने पुराने मामलों का बोझ घटाने और उद्योगों एवं कारोबारों के लिए अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए लंबित बकाया की वसूली हेतु ''पंजाब वन टाइम सेटलमेंट स्कीम 2025 (ओटीएस)'' को मंज़ूरी दे दी है। यह योजना एक अक्टूबर 2025 से लागू होगी और 12 दिसंबर 2025 तक प्रभावी रहेगी। जिन करदाताओं के आकलन 30 सितंबर तक किए जा चुके हैं और जिनकी आकलन आदेश संबंधी सभी सुधार/संशोधन संबंधित विभाग द्वारा 30 सितंबर तक पास किए गए हैं (पंजाब जनरल सेल्स टैक्स एक्ट, 1948, सेंट्रल सेल्स टैक्स एक्ट, 1956, पंजाब इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंड रेगुलेशन एक्ट, 2002, पंजाब वैट एक्ट, 2005, पंजाब एंटरटेनमेंट ड्यूटी एक्ट, 1955 और पंजाब एंटरटेनमेंट टैक्स सिनेमैटोग्राफ शोज़ एक्ट, 1954 के अंतर्गत), वे इस स्कीम के तहत निपटारे के लिए आवेदन करने के पात्र होंगे। उन्होंने बताया कि इस ओटीएस स्कीम के तहत जिन मामलों में कर की राशि एक करोड़ रुपये तक है, उनमें ब्याज और जुर्माने पर शत-प्रतिशत माफी और टैक्स राशि पर 50 प्रतिशत छूट मिलेगी। एक करोड़ से 25 करोड़ रुपये तक के बकाया मामलों में ब्याज और जुर्माने पर शत- प्रतिशत माफी और टैक्स पर 25 प्रतिशत की छूट मिलेगी। 25 करोड़ रुपये से अधिक की टैक्स राशि पर ब्याज और जुर्माना पूरी तरह माफ होगा, साथ ही टैक्स रकम में 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। श्री चड्ढा ने शैलर मालिकों को भी खुशखबरी दी कि राज्य सरकार ने उनके लिए भी ओटीएस को मंजूरी दी है। हर मिल मालिक को मिलिंग का समय खत्म होने के बाद हर सरकारी खरीद एजेंसी के साथ अपने खातों का निपटान करना होता है, ताकि अगले साल कस्टम मिलिंग हेतु धान का आवंटन मिल सके। कई मिल मालिकों ने अपना बकाया जमा नहीं कराया था, जिस कारण उन्हें डिफॉल्टर घोषित कर उनके खिलाफ़ क़ानूनी कार्रवाई शुरू की गई थी, जो कई वर्षों से अदालतों/लीगल फोरमों में लंबित है।

# नटीन गांव ने देव डोली नृत्य के साथ मनाया विश्व पर्यटन दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उत्तरकाशी। पर्यटक स्थल दयारा बुग्याल के तलहटी में बसे नटीन गांव में विगत वर्षो की भांति इस बार भी विश्व पर्यटन दिवस मनाया गया। ग्रामीणों और पर्यटकों ने देव डोली नृत्य और पौराणिक रासों नृत्य किया है। इस आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देना और स्थानीय संस्कृति का प्रदर्शन करना है । दयारा विश्व पर्यटन समिति के अध्यक्ष राजकेन्द्र थनवाण ने बताया गया कि बीतें माह तीर्थाटन व पर्यटन के क्षेत्र में देश दुनिया प्रसिद्धि धराली गांव में आई त्रासदी जिसमें दो माह का समय होने वाले हैं और वहां लोगों के शव दबे पड़े हैं जिस घटना को हम इस कार्यक्रम के माध्यम से आपदा में लापता लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुऐ दो मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया है। इस कार्यक्रम को सुक्ष्म रूप में स्थानीय देव डोली व पारम्परिक रासों नृत्य के साथ मनाने का फैसला लेते हुए इस बार यह कार्यक्रम सूक्ष्म रूप में मनाया है। अगली बार हम इसे वृहद रुप में मनाने का प्रयास करेंगे। इस भी पूर्व की भांति इस क्षेत्र को पर्यटन के रुप में पहचान दिलाने वाले पूर्व ब्लाक प्रमुख स्व चन्दन सिंह राणा को याद करते हुए उनकी प्रतिमा के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई और देव डोली पुजन , रासो नृत्य एवं बुग्यालों से आये देव पुष्प पर समेश्वर देवता नृत्य आदि कार्यक्रम की सौभा रही । और अतिथियों को देव पुष्प आदि स्वागत भेंट के रुप में दिये गये । इस दौरान ग्राम प्रधान नटीन सोना देवी, ग्राम प्रधान रैथल बुद्धि लाल, ग्राम प्रधान बन्द्राणी अंतर रमोला, ग्राम प्रधान भटवाड़ी विवेक नौटियाल, ग्राम प्रधान द्वारी सज्जन सिंह नेगी,क्षेत्र पंचायत सदस्य मोहन कुशवाह, पूर्व ग्राम प्रधान कमला देवी,पूर्व ग्राम प्रधान नटीन महेन्द्र पोखरियाल, पूर्व ग्राम प्रधान क्यार्क विपिन राणा,पंच मालगुजार नटीन बचन सिंह रावत, मालगुजार रैथल किशन सिंह राणा, मालगुजार बन्द्राणी सुन्दर सिंह भण्डारी, मनवीर रावत, सहेन्द्र राणा सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहें।






चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063